फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 28 प्रभात जयपुर, सोमवार 29 अगस्त, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



Baby Teeth and Silver Hair

"Ghar se masjid hai bahut door, chalo youn kar len, Kisi rote huye bache ko hansaya jaye!"

Can Hepatitis C Drugs Fight PTSD

J'ADORE: Offbeat Ethnic Looks

Match, create, rearrange & transform oxidised jewellery for that look.



*वैलिंगटन के काका पैरट चूजों में लैड (सीसा) पाया गया है। शोध के दौरान एक तिहाई चूजों के रक्त तथा अंडे के छिलके में टॉक्सिक मैटल मिला। तथापि, लगता है कि इन चिड़ियों में लैड के प्रति सहिष्णुता उत्पन्न हो गई है। छोटे आकार के काका पैरट शोर मचाने वाले, चतुर, तोते होते हैं जिनके गहरे हरे पंख तथा पंखों के नीचे व छाती पर सुर्ख लाल धब्बे होते हैं। विशेष रुप से सुबह व शाम को ये बहुत शोर मचाते हैं। न्यूज़ीलैण्ड की राजधानी में काका तोतों की आबादी दस साल में 250 प्रतिशत तक बढ़ गई है, इसका श्रेय अरबन इको सैंक्चुअरी ज़ीलैंडिया को दिया जा सकता है। लेकिन शहरी पर्यावरण के खतरे भी हैं, जिनमें प्रमुख है, पेंट आदि में पाया जाने वाला लैड। मैसी युनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने 2015 से 2017 के बीच के दो सीज़न में ज़ीलैंडिया के काका तोतों के 139 चूजों के रक्त के नमूने लिए, रक्त में लैड की जांच करने के लिए। साईन्स ऑफ टोटल एनवायरमैंट जर्नल में प्रकाशित इस शोध के अनुसार एक तिहाई चूजों में लैड की मौजूदगी पाई गई और निष्कर्ष निकाला गया कि, या तो माता-पिता के जरिए भोजन द्वारा लैड चूजों में पहुँचा या फिर चूजों ने अण्डे के आवरण से इसे अवशोषित किया है। एक वन्य जीव चिकित्सक, अदिति श्रीराम, जो शोध की कॉरस्पाँण्डिंग लेखक हैं, ने कहा कि लैड इनके विकास में बाधक हो सकता है और एक तिहाई चूजों में लैड मिलना महत्वपूर्ण बात है। श्रीराम के पूर्व अध्ययनों में से एक में पाया गया था कि वयस्क काका तोतों में लैड एक्सपोज़र का बड़ा कारण है वैलिंगटन के घरों की छतों पर किया जाने वाला लैड पेंट। अब इन वयस्क तोतों से उनके बच्चों में भी यह टॉक्सिन जा रहा है। श्रीराम ने कहा, ''एग शैल पर लैड मिलना खासतौर पर चिंताजनक है। न्यूरो डवलपमैंट की महत्वपूर्ण अवधि में लैड से सम्पर्क के दूरगामी नतीजे हो सकते हैं, इसके कारण न्यूरोलॉजिकल विकृतियों के साथ-साथ देखने समझने की समस्या भी पैदा हो सकती है। इसके बावजूद भी चूजों की सरवाइवल रेट 100 प्रतिशत रही। श्रीराम ने कहा, हमने कई न्यूरोलॉजिकल एवं कुछ फिज़ियोलॉजिकल टैस्ट किए और हमें कोई असामान्यता नहीं मिली, यहां तक कि, दो चूजे, जिनमें हमारे विचार से लैड की मात्रा ज्यादा थी, वे भी जीवित रहे।'' इससे शोधकर्ताओं को यकीन हो गया कि इस प्रजाति में लैड के प्रति सहिष्णुता विकसित हो गई है।*

# 17 अक्टूबर को होगा कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव, मतगणना 19 को

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि, सोनिया गांधी की अध्यक्षता में हुई सी.डब्ल्यु.सी. की मीटिंग में यह फैसला लिया गया

नई दिल्ली, 28 अगस्त (वार्ता)। कांग्रेस ने अपने नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए रविवार को कहा कि जरूरत पड़ने पर 17 अक्टूबर को मतदान किया जाएगा।

कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में यहां हुई बैठक में लिए गए फैसले के बाद पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री, महासचिव संगठन के.सी. वेणुगोपाल तथा संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की।

मिस्त्री ने कहा की कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के लिए अधिसूचना 22 सितंबर को जारी होगी और 24 सितंबर से 30 सितंबर तक हर दिन 11 से तीन तक नामांकन किया जा सकता है। नामांकन भरने की अंतिम तारीख 30 सितंबर है। उम्मीदवारों के नाम के जांच का काम एक अक्टूबर को होगी और उसी दिन शाम तक उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी। उम्मीदवार आठ अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। योग्य उम्मीदवारों की अंतिम सूची आठ

- **कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की अधिसूचना 20 सितम्बर को जारी होगी। 24 सितम्बर से 30 सितम्बर तक कोई भी उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर सकता है।**
- **एक अक्टूबर को उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी जायेगी। सी.डब्ल्यु.सी. के करीब 9 हजार सदस्य वोटिंग करेंगे।**
- **17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा।**
- **8 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपना प्रचार कर सकेंगे।**
- **वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में हुई कार्यसमिति की बैठक में इन चुनाव कार्यक्रमों को मंजूरी दी गई। महंगाई पर हल्ला बोल रैली दिल्ली के रामलीला मैदान में चार सितंबर को होगी और सात सितंबर को कन्याकुमारी से कश्मीर के लिए भारत जोड़ो पदयात्रा शुरू होगी।**

अक्टूबर को पांच बजे जारी की जाएगी।

मिस्त्री ने बताया कि उम्मीदवार अपने पक्ष में चुनाव प्रचार आठ अक्टूबर शनिवार से रविवार 16 अक्टूबर तक कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव मैदान में यदि एक से ज्यादा उम्मीदवार होते हैं तो 17 अक्टूबर सोमवार को सुबह 10 से शाम चार तक मतदान होगा और 19 अक्टूबर को चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। जो व्यक्ति इस पद के लिए नामांकन करना चाहते हैं वह कांग्रेस मुख्यालय में नामांकन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए करीब 9000 से ज्यादा प्रतिनिधि वोटिंग करेंगे। यदि कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक ही उम्मीदवार होता है तो उस स्थिति में चुनाव परिणाम भी उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे।

वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में हुई कार्यसमिति की बैठक में इन चुनाव कार्यक्रमों को मंजूरी दी गई। उनका कहना था कि महंगाई पर हल्ला बोल रैली दिल्ली के रामलीला मैदान में चार सितंबर को होगी और सात सितंबर को कन्याकुमारी से कश्मीर के लिए भारत जोड़ो पदयात्रा शुरू होगी। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए कोई भी व्यक्ति नामांकन कर सकता है और चुनाव की प्रक्रिया 24 सितंबर से शुरू कर दी जाएगी।

यह पूछने पर कि कार्यसमिति में वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद के इस्तीफे को लेकर कोई चर्चा हुई, जयराम रमेश ने कहा कि सी.डब्ल्यू.सी. में सिर्फ कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव को लेकर चर्चा हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के लिए जो प्रस्ताव समिति के सामने रखा गया उसे ज्यों का त्यों पारित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस एकमात्र पार्टी है जहां इस तरह से अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुए हैं, हो रहे हैं और होते रहेंगे।

# बांग्लादेश बॉर्डर पर रेप के आरोप में बी.एस.एफ. के 2 जवान सस्पैंड

## बी.एस.एफ. के जवानों को गिरफ्तार करके बांग्लादेश के अधिकारियों को सौंपा गया

नई दिल्ली, 28 अगस्त। भारत से अवैध रूप से बांग्लादेश में घुसने की कोशिश कर रही महिला से बलात्कार के आरोप में बी.एस.एफ. के दो जवानों को गिरफ्तार किया गया है। बी.एस.एफ. के सीनियर अधिकारी ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक और कांस्टेबल को शुक्रवार देर रात गिरफ्तार करने के बाद कानूनी कार्रवाई के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों को निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है।

यह घटना 26 अगस्त की सुबह पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में बगदा सीमा चौकी के निकट हुई। बी.एस.एफ. कांस्टेबल ने भारत से

- **बी.एस.एफ. के जवानों पर आरोप है कि, उन्होंने भारत से बांग्लादेश में घुसपैठ की कोशिश कर रही एक महिला के साथ रेप किया।**
- **टी.एम.सी. ने बंगाली महिला से रेप के मामले में केन्द्रीय गृह मंत्रालय से माफी की मांग की है।**

बांग्लादेश में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे दलाल और एक महिला को पकड़ा था। कांस्टेबल महिला को पास के एक खेत में ले गया और उससे कथित तौर पर बलात्कार किया, जबकि सहायक उपनिरीक्षक ने उसे अपराध में कथित तौर पर मदद की। महिला की ओर से पुलिस में शिकायत कराने के बाद यह घटना सामने आई।

इस घटना के बाद से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच वाकयुद्ध शुरू हो गया है।

टी.एम.सी. ने ट्वीट किया, हमारा देश भाजपा के कुशासन के तहत महिलाओं के लिए असुरक्षित होता जा रहा है! श्रीमान अमित शाह (केन्द्रीय गृह मंत्री) आपकी निगरानी में बी.एस.एफ. अधिकारी और जवान ने एक महिला के साथ बलात्कार किया और आवाज उठाने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। वास्तव में आत्मनिर्भर भारत का एक चमकदार उदाहरण!

टी.एम.सी. के प्रवक्ता कुणाल घोष ने इस मामले पर केंद्रीय गृह मंत्रालय से माफी मांगने की अपील की है। घटना की निंदा करते हुए घोष ने कहा, जिन बी.एस.एफ. जवानों से अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर स्मगलिंग रोकने की उम्मीद की जाती है, वो बंगाली महिला का बलात्कार कर रहे हैं और उसके बच्चे को दूर फेंक रहे हैं। बी.एस.एफ. जवान बॉर्डर पर तैनात हैं। इसके बावजूद कैसे जानवरों की स्मगलिंग हो रही है। कोयले और मवेशियों को लेकर तृणमूल को बदनाम किया जा रहा है।

# भुज में प्र.मंत्री का रोड शो

भुज, 28 अगस्त (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गुजरात के भुज में रविवार को रोड शो के दौरान रास्ते के दोनों तरफ हजारों की संख्या में खड़े लोगों ने जोरदार स्वागत किया और राष्ट्रवादी नारे लगाए।

मोदी ने सोमवार को आगामी गुजरात चुनाव से पहले भुज में चुनाव प्रचार किया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी वीडियो में मोदी की एक

- **प्र.मंत्री मोदी ने सोमवार को आगामी गुजरात चुनाव से पहले भुज में चुनाव प्रचार किया।**

झलक पाने के लिए लोगों की उमड़ी भीड़ को देखा जा सकता है जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं ,बच्चे और युवा शामिल है।

इस दौरान आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर हर घर झंडा के मोदी के आव्हान का प्रभाव भी देखा गया। बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर अपने नेता का स्वागत किया और भारत माता की जय, मोदी जिन्दाबाद , हमारा नेता कैसा हो मोदी जैसा हो आदि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 6 सैकेंड में 32 मंजिला ट्विन टावर जमींदोज हुआ

## नॉएडा के ट्विन टावर को गिराने में 3700 किलो विस्फोटक का इस्तेमाल हुआ

नॉएडा, 28 अगस्त। नॉएडा का सुपरटेक ट्विन टावर को गिरता पूरे देश के लोगों ने देखा। अब यह इतिहास हो चुका है। 28 अगस्त को दोपहर ठीक 2.31 मीनट पर दोनों टावर को गिरा दिया गया। पहले बताया जा रहा था कि इस 32 मंजिला टावर को गिराने में 9 सेंकेंड का वक्त लगेगा लेकिन 100 मीटर ऊंचे टावर को गिरने में मात्र 6 सेंकेंड का वक्त लगा और पूरा सुपरटेक ट्विन टावर देखते ही देखते जमींदोज हो गया। विस्फोट पहले सियान, फिर एपेक्स में किया गया। ब्लास्ट के दौरान करीब 500 मीटर दूर स्थित फ्लाईओवर भी हिल गया। इस पर सारे अफसर और मीडियाकर्मी मौजूद थे, जो कंपन से सहम गए। दोनों टावर के सटी सोसाइटी की बाउंड्रीवाल गिर गई है। एक अन्य दीवार में 10 मीटर लंबी दरार आई है।

- **बिल्डिंग विस्फोट के बाद 87 हजार टन मलबा फैल गया।**
- **103 मीटर ऊंची इस गगनचुम्बी इमारत को ''वॉटरफॉल इम्प्लोजन'' तकनीक की मदद से गिराया गया।**

कुछ मलबा सोसाइटी के सामने सड़क पर आ गया है।

अवैध रूप से निर्मित इन ट्विन टावर को ध्वस्त करने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के साल भर बाद यह कार्रवाई की गई। दिल्ली के ऐतिहासिक कुतुब मीनार (73 मीटर) से भी ऊंचे गगनचुंबी ट्विन टावर को 'वाटरफॉल इम्प्लोजन' तकनीक की मदद से गिराया गया। नोएडा के सेक्टर 93ए में सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट हाउसिंग सोसाइटी के भीतर 2009 से 'एपेक्स' (32 मंजिल) और 'सियान' (29 मंजिल) टावर निर्माणाधीन थे। इमारतों को ध्वस्त करने के लिए 3,700 किलोग्राम से अधिक विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए फायर ब्रीगेड की गाड़ियां भी मौके पर मौजूद थी।

ट्विन टावर को गिराने का काम करने वाली कंपनी एडिफिस इंजीनियरिंग के एक अधिकारी ने बताया कि एमराल्ड कोर्ट सोसाइटी के आसपास मौजूद आवासीय इमारतों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हालांकि बाद में नोएडा प्राधिकरण की सी.ई.ओ. रितु माहेश्वरी ने बताया कि मलबे की चपेट में आने से पास की ए.टी.एस. सोसायटी की 10 मीटर की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है।

# चीन की लड़ाकू हवाई गश्ती

ताइपे, 28 अगस्त (वार्ता)। ताइवान ने कहा है कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (पी.एल.ए.एन.) के आठ जहाजों के साथ-साथ 23 विमानों को ताइवान के पास देखा गया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा,आठ पी.एल.ए.एन. जहाजों और 23 पी.एल.ए. (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) विमानों को हमारे आसपास के क्षेत्र में आज (28 अगस्त, 2022)

- **ताईवान ने कहा है कि, चीन के 8 जहाज और 23 लड़ाकू विमान ताईवान के क्षेत्र में मंडरा रहे हैं।**

शाम पांच बजे देखा गया। देश के सशस्त्र बलों ने स्थिति की निगरानी की है और सी.ए.पी. (लड़ाकू हवाई गश्ती) में विमानों, नौसैनिक जहाज और भूमि आधारित मिसाइल प्रणालियों के जरिए इन गतिविधियों का जवाब दिया है।

मंत्रालय के अनुसार 10 विमानों ने ताइवान जलडमरू मध्य की तथाकथित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका, अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया भी तेजस विमान खरीदने में रूचि दिखा रहे हैं

## भारतीय रक्षा मंत्रालय के अनुसार, करीब 14-15 देशों के साथ विमान खरीद की डील चर्चा में है

नई दिल्ली, 28 अगस्त। भारत में बने स्वदेशी फाइटर जेट तेजस की ग्लोबल डिमांड अचानक तेजी से बढ़ने लगी है। मेड इन इंडिया के आव्हान के बाद इस फाइटर जेट को देश और दुनिया की अत्याधुनिक जरूरतों के अनुसार अपग्रेड किया गया है। यही वजह है कि रक्षा के क्षेत्र में माहिर माने जाने वाले अमेरिका जैसे शक्तिशाली देशों ने भी भारत के इस फाइटर जेट को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार अब तक अमेरिका समेत आस्ट्रेलिया, मलेशिया, अर्जेंटीना, इजिप्ट, फिलीपींस और इंडोनेशिया जैसे देश तेजस फाइटर जेट को अपने रक्षा बेड़े में शामिल करने को आतुर हैं। आखिर इस तेजस फाइटर की ऐसी क्या खासियत है, जिसकी पूरी दुनिया दीवानी हो रही है। युद्ध क्षेत्र में तेजस दुश्मनों के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है, आइए इसके युद्ध कौशल को आपको हम समझाते हैं।

तेजस की खूबियां-1-यह बहुत हल्का सिर्फ 6500 किलो वजन वाला फाइटर जेट है। 2-यह सिंगल इंजन और मल्टीरोल फाइटर जेट है। 3-इस सुपरसोनिक फाइटर जेट को हिंदुस्तान एअरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बनाया है। 4-यह हाईरिस्क क्षेत्र में भी ऑपरेशन को अंजाम देने में माहिर है। 5-दुश्मनों के एअरक्राफ्ट और रडार को दूर से ही निशाना बना सकता है। 6-एक ही बार में 10 लक्ष्यों को भेद सकता है। 7-सिर्फ 460 मीटर के छोटे रनवे पर

- **अर्जेंटीना, ईजिप्ट, फिलीपिंस और इण्डोनेशिया जैसे देश भारत को तेजस फाइटर जेट खरीदने के लिए बड़ा ऑर्डर देने वाले हैं।**
- **तेजस भारतीय सेना में मिग-21 का मजबूत विकल्प है। उससे दोगुनी क्षमता में हथियार ले जा सकता है उसका वजन मात्र 65 टन है।**
- **मलेशिया ने 18 तेजस फाइटर जेट खरीदने में रूचि दिखाई है।**

टेकऑफ कर सकता है। 8-इसमें मॉडर्न टेक्नॉलोजी के साथ इजरायल की ई.एल./एम.-2052 रडार टेक्नॉलोजी का समावेश है। 9-50 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है। 10-एक घंटे में 2205 किलोमीटर की दूरी तय करता है। 11-लंबाई सिर्फ 13.20 मीटर व चौड़ाई 4.40 मीटर है। 12-यह टाइटेनियम, कार्बन फाइबर और एल्युमिनियम का बना होने के नाते बेहद मजबूत है। 13-इसमें सेल्फ प्रोटेक्शन जैमर लगा है, जो खुद को आसमान और जमीन से किए गए अटैक में बचाने में सक्षम है।

14-इसमें विशेष बियान्ड विजुअल मिसाइल टेक्नॉलोजी का इस्तेमाल हुआ है। इससे यह दुश्मन के ठिकानों की पहचान कर पलक झपकते उसे तबाह कर सकता है। 15-हवा में उड़ते समय ही 20 हजार फीट की ऊंचाई पर इसमें ईंधन भरा जा सकता है। 16-यह एअर टू एअर मिसाइल ब्रह्मोज और क्रूज को ले जाने में सक्षम है। 17-इसमें एक साथ छह तरह की मिसाइलें लोड की जा सकती हैं। 18-इसमें क्लस्टर बम, गाइडेड बम और लेजर गाइडेड बम भी लगाए जा सकते हैं। 19-इसकी रफ्तार राफेल से भी 300 किलोमीटर प्रतिघंटा अधिक है। 20-यह भारतीय सेना में मिग-21 का मजबूत विकल्प है। उससे दोगुनी क्षमता में हथियार ले जा सकता है। 21-हल्का होने की वजह से यह समुद्री पोतों पर आसानी से लैंड और टेकऑफ कर सकता है।

भारत में हल्के फाइटर जेट बनाने की दिशा में वर्ष 1983 से इसकी पहल शुरू हुई थी। इसे बनाने में करीब 18 वर्ष लगे। चार जनवरी 2001 को तेजस ने पहली उड़ान भरी थी। वर्ष 2003 में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने इसे तेजस नाम दिया था। तब से अब तक यह विमान बहुत अधिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इस्तीफा

श्रीनगर, 28 अगस्त (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस को एक और झटका लगा जब पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ताज मोहिउद्दीन ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर गुलाम नबी आजाद के साथ जाने की घोषणा कर दी।

मोहिउद्दीन ने श्रीनगर में रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस छोड़ने और आजाद के साथ जाने घोषणा की। उन्होंने मीडियाकर्मियों को कहा कि उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखकर

- **जम्मू कश्मीर कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा, पूर्व मंत्री व वरिष्ठ नेता ताज मोहिउद्दीन ने भी पार्टी से इस्तीफा दिया।**

पार्टी के सभी पदों और सदस्यता से इस्तीफा देने के बारे में बता दिया है।

उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (ए.आई.सी.सी.) में अब कुछ नहीं बचा है और आज मैं इसकी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हुं। मोहिउद्दीन जम्मू-कश्मीर के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

काम से शोक उत्पन्न होता है। –धम्मपद

# सोशल मीडिया हमारे समय की बहुत बड़ी ज़रूरत और नेमत है!

अनगिनत बार दुहराया गया और सत्य को अभिव्यक्त करता वाक्य है: **मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है।** वैसे इस वाक्य में से मनुष्य को निकाल भी दें तो कोई ज़्यादा फ़र्क़ नहीं पड़ने वाला क्योंकि प्राणी प्रकृत्या सामाजिक होता है। यह बात अलग है कि अन्य प्राणियों की तुलना में मनुष्य की सामाजिकता अधिक मुखर और बहु आयामी होती है। मनुष्य के पास अपने भावों की सूक्ष्मतम अभिव्यक्ति के लिए जो अत्यंत विकसित भाषा है, अन्य प्राणियों के पास वह उतनी विकसित अवस्था में नहीं है। इसलिए वे जहां बहुत स्थूल अभिव्यक्तियों से ही अपना काम चलाते हैं, मनुष्य न जाने कब से अर्जित और जतन पूर्वक परिमार्जित भाषा के माध्यम से अपने भावों की सूक्ष्मतम अभिव्यक्ति कर पाता है। यही सूक्ष्मतम अभिव्यक्ति उसकी सामाजिकता को अधिक सुदृढ़ और अर्थपूर्ण भी बनाती है।

मनुष्य सामाजिक होने के साथ–साथ विकास शील प्राणी भी है और मानवता का इतिहास इस बात का गवाह है कि उसने अपनी परिस्थितियों और जीवन स्थितियों को अनवरत बदला व बेहतर बनाया है। आदि मानव से आज के मानव तक की यात्रा उसके विकास की महागाथा है। आज हम जिन स्थितियों को बहुत सहज मानकर चलते हैं वे पचास साल पहले कल्पनातीत थीं। लेकिन इन सारे बदलावों के कारण हमें केवल सुख ही मिला हो, ऐसा नहीं है। इनकी वजह से हमारे समाने बहुत सारी चुनौतियां भी पैदा हुई हैं। अगर सामाजिकता के संदर्भ में ही इन चुनौतियों को देखें तो हम पाएंगे कि आज सामाजिकता का निर्वाह करना उतना आसान नहीं रह गया है जितना आसान वह चार पांच दशक पहले था। कल तक जो लोग एक छोटे–से गांव में अपनी ज़िंदगी बिता लेते थे आज उन्होंने पूरी दुनिया को एक गांव में तबदील कर अपना बना लिया है। भौतिक रूप से हम अपनों से बहुत दूर हो गए हैं। परिवहन के साधन बढ़े हैं तो उनसे भीड़ भी बढ़ी है। भौतिक समृद्धि आई है तो उसका दबाव हमारे समय पर भी पड़ा है और हम पाते हैं कि हमारे पास पहले की तुलना में बहुत कम मुक्त समय रह गया है। ऐसी अनेक बातें हैं।

इन सब बदलावों का सीधा परिणाम यह हुआ है कि आज हम उनसे, जो बहुत अपने हैं, मिलने को भी तरस गए हैं। हमारे पास इतनी फ़ुर्सत और सुविधा नहीं है कि जिनके साथ कुछ वक़्त गुज़ारना चाहते हैं उनके पास जाकर अपना मनचाहा कर सकें। यहां तक कि एक ही शहर में–और शहर अब खूब फैल भी गए हैं–किसी अपने के पास जाना भी कठिन होता जा रहा है। लेकिन मनुष्य की जीवट और उसकी नवोन्मेषकारी प्रतिभा को सलाम कि उसने इन सब समस्याओं का बहादुरी और सफलतापूर्वक सामना किया है। चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने की जुगत का एक महत्वपूर्ण घटक है सोशल मीडिया। अगर यह कहा जाए कि आज का समय सोशल मीडिया का समय है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। हमारे चारों तरफ जो लोग हैं वे, उनमें से ज़्यादातर सोशल मीडिया के किसी न किसी रूप का उपयोग करते हुए देखे जा सकते हैं, और यह उपयोग बढ़ता ही जा रहा है। सोशल मीडिया के नित नए रूप हमारे सामने आ रहे हैं और हम बड़े उत्साह से उनको लपकते नज़र आते हैं।

मेरा ऐसा मानना है कि यह सोशल मीडिया हमारे बदले परिवेश की ज़रूरतों की देन है। अगर हम आमने–सामने किसी से नहीं मिल सकते तो कोई बात नहीं। तकनीक के रथ पर सवार होकर तो उस तक जा सकते हैं या उसे अपने पास बुला सकते हैं। ऐसा करना समय की बहुत बड़ी मांग है। बहुत लोग हैं जो इस सोशल मीडिया को निरर्थक मानते हैं। उनका तर्क यह होता है कि भले ही आप सोशल मीडिया पर हज़ारों अपनों की भीड़ इकट्ठी कर लें, जब आप पर कोई विपदा आन पड़ेगी तो इन हज़ारों में से कोई एक भी आपकी मदद के लिए आगे नहीं आएगा। एक हद तक तो यह बात सही है भी। लेकिन क्या इससे सोशल मीडिया की उपादेयता खारिज हो जाती है? कम से कम मैं तो इस बात को मानने को तैयार नहीं हूं। और मेरे पास अपने तर्क हैं।

मेरा मानना है कि अपनी सारी सीमाओं के बावजूद सोशल मीडिया निरर्थक नहीं है। एक उदाहरण यही देखें कि लोग अपने निजी जीवन के सुख दुख की सूचना इस सोशल मीडिया पर देते हैं और हम हर पल यह देखते हैं कि कि पलक झपकते ही अनगिनत लोग उनके सुख या दुख में शामिल हो जाते हैं। उनमें से अनेक ऐसे होते हैं जिनसे न कभी वे मिले हैं और न ही शायद कभी मिलेंगे। लेकिन वे भी उनके सुख दुख के भागीदार बनते हैं। यह मामूली और उपेक्षणीय बात नहीं है। पहले ऐसा कब होता था कि हमारे जन्म दिन या विवाह की वर्षगांठ पर इतने सारे लोग बधाइयां देते थे? इसी तरह जैसे ही आप सोशल मीडिया पर अपनी कोई समस्या पोस्ट करते हैं बहुत सारे लोग आपके लिए समाधान लेकर हाज़िर हो जाते हैं। उनमें वे लोग भी होते हैं जिनका व्यक्तिशः आपसे कोई परिचय नहीं होता, फिर भी वे आगे बढ़कर आपकी मदद करते हैं। अगर किसी को किसी नए शहर में भी कोई दिक्कत होती है, किसी को किसी ख़ास और दुर्लभ ब्लड ग्रुप के रक्त की ज़रूरत होती है, अनजाने लोग भी मदद को आगे आ जाते हैं। अंततः यह बीते समय का समकालीन रूपांतरण ही तो है।

**सोशल मीडिया पर हमें वैचारिक टकराव से परहेज़ बरतना चाहिए। बेशक विचार-विमर्श वहां हो, लेकिन उसे शालीनता की परिधि में सीमित रखा जाना चाहिए। अगर कोई शालीनता की सीमा रेखा का उल्लंघन करे तो बजाय उसको उसी की भाषा में जवाब देने के उस विवाद से अलग हो जाना चाहिए। हमने अपनी बात कह दी, इतना पर्याप्त होना चाहिए।**

इधर सोशल मीडिया एक और भूमिका बहुत अच्छी तरह से निबाह रहा है। वह समाचार प्रेषण के त्वरित माध्यम के रूप में सामने आ रहा है। बहुत सारी ख़बरें जन संचार माध्यमों में जगह नहीं पाती हैं। वे सोशल मीडिया के माध्यम से सम्बद्ध लोगों तक पहुंच जाती हैं। हम रोज़ ही देखते हैं कि कला संस्कृति आदि की दुनिया के लोगों के बारे में ख़बरों को मुख्य धारा के मीडिया में प्रायः जगह नहीं मिलती है। वे ख़बरें इस मीडिया के माध्यम से हम तक तुरंत पहुंच पाती हैं। इतना ही नहीं, जैसे–जैसे सरकारें अपने विरोध वाली या उन ख़बरों को जो उनके अनुकूल न हों, विभिन्न तरीकों से सामने आने में रोकने में अधिकाधिक सक्रिय होने लगी हैं, सोशल मीडिया एक वैकल्पिक मीडिया के रूप में उभर कर उन ख़बरों को भी सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निबाह रहा है। इस तरह सोशल मीडिया जनतंत्र को पुष्ट करने में भी अपना योग दे रहा है। सौभाग्य से अब तक सरकारों इस मीडिया पर अपना शिकंजा कसने में कामयाब नहीं हुई हैं।

यह सही है कि इन माध्यमों का दुरुपयोग भी कम नहीं हो रहा है। यह भी कि इन माध्यमों की अपनी अंतर्निहित सीमाएं भी हैं। इन दोनों बातों से मिलकर जो परिदृश्य बनता है वह कुछ चिंताएं भी उत्पन्न करता है। एक तो यह कि हममें से बहुतों को इन माध्यमों को बरतने का शऊर नहीं है। हममें से बहुत सारे लोग संकीर्णता और आत्म मुग्धता के मारे हैं। हमें अपने सिवा कुछ और दिखाई ही नहीं देता है। लोग अपनी बातों, जिनमें बहुत सारे बेहद निजी होती हैं, में आपको टैग कर करके आपका जीना हराम करते रहते हैं। इनके अलावा, यह क्योंकि त्वरित माध्यम है, इसमें आपको अपनी बात बहुत सोच समझकर कहनी चाहिए, लेकिन बहुत सारे लोग ऐसा नहीं करते हैं और वे बदमज़गी पैदा कर देते हैं। शालीनता से अपनी बात कहने को लोग कमज़ोरी समझ लेते हैं और उठा आक्रामक तथा अभद्र तरीके से बात कहने वालों को उनके चाहने वाले बेबाक, बेख़ौफ जैसे विशेषणों से नवाज़ कर चने के झाड़ पर चढ़ा देते हैं और वे इसी को अपनी विशेषता मान और अधिक अशालीन अभिव्यक्तियां करने लगते हैं।

इधर जो सबसे बड़ी बात हुई है वह यह कि हमारे समाज में सहिष्णुता बहुत कमज़ोर हुई है। अपने से भिन्न सोच को ससम्मान स्वीकार करने और उसे उचित मान देने का हमारा स्वभाव अतीत होता जा रहा है। मेरा सोच, मेरी विचारधारा, मेरी पसंद, मेरी पार्टी, मेरा नेता – बस ये ही ठीक और सही हैं, बाकी सब ग़लत और अवांछित हैं। उन्हें तो बने रहने का ही कोई हक़ नहीं है, यह सोच बहुत तेज़ी से फैलता जा रहा है। भारतीय समाज पहले कभी इतना असहिष्णु नहीं था। मुण्डे मुण्डे मतिर्भिन्ना वाले समाज में हर विचार का सम्मान था। अब बहुत तेज़ी से हम विविधता को छोड़ एकरूपता के पक्षधर बनते जा रहे हैं। समाज में यह प्रवृत्ति भले ही उतनी नज़र न आए, सोशल मीडिया पर यह अपने बहुत कर्कश और अभद्र रूप में नज़र आती है। इस प्रवृत्ति को विभिन्न राजनीतिक दलों के आईटी सेल्स और उनकी वेतनभोगी सेनाओं ने खूब हवा दी है। ये लोग एक और ग़लत हरकत करते हैं और वह यह कि अपने मत को लेकर हर कहीं घुस और पिल पड़ते हैं। इन्हें यह कौन समझाए कि सोशल मीडिया का मतलब यह नहीं है कि आप कहीं भी घुस जाएं और पिल पड़ें। उसकी भी अपनी मर्यादा है। यह बहुत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है।

मेरा यह विचार है कि सोशल मीडिया पर हमें वैचारिक टकराव से परहेज़ बरतना चाहिए। बेशक विचार–विमर्श वहां हो, लेकिन उसे शालीनता की परिधि में सीमित रखा जाना चाहिए। अगर कोई शालीनता की सीमा रेखा का उल्लंघन करे तो बजाय उसको उसी की भाषा में जवाब देने के उस विवाद से अलग हो जाना चाहिए। हमने अपनी बात कह दी, इतना पर्याप्त होना चाहिए। यह आग्रह और अपेक्षा कभी नहीं की जानी चाहिए कि हमने जो कहा है उसी को अंतिम सत्य के रूप में स्वीकार किया जाएगा। यह सोचना चाहिए कि क्या पता हम ही ग़लत हों, और सामने वाला सही हो। अगर हम इतनी उदारता बरत सकें तो ही हमें सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना चाहिए। उसे युद्ध का मैदान बनाना न हमारे हित में है और न समाज के हित में।

मेरा तो स्पष्ट मत है कि अपनी सारी सीमाओं और हममें से अनेक द्वारा किए जा रहे उसके दुरुपयोग के बावज़ूद सोशल मीडिया हमारे समय की बहुत बड़ी ज़रूरत और नेमत है।


**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# साम्प्रदायिक सद्भावना का तीर्थ है मसूरिया बाबा मन्दिर

राजस्थान की वीर धरा पर स्थित बाबा रामदेव पीर का मन्दिर साम्प्रदायिक सद्भाव के लिए देश विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। बाबा रामदेव पीर का मन्दिर जैसलमेर जिले के रामदेवरा में स्थित है। बाबा रामदेव के गुरु बालीनाथ नाम के महात्मा थे। उनका मन्दिर जोधपुर के मसूरिया पहाड़ी पर स्थित है।

बाबा रामदेव के गुरु बाबा बालीनाथ का यज्ञ प्राचीन मन्दिर आज जोधपुर ही नहीं वरन् पूरे देश में खूब जाना पहचाना जाता है। जोधपुर रेलवे स्टेशन से कोई चार किलोमीटर दूर पश्चिम दिशा में, मसूरिया पहाड़ी पर स्थित यह मन्दिर 'मसुरिया बाबा' के नाम से प्रख्यात है। यहां वर्ष भर दर्शनार्थियों की रेलमपेल रहती है। भादो मास की चाँदनी दूज को यहां विशाल मेला लगता है। देश भर से लाखों श्रद्धालु यहां माथा टेकने आते हैं। यह मन्दिर साम्प्रदायिक सद्भावना की अपने आप में एक मिशाल है।

बाबा बालीनाथ का प्रारम्भिक जीवन जैसलमेर जिले के पोकरण गांव में ही बीता। वे पोकरण राजघराने के गुरु थे। बाबा बालीनाथ का धुणा पोकरण में ही था। वे वहीं तप करते थे। एक समय पोकरण व आस–पास के क्षेत्रों में भैरव नामक नरभक्षी राक्षस का आतंक छाया




मिश्रीलाल पंवार

हुआ था। यह नरभक्षी मनुष्य के खून का प्यासा रहता। भैरव के भय से आसपास के कई गांवो के निवासी अपना घरबार छोड़कर अन्यत्र चले गए। मगर बाबा बालीनाथ ने भैरव से डर कर अपना स्थान नहीं छोड़ा।

तब एक दिन बालक रामदेव खेलते हुए बालीनाथ के धुणे जा पहुंचे। वहां उन्होंने नरभक्षी भैरव का वध कर उसके आंतक में लोगों को मुक्ति दिलाई।

कुछ समय बाद पोकरण के ठाकुर अजमल ने अपनी पुत्री लाच्छां बाई की शादी की तो पोकरण की जागीर दहेज में दे दी। इस पर बालीनाथजी रुष्ठ हो गए। वे पोकरण से निकल पड़े। घूमते –घूमते वे जोधपुर की तरफ आ गाए। जब वे मसूरिया क्षेत्र में पहुंचे तो वहां का प्राकृतिक वातावरण देख अभिभूत हो गए। वहां पहाड़ी में बहुत बड़ी गुफा भी थी। गुफा के पास ही सुन्दर जलाशय भी था। आस –पास घना वन क्षेत्र था। कोलाहल से दूर शान्त जगह देख कर उन्होंने यहीं पर अपना ठिकाना बना लिया। उस समय जोधपुर की स्थापना हुए अधिक समय नहीं हुआ था। शहर की आबादी किले के आस–पास तक ही सिमित थी। मसूरिया क्षेत्र में भयंकर वन था। मसूरिया पहाड़ी बिल्कुल एकान्त में थी। बाबा बालीनाथ निर्विघ्न रूप से यहां तप करते थे। शहरी लोग यदा–कदा अपने दु:ख–दर्द लेकर उनके पास आते रहते। बाबा धैर्यपूर्वक सबकी बात सुनते। बाद में अपने धूणे से चुटकी भर भभूत लेकर उसे दे देते। धीरे–धीरे लोगों की वहां भीड़ बढ़ने लगी। आने वाले श्रद्धालुओं के जीवन में चमत्कार–सा होने लगा। जो भी मन में मुराद लेकर आता, उसकी मनोकामना पूर्ण होती। तपस्या के साथ–साथ लोक सेवा करते बाबा वालीनाथ एक दिन चिरनिद्रा में सो गए। कुछ किवदन्तियों के अनुसार उन्होंने मसूरिया पहाड़ी पर जीवित समाधि ली थी। बाबा की समाधि के बाद भक्तजनों का यहां आना अनवरत जारी रहा, जो आज दिन तक जारी है।



आज कल तो हालत यह है कि यहां वर्ष भर भक्तों की भीड़ लगी रहती है। भादो मास में भरने वाले मेले में तो दर्शनार्थियों को घण्टों पक्तियों में खड़ा रहने के बाद मन्दिर दर्शन सुलभ ही पाते हैं। कहते हैं रामदेव के मन्दिर रूणेचा जाने वाले श्रद्धालुओं को पहले मसूरिया बाबा के मन्दिर पर धोंक देना आवश्यक है। भक्तों की यात्रा तभी सफल मानी जाती है, जब रामदेवरा जाने वाला पहले मसुरिया बाबा के यहां माथा टेक कर अपनी हाजरी दर्ज करा ले।

मसूरिया बाबा के मन्दिर में भी सभी धर्मों के लोग दर्शनार्थ आते हैं। मन्दिर की भव्यता देखते बनती है। जोधपुरी छितर पत्थर से निर्मित इस मन्दिर का पृष्ठ भाग देखते बनता है। मन्दिर से देखने पर जोधपुर शहर का विहंगम दृश्य नजर आता है। इस मन्दिर की व्यवस्था पीपा क्षत्रिय समाज द्वारा संचालित एक ट्रस्ट करता है।

मन्दिर पहाड़ी की तलहटी में एक चमत्कारिक जलाशय है। बाबा के भक्तों में यह परचा नाडी के नाम के नाम से प्रसिद्ध है। यह परचा नाडी भी जातरूओं के लिए श्रद्धा का केन्द्र है। भादौ माह में भरने वाले मेले में आने वाले जातरू यहां स्नान कर अपने को धन्य मानते हैं। भक्तों का मानना है कि यहां स्नान करने वाले की मनोकामनाएं पूरी होती हैं । लोगों का यह भी मान्यता है कि इस परचा नाड़ी में स्नान करने से बुरी आत्माओं से मुक्ति मिलती है।

**मिश्रीलाल पंवार,**
**वरिष्ठ लेखक एव पत्रकार**

# लक्ष्यराज ने अमेरिका में जीता गोल्फ खिताब



गोल्फ खिलाड़ी लक्ष्यराज पूनिया।

**सादुलपुर,** (निसं)। गुलाबी नगरी के लक्ष्यराज पूनिया ने अमरिका के फीनिक्स सिटी स्थित एल्जोना स्टेट यूनिवर्सिटी गोल्फ प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए, 64 आठ अंडर के स्कोर के साथ खिताब जीता।

फ्रेडिक्स टी वुड गोल्फ कोर्स पर लक्ष्य ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 9 बर्डी के साथ बैक 9 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 6 बर्डी मारी, जिसमें होल 12 व 13 तथा 15,16,17 पर बैक टू बैक रही। गौरतलब है कि राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद की अध्यक्ष, ओलंपियन व

**■ खेल परिषद् की अध्यक्ष डॉ. कृष्णा पूनिया के सुपुत्र हैं लक्ष्यराज**

अर्जुन अवॉर्ड विजेता डॉ. कृष्णा पूनिया और राज्य क्रीडा परिषद के मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया के सुपुत्र लक्ष्यराज फाइनेंस बिजनेस के तृतीय वर्ष के छात्र और राजस्थान के उभरते गोल्फर हैं। तथा इन्होंने हाल ही में रामबाग गोल्फ क्लब जयपुर में किसान गोल्फ कप भी जीता था।

# मिट्टी की बनी 500 गणेश प्रतिमाएं निशुल्क वितरित

**कोटा,** (निसं)। पगमार्क फाउंडेशन ने अनंत चतुर्दशी के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अनोखी पहल करते हुए मिट्टी की बनी 500 गणेश प्रतिमाएं निशुल्क वितरित करने का निर्णय किया है जिनसे गणेश चतुर्दशी के दिन विसर्जन के बाद पौधे प्रस्फुटित होंगे। पगमार्क फाउंडेशन का कहना है भगवान को रूप बदलते हुए किसी ने

**■ 'पगमार्क फाउंडेशन गणेश जी की इको फ्रेंडली प्रतिमाएं तैयार कर रहा है'**

नहीं देखा, सिर्फ किस्से, कहानियों और कथाओं में ही सुना होगा लेकिन इस साल गणेश महोत्सव के दौरान ऐसा होने जा रहा है। गणेश चतुर्थी पर स्थापित होने वाले गणपति 10 दिन के महोत्सव के बाद रूप बदलेंगे और पौधे का रूप धारण कर प्रदूषण रूपी राक्षस को परास्त करने का संदेश देंगे।

पगमार्क फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष देवव्रत सिंह हाड़ा ने बताया कि इस खास मौके पर पगमार्क फाउंडेशन इको फ्रेंडली प्रतिमाएं तैयार कर रहा है। इन प्रतिमाओं को लोगों को वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। पगमार्क फाउंडेशन के संयोजक निमिष गौतम ने बताया कि यह प्रतिमाएं मिट्टी से तैयार की गई हैं, यह 10 इंच के करीब ऊंची होंगी, इनको मिट्टी के साथ विभिन्न प्रकार के फल व सब्जियों के बीजों से तैयार



पगमार्क फाउंडेशन के कार्यकर्ता मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाने में जुटे।

किया गया है। गणपति के नैन नक्शों को इन्ही रंग–बिरंगे बीजों से सजाया भी गया है। देवव्रत हाड़ा ने बताया कि लोग आमतौर पर जलाशयों में प्रतिमाओं को विसर्जित करते है, लेकिन इनको गमलों में विसर्जित किया जाएगा। जल अर्पित करने से बीज धीरे–धीरे अंकुरित होंगे और पौधे का रूप धारण कर लेंगे। फाउंडेशन के सनी मलिक ने बताया कि पीओपी की मूर्तियों का बहिष्कार जरूरी है। हर साल सैकड़ों प्रतिमाएं विसर्जित की जाती है, इससे पानी प्रदूषित होता है। प्रतिमाओं में इस्तेमाल किए जा रहे रसायनिक रंगों से जल जीवों पर खतरा मंडराता है। इसी को देखते हुए छोटी सी इको फ्रेंडली गणपति प्रतिमाएं बनाई गई है। प्रतिमाओं में छायादार वृक्ष के बीज लगाए गय है ताकि विसर्जन के बाद भी गणेश महोत्सव यादगार हो जाए। फाउंडेशन के यतेन्द्र सिंह नागदा ने बताया कि प्रतिमाओं में मिट्टी, गोंद, गैरू, चुना, रूई का इस्तमाल किया गया है।

# 'गणेश मेले में भंडारा संचालन के लिए अनुमति जरुरी'

**सवाई माधोपुर,** (निसं) । जिले के रणथंभौर दुर्ग में 30 अगस्त से 1 सितंबर तक भरने वाले गणेश मेले में यहां लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारा लगाने वाले संचालकों की बैठक जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सवाई माधोपुर विधायक दानिश अबरार ने कहा कि गणेश मेले में भंडारा संचालित करने वाले साफ –सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि भंडारा संचालन करने वाले सभी लोग नगर परिषद से अनुमति लेने के बाद ही भंडारा लगाएं ।

जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बार–बार प्रचारित करने के बाद भी गणेश मेले में भंडार लगाने वालों के लिए 50 प्रतिशत लोगों ने ही अनुमति लेने के लिए आवेदन किया है। भंडारा



भंडारा संचालकों की कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में विधायक दानिश अबरार ने भाग लिया।

संचालन के लिए सभी को अनुमति लेना आवश्यक है। यदि कोई व्यक्ति नियमों की अवहेलना करता हुआ पाया जाएगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

जिला पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार विश्नोई ने कहा कि भंडारों में श्रद्धालुओं के बीच आने वाले असामाजिक तत्वों का भी हमें ध्यान रखना होगा।

नगर परिषद आयुक्त नवीन भारद्वाज ने कहा कि भंडारा संचालन में 5 सफाई कर्मी वर्दी में और तीन ड्रम का होना आवश्यक है। रोचक बात यह रही कि गणेश मेले में भंडारा लगाने के लिए स्वयं विधायक दानिश अबरार, पूर्व संसदीय सचिव जितेंद्र गोठवाल, सभापति विमल चंद महावर एवं पूर्व उपसभापति राजेश गोयल ने

**■ विधायक दानिश अबरार, पूर्व संसदीय सचिव जितेंद्र गोठवाल, सभापति विमल चंद महावर एवं पूर्व उपसभापति राजेश गोयल ने भी भंडारा संचालन के लिए प्रशासन से स्वीकृति ली**

भी भंडारा संचालन के लिए नियमानुसार प्रशासन से स्वीकृति लेकर आमजन के लिए एक अच्छा उदाहरण पेश किया है। यह उन भंडार संचालकों के लिए प्रेरणा लेने की बात है, जो बिना अनुमति भंडारा संचालन के लिए प्रयास कर रहे हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 29 अगस्त, 2022**

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीय तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2079, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 11:04 तक, साध्य योग रात्रि 1:03 तक, कौलव करण दिन 3:11 तक, चन्द्रमा कन्या राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थितिः सूर्य–सिंह, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–वृष, बुध–कन्या, गुरू–मीन, शुक्र–कर्क, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

रवियोग रात्रि 11:04 से आरम्भ होगा। आज तेलाधर तपस्या (जैन) मेला रूणीचा रामदेव 9 दिन का आरम्भ होगा। आज से सकट मु.मास आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:43 तक, शुभ 9:18 से 10:33 तक, चर 2:03 से 3:17 तक, लाभ–अमृत 3:37 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:08, सूर्यास्त 6:47

### मेष
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा और व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### वृष
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य के संबंध में योजना बनेगी। आवश्यक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मिथुन
घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। धन खर्च पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

### कर्क
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले सुसंदेश प्राप्त हो सकते हैं। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### सिंह
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। धन हानि का भय है। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी।

### कन्या
आर्थिक/वित्तीय मामलों में प्रगति होगी। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### तुला
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### वृश्चिक
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। घर–परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### मकर
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। नवीन व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### कुंभ
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### मीन
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# क्या युवाओं की ओर से दिए गए संकेत विधानसभा चुनाव का आईना साबित होंगे?

## क्योंकि राजस्थान की कांग्रेस सरकार युवाओं के मूल मुद्दों पर आंखें मूंदे रही है?

- ऐसे में युवाओं में सुलग रही बगावत की चिंगारी एनएसयूआई के लिए भारी पड़ी, जो बड़े खतरे का संकेत है
- बेरोजगारी भत्ते में बेरियर, प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधलियां, ओबीसी आरक्षण पर उदासीनता, एमबीसी भर्तियों की समस्या दूर नहीं कर पाई सरकार
- आनन-फानन में बनाए गए अग्रिम संगठनों के अध्यक्षों की नेतृत्व क्षमता पर भी बड़ा सवाल खड़ा हुआ है

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान के छात्रसंघ चुनाव में कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई की करारी हार और पूरे प्रदेश में सूपड़ा साफ होने के पीछे कहा जा रहा है कि टिकट वितरण सही नहीं होना और बड़ी संख्या में बागियों का मैदान में आना हार का कारण रहा है। दूसरी ओर युवाओं में आखिरकार कांग्रेस के छात्र संगठन को नकारने के पीछे सबसे बड़ा कारण क्या रहा, इस बात पर जब चर्चा की गई तो निकल कर आया कि युवाओं से जुड़े कुछ मूल मुद्दे ऐसे थे, जिन पर सरकार ने आंखें मूंद ली और इसका असर धीरे-धीरे युवाओं पर यह गया कि सरकार उनकी सुनवाई नहीं करना चाहती। यही कारण रहा कि छात्र संघ चुनाव में लगभग पूरे राजस्थान और हर क्षेत्र में एनएसयूआई के लिए परिणाम नकारात्मक रहे।

छात्रसंघ चुनाव परिणामों के विश्लेषण में एक बात बहुत स्पष्ट निकल कर आई। वह यह रही कि राजस्थान में सरकार की ओर से बेरोजगारी भत्ते में बेरियर लगाना, प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार धांधली होना, ओबीसी आरक्षण पर सरकार की उदासीनता, एमबीसी की प्रक्रियाधीन भर्तियों में नियुक्ति सही समय पर नहीं होना, जैसे कुछ ऐसे मुद्दे थे, जो साइलेंटली युवाओं के अंदर घर कर गए थे। ऐसा नहीं है कि इन मुद्दों से सरकार अनभिज्ञ थी। राजस्थान में अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार बेरोजगारों के आंदोलन हो रहे थे। ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस के विधायक ही सड़कों पर उतरे हुए थे। एमबीसी की भर्तियों को लेकर लगातार एमबीसी की जातियों के नेता आवाज उठा रहे थे, लेकिन सरकार की ओर से ना तो संतुष्टिपूर्वक जवाब दिए गए, ना समस्याओं को हल किया गया। ऐसे में लगातार यह मूल मुद्दे छात्रों में असर करते गए।

इसके अलावा कांग्रेस में संगठन स्तर पर प्रदेश कांग्रेस से लेकर तमाम अग्रिम संगठनों की स्थिति बेहद कमजोर थी। सरकार में इनकी सुनवाई नहीं के बराबर हो रही थी। 2020 में जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और तत्कालीन उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के ग्रुपों के बीच तनातनी हुई और लंबे समय तक बाड़ाबंदी हुई। उसके बाद आनन-फानन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से लेकर अग्रिम संगठनों के तीन अध्यक्ष बदल दिए गए। इनमें से ना तो सेवादल के अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत कहीं असरकारक नजर आए। ना यूथ कांग्रेस के गणेश घोघरा का असर दिखा। एनएसयूआई के अध्यक्ष अभिषेक चौधरी भी लगातार विवादों में घिरे रहे। ऐसे में अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष ना तो संगठन स्तर पर मजबूत हो पाए, ना कहीं इनका असर नजर आया। हालांकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अलग-अलग मंचों पर इन अध्यक्षों की बड़ाई जरूर करते रहे। अब जब एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में एनएसयूआई ने पहली बार छात्र संघ चुनाव में आज तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन किया है, वह सबके सामने है। इसी से समझा जा सकता है कि अभिषेक चौधरी संगठन स्तर पर बेहद कमजोर नेतृत्वकर्ता साबित हुए यह। यह स्थिति तो तब है जब हर मौके पर युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में खेल मंत्री अशोक चांदना उनकी मदद करते रहे हैं। दूसरी ओर संगठन स्तर पर लगातार काम करने वाले एनएसयूआई के सक्रिय छात्र नेता अभिषेक चौधरी को कभी स्वीकार ही नहीं कर पाए और उन्हें हमेशा एक थोपा हुआ अध्यक्ष ही माना।

अब इस करारी हार के बाद कांग्रेस में ही बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जिस छात्र संगठन के जरिए कांग्रेस में नेता तैयार किए जाते हैं, वह संगठन जर्जर हो तो क्या आगे चलकर कांग्रेस उससे उम्मीद कर सकती है। यहां चर्चा इस बात की भी है कि क्या युवाओं में कांग्रेस के छात्र संगठन के प्रति नकारात्मक रवैया देखने के बाद कांग्रेस की सरकार उन मूल मुद्दों पर फोकस करेगी, जो कि राजस्थान के युवाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण बने हुए हैं। हालांकि अब चुनावी वर्ष में इन मुद्दों को लेकर सरकार कोई फैसला लेगी, तब भी माना यही जाएगा कि यह सिर्फ चुनावी रेवड़ी है क्योंकि अंतिम वर्ष में लिए गए फैसले कभी धरातल पर नहीं उतर पाते हैं। ऐसे में राजस्थान के छात्रसंघ चुनाव के इन परिणामों ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार के लिए बड़े खतरे के संकेत दे दिए हैं। अब देखना यह है कि इन बड़े खतरों से क्या कांग्रेस निपट पाएगी या युवाओं में की ओर से दिए गए संकेत विधानसभा चुनाव का आईना साबित होंगे।






# ग्यारह प्रतिभाओं को मिला समाज रत्न सम्मान



राजस्थान ज़न मंच पक्षी चिकित्सालय की ओर से राजस्थान चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन में राज्य स्तरीय समाज रत्न सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज सेवा और अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य करने के लिए 11 प्रतिभाओं को समाज रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया।

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान ज़न मंच पक्षी चिकित्सालय की ओर से राजस्थान चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन में राज्य स्तरीय समाज रत्न सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज सेवा और अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य करने के लिए 11 प्रतिभाओं को समाज रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया। संस्था महासचिव कमल लोचन एवं अध्यक्ष भगवान गट्टानी के अनुसार इस 23वें सम्मान समारोह में चिकित्सा के लिए डॉ. अमित कुमार सिंघल तथा डॉ राकेश केड़ावत ,समाज सेवा के लिए चंद्र प्रकाश राणा, वंशावली लेखन के लिए चेतन स्वरूप गोस्वामी ,कला के क्षेत्र में छवी शर्मा, शिक्षा के क्षेत्र में जगतार सिंह ,समाज सेवा के लिए लालचंद आर्य ,गौ सेवा के लिए श्याम लाल चौबीसा, साहित्य के क्षेत्र में शिवराज कुर्मी, कैंसर उन्मूलन के लिए सुभाष मोटवानी ,वैदिक प्रचार के लिए सुमन वाला सक्सेना, पर्यावरण संरक्षण के लिए सुरेश चंद्र विजयवर्गीय, एनिमल वेलफेयर के लिए वीरेंद्र शर्मा तथा समाज सेवी संस्था के रूप में कैरिंग हैंड्स बाय पिंक को समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष राजस्थान से 98 प्रविष्टियां सम्मान हेतु प्राप्त हुई थी। सचिव बी.एल. विजय ने बताया इस अवसर पर 11 पक्षी सहायता कार्यकर्ताओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मंच संचालन कमल लोचन तथा धन्यवाद रवि खत्री ने दिया।

# अभी पशु चिकित्सा अधिकारी का बड़ा अभाव है : डॉ.पूनिया

## लंपी संक्रमण की रोकथाम के लिये भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने सुझाव दिये

- 'राज्य सरकार लंपी की रोकथाम के लिए अपने प्रयास कर रही है, इसके लिए सामाजिक जनजागरण की भी आवश्यकता है, उपचार के विकल्पों पर भी काम करने की जरूरत है'

**जयपुर**। डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रदेशभर के पशुओं में फैल रहा लंपी संक्रमण हमारे लिये चिंताजनक है, क्योंकि प्रदेश में सर्वाधिक पशुपालक हैं, राज्य सरकार अपने प्रयास कर रही है लेकिन चुनौती करोना जैसी है और इसलिए वैक्सीनेशन का और मौत का जो आंकड़ा है, उस फर्क को ठीक करने की जरूरत है। दूसरा अभी पशुधन सहायक और चिकित्सा अधिकारी इनका बड़ा अभाव है, मंत्री ने कहा जरूर है, मुझे लगता है कि उसमें तेजी लाने की जरूरत है, उनको जल्दी से जल्दी डेप्यूट कर दिया जाए।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि संक्रमण केवल गायों में ही नहीं, धीरे-धीरे दूसरों पशुओं में जा रहा है। इसलिए जो मृत पशु हैं, उसके डिस्पोजल का क्या तरीका हो सकता है, क्योंकि उससे और ज्यादा इंफेक्शन फैलने की ज्यादा संभावना है। पशु मेले होते थे, भविष्य में पशु मेलों का रोडमैप क्या होगा, क्योंकि उसकी सार्थकता है उसका विकल्प क्या है, उस पर विचार करना चाहिए। लंपी की रोकथाम के लिये वैक्सीनेशन में तेजी लाने की आवश्यकता है, पशुपालन विभाग में लंबित भर्तियों को पूरा करना, किसान और जो पशुपालक हैं उनके नुकसान और मुआवजे की भरपाई कैसे की जाए, इस पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। एक जो सेस का पैसा गौशालाओं के अनुदान के लिए आता है, उसका लगभग 3100 करोड़ में से लगभग 2100 करोड़ खर्चा हुआ है, इसमें जो शेष है, उसका कैसे उपयोग किया जाए, इस पर विचार करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लंपी की रोकथाम के लिए अपने प्रयास कर रही है, इसके लिए सामाजिक जनजागरण की भी आवश्यकता है, उपचार के विकल्पों पर भी काम करने की जरूरत है। एक अभी ग्रामीण ओलंपिक्स की बात चल रही थी तो मुझे एक रिप्रेजेंटेशन मिला जिसमें 25 सितंबर को पीटीआई की भर्ती है, उस दौरान राजस्थान में ग्रामीण ओलंपिक्स भी हैं और राष्ट्रीय खेल भी हैं गुजरात में, यह आपस में ओवरलैप कर रहे हैं, इस बारे में पीटीआई की परीक्षा देने वाले बेरोजगार युवाओं ने एक रिप्रेजेंटेशन सरकार को भी दिया है, इस पर राज्य सरकार को विचार करना चाहिए। जो मंत्री ने बाढ़ और आपदा राहत के लिए कहा है, मुझे लगता है कि राज्य सरकार को डिजास्टर मैनेजमेंट, आपदा प्रबंधन है उसको और ज्यादा बूस्ट करने की आवश्यकता है।

# पशुपालन मंत्री पर कई सवाल उठाए रघु शर्मा ने

## इससे पहले भी कई मंत्रियों और सरकार के कामकाज पर सवाल उठा चुके रघु शर्मा

- 'लंपी वायरस को लेकर गायों में फैल रही बीमारी और गायों की मौत के मामले को लेकर रघु शर्मा ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र केकड़ी से वेटरनरी स्टाफ को जोधपुर जिले में डेपुटेशन पर भेज दिया गया'

**जयपुर**, (का.प्र.)। चिकित्सा मंत्री पद से हटने के बाद गुजरात के प्रभारी बने डॉ रघु शर्मा लगातार सरकार और कई मंत्रियों पर आक्रमक रवैया अपनाते रहे हैं। राजस्थान में पशुधन में फैल रहे लंबी वायरस के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हो रही थी, उस दौरान भी रघु शर्मा ने राज्य के पशुपालन मंत्री को निशाने पर लिया और सरकार को भी चेतावनी दे डाली।

जब रघु शर्मा का दर्द छलका उस समय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में हो रही वीसी में रविवार को प्रदेश के सभी नेता और पंचायतीराज प्रतिनिधि जुड़े थे। इस दौरान पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया को रघु शर्मा ने घेरा और सवाल उठा दिए। रघु शर्मा ने सिर्फ पशपालन मंत्री लालचंद कटारिया को ही नहीं घेरा बल्कि उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भी सवाल उठा दिए।

लंपी वायरस को लेकर गायों में फैल रही बीमारी और गायों की मौत के मामले को लेकर रघु शर्मा ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र केकड़ी से वेटरनरी स्टाफ को जोधपुर जिले में डेपुटेशन पर भेज दिया गया। मेरे इलाके में गायें मर रही थीं और आपने स्टाफ जोधपुर भेजा। इससे सरकार और मुख्यमंत्री दोनों का बहुत खराब मैसेज गया है। रघु शर्मा ने मुख्यमंत्री गहलोत की मौजूदगी में वीसी में पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया पर उनके क्षेत्र से वेटरनरी स्टाफ को जोधपुर भेजने पर नाराजगी जताते हुए कई सवाल दाग दिए। मुख्यमंत्री के सामने ही करीब दो मिनट तक रघु शर्मा और लालचंद कटारिया के बीच सवाल जवाब होते रहे, लेकिन दोनों के बीच बोले कुछ भी नहीं।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल नवंबर में मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद रघु शर्मा गुजरात के प्रभारी बनाए गए थे। उसके बाद से कई मौकों पर वे सरकार के कई मंत्रियों से उनके काम नहीं करने और उनके निर्वाचन क्षेत्र केकड़ी में बिना उनकी सहमति के ट्रांसफर-पोस्टिंग करने पर नाराजगी जता चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री परसादीलाल मीणा से भी वे नाराजगी जता चुके हैं। रविवार को लालचंद कटारिया और मुख्यमंत्री को लेकर भी नाराजगी जता दी।

## दीपक कुमार व्यास अध्यक्ष मनोनीत



**जयपुर**, (का.सं.)। समाज के प्रति सेवा भावना को देखते हुए दीपक कुमार व्यास को परशुराम सेना का मालवीय नगर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक दाधीच, प्रदेशाध्यक्ष मीत गौतम एवं प्रदेश प्रभारी विनोद शर्मा की सहमति से नियुक्ति दी गई है।

# गुरू ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व मनाया

**जयपुर**, (का.सं.)। सिक्ख धर्म के पांचवें गुरू, गुरू अरजन देव ने गुरु ग्रंथ साहिब का संपादन किया था। सन् 1604 में आज ही के दिन गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश हरमंदिर साहिब में हुआ। बाबा बुढा के द्वारा गुरू ग्रंथ साहिब का प्रकाश किया गया। सिक्ख धर्म के 10वें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के हुकुम अनुसार गुरु ग्रंथ साहिब को गुरु का स्थान दिया गया। सिक्ख लोग किसी भी अन्य गुरू के आगे सिर नहीं झुकाते। गुरु ग्रंथ साहिब की विशेषता है कि इसमें सिक्ख धर्म के प्रथम पांच गुरुओं एवं नवें गुरु और 15 भगतों की बाणीयां शामिल हैं।

28 अगस्त को गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पुरब सभी गुरुद्वारों में श्रद्धा व प्रेम से मनाया गया। सुखमनी सेवा सोसायटी बनी पार्क के सदस्यों ने इसके तहत सहज पाठ किए तथा अन्य संगत के साथ मिलकर 2000 माला मूल-मंत्र जाप किये। आज प्रकाश पुरब के दिन सभी की तरफ से सरबत के भले की अरदास की गई।

## प्रो.संजीव शर्मा को आयुर्वेद शिरोमणि अवार्ड

**जयपुर**। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद वि.वि. जयपुर में 26 एवं 27 अगस्त को संस्थान एवं विश्व आयुर्वेद परिषद के संयुक्त उपक्रम से अग्निकर्म एवम जीवनशैली जन्य विकारो पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाल का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला के दूसरे दिन 27 अगस्त को विश्व आयुर्वेद परिषद द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा, शिक्षा एवं शोध में अपने महत्वपूर्ण योगदान हेतु प्रो संजीव शर्मा, कुलपति राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को आयुर्वेद शिरोमणि अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# रामदेवरा मेले के लिये यात्री वाहनों को टैक्स में छूट

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य सरकार द्वारा जैसलमेर जिले के रामदेवरा तीर्थ के वार्षिक मेले में अन्य राज्यों से आने वाले यात्री वाहनों को टैक्स में छूट देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वित्त विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

राज्य सरकार के निर्णय अनुसार मोटर वाहन कर एवं विशेष पथ कर में यह छूट मेला अवधि 29 अगस्त, से 10 सितंबर, (कुल 13 दिन) तक रहेगी। उल्लेखनीय है कि मेले में आने वाले यात्री वाहनों से 10 दिवस की अवधि के लिए देय कर लगभग 17,000 रूपए प्रति वाहन होता है। अब गहलोत की स्वीकृति के बाद यात्री वाहन संचालकों से मात्र 6500 रूपए ही लिए जाएंगे।

गौरतलब है कि रामदेवरा वार्षिक मेले में अन्य राज्यों से लगभग 1500 वाहनों में प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

## 'लम्पी स्किन डिजीज को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे केन्द्र'

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के जनप्रतिनिधि, पशुपालक, गौशाला संचालक, अधिकारी व आमजन से संवाद किया। इसमें लम्पी स्किन डिजीज से गौवंश को बचाने के लिए जिलों में जागरूकता अभियान, रोग की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों, पशुपालकों द्वारा पशुओं के उपचार में अपनाई जा रही पद्धति के बारे में चर्चा की गई। साथ ही, प्रदेश में अतिवृष्टि से हुए नुकसान और प्रभावितों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में 29 अगस्त से प्रदेश में आयोजित हो रहे राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल की तैयारियों और सफल आयोजन को लेकर भी सुझावों का आदान-प्रदान हुआ। गहलोत ने सभी से लम्पी डिजीज के नियंत्रण एवं रोकथाम व बाढ़ राहत कार्य में राज्य सरकार का सहयोग करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लम्पी स्किन डिजीज को राष्ट्रीय आपदा घोषित कराने के लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखा गया है।

# महिला कामगारों को कपड़े के थैले बाँटे



**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर को नुक़सानदेह प्लास्टिक से मुक्त करने के अभियान के तहत अभिलाषा वूमेन वेलफेयर सोसाइटी ने यहाँ मानसरोवर विस्तार में वन्दे मातरम मार्ग स्थित माँग्यवास गांव में महिला कामगारों को कपड़े के थैलों का निःशुल्क वितरण किया। सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. रमा माथुर, उपाध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी, सचिव कल्पना माथुर, सांस्कृतिक सचिव जया कल्ला, कोषाध्यक्ष रेणु कुमावत और अन्य सदस्यों ने गाँव के कामगारों को कपड़े के थैलों का वितरण किया।

इस अवसर पर एडवोकेट रिमझिम माथुर ने कामगारों को प्लास्टिक से होने वाले नुक़सान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सोसाइटी की ओर से महिला कामगारों को खाने के पैकट भी दिए गये।


### तीये की बैठक



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी **बाबूलाल डाबी** पुत्र स्वर्गीय राम प्रताप जी डाबी का देवलोक गमन दिनांक 27.8.22 को हो गया। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 29.8.22 सोमवार को सांय 4:00 से 5:00 बजे घाटगेट शिव मंदिर पर होगी।

**शोकाकुल-** श्रीमती बसंती देवी (धर्मपत्नी), विजय, दशरथ (पुत्र), कान्हा (पौत्र) मोहन, धर्मेंद्र (भाई), राहुल एवं समस्त डाबी परिवार। 8290050012

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**लाल बहादुर शास्त्री महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय तिलक नगर,जयपुर**

**आवश्यकता प्राचार्य**

महाविद्यालय में प्राचार्य पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। योग्यता-राजस्थान विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के अनुसार, 10 साल का अनुभव अनिवार्य। आवेदन पत्र महाविद्यालय मे दिनांक **6.9.2022** तक पहुंच जाने चाहिए। **सचिव**

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सुरेश अग्रवाल पुत्र रामजीलाल अग्रवाल निवासी शाहपुरा वगैरहा ने प्लाट नम्बर 572 महावीर नगर टोंक रोड जयपुर कुल क्षेत्रफल 272.22 वर्गगज जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र बमाह मई 2003 मे उपरोक्त प्लाट की स्वामिनी श्रीमती कृष्णा अग्रवाल धर्मपत्नि श्री गोविन्द अग्रवाल निवासी प्लाट नम्बर एस-253, 254 महावीर नगर टोंक रोड जयपुर से खरीद करके नियमानुसार बाउण्ड्रीवाल करके व निर्माण करके उक्त प्लाट का उपयोग उपभोग कर रहे हैं। मेरे पक्षकार उपरोक्त प्लाट के आज दिनांक तक एक मात्र मालिक व स्वामी हैं। उक्त प्लाट पर असामाजिक तत्व पिछले कई दिनों से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं जिसकी सूचना पुलिस थाना बजाज नगर जयपुर में भी दी जा चुकी है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्लाट मेरे पक्षकार के स्वामित्व के अधीन व कब्जे के अधीन है, सूचित रहे।
(राजेश शर्मा) एडवोकेट, मो.9829095090

### खोया पाया

विला नम्बर 09, अनुकृति टाउनशिप जयसिंहपुरा, जयपुर का मूल जेडीए पट्टा जो कि अनुकृति बिल्डर के नाम से है जो श्री सुदर्शन कुमार आर्य पुत्र श्री दयानंद आर्य, ममता वर्मा पुत्री श्री जगदीश प्रसाद द्वारा खरीदसुदा है । कही खो गये कृपया मिलने पर सूचित करें। सुदर्शन कुमार आर्य मो. 9214345909

मै डॉ दिनेशचंद्र द्विवेदी 23, कृष्णापथ, विद्युतनगर बी,पुरानी चुंगी , अजमेर रोड जयपुर, दिनांक 27-8-2022 को मेरे प्लाट के मूल दस्तावेज जेडीए का पट्टा, रसीद, साइट प्लान आदि साइकिल के पीछे कैरियर पर लगा कर फोटो कापी कराने जा रहा था। चित्रकूट स्टेडियम के पास पता चला कि मूल दस्तावेज रास्ते में कहीं गिर गये। जिस को मिलें कृपया मोबाइल नंबर 9414241363 पर सूचित करें।

### NAME CHANGE

I Indra Bahadur Thapa in my Army Documents my wife Name Wrong Geeta Devi. My Wife Right Name Gita Devi Thapa. Address: Indra Bahadur Thapa, Village Assam Rifle District East Khasi Hills, State Meghalaya Shillong.

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय**
जेएलएन मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
0141-4901853

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 2/102, मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर का नियमितिकरण पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 4427 दिनांक 23.03.2013 श्रीमती परमेश्वरी खटवानी पत्नी श्री मोहन खटवानी के पक्ष में जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उपपंजीयक, जयपुर पंचम में दिनांक 26.03.2013 को करवाया गया। श्रीमती परमेश्वरी खटवानी की मृत्यु दिनांक 15.06.2021 को हो जाने के पश्चात उनके पुत्र श्री राहुल खटवानी पुत्र श्री मोहन खटवानी के द्वारा क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, हक त्याग पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री राहुल खटवानी पुत्र श्री मोहन खटवानी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा प्रबन्धक
वृत तृतीय रा.आ.मण्डल जयपुर

**आम सूचना** यह कि मेरा अभिभाष्य श्री प्यारेलाल मीना प्लाट नं.25 सुखिजा विहार चौपडा फार्म हाउस मानसरोवर जयपुर द्वारा यह सूचना जारी की जाती है। कि मेरे अभिभाष्य की दोनों पुत्रियों पिंकी मीना जिसने अपनी शादी अपनी मर्जी से मेरे अभिभाष्य के खिलाफ जाकर सन् 2012 में करली है व दूसरी पुत्री सन्तोष जिसकी शादी मेरे अभिभाष्य ने सन् 2014 में कर दी है, अब दोनों पुत्रीयों मेरे अभिभाष्य के कहे में नहीं है व मेरे अभिभाष्य की बुजुर्ग अवस्था में भी देखभाल नहीं करती है व झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देती है। अतः मेरा अभिभाष्य अपनी दोनों पुत्रीयों को आज दिनांक 28.08.2022 से अपनी सम्पूर्ण सम्पत्ति से बेदखल करता है।
सुनिल कुमार बडगुर्जर, एडवोकेट, मो.7976037085

**Caveat Notice**
IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN BENCH AT JAIPUR
CAVET NO............OF 2022
IN
S.B.cIVIL WRIT PETITION NO........../2022
(IN THE MATTER OF WRIT PETITION UNDER ARTICLE 226 OF CONSTITION OF INDIA)
Rakesh Roshan Kumawat S/o Shri Jagdish Prasad, ward no.40, New janta colony Sikar, At present R/o Fron of SRK School Kalwar Road, Dhani Nagan, Jobner, District Jaipur (Rajasthan).
......Caveator/ Proposad Respondent
VERSUS
Genaral Public at Large
.......Respondent/ Apprehended Petitioner
APPLICATION UNDER RULE 159 OF RAJASTHAN HIGH COURT RULE FOR ENTERING IN TO CAVEAT
The caveator named above most respectfully begs to submit as under:- That the caveator is Rakesh Roshan Kumawat S/o Shri Jagdish Prasad, ward no.40, New janta colony Sikar, At present R/o Fron of SRK School Kalwar Road, Dhani Nagan, Jobner, District Jaipur (Rajasthan). That the Indian Oil Corporation issued Latter of Intent (L0I) dated 03.07.2015 for dealearship for retail outlet (Petrol Pump) at Jobner District Jaipur and therefore after duly verified all the concern department also issued NOC in favour of caveator for run Petrol Pump at Jobner. That it is apprehended that some private persons from general public may challenge by way of writ petition any of the guidelines direction & order laid in these circular & notice and may pray for an interim order/ stay of re affect and operation of the order as wall by way of filing writ petition before Hon'ble Court of Rajasthan. That the caveator her engaged Shri Arun Singh Shekhawat Advocate as his counsel to argue and oposs the application for interim relief filed by the propose petition along with their petition. That in the facts and circumstances of the case this Hon'ble Court may kindly permit the caveator to appear through his counsel and argue his case at the time of hearing on the application for grant of interim relief. It is therefor, prayed that his Hon'ble Court my kindly be allow this application and permit the caveator to appear and argue at the time of hearing on the petition/ interim application, if any filed by the proposed petitioner, in the interest of justice.
Jaipur Date
Arun Singh Shekhawat, Advocate
Rajasthan High Court, Jaipur
Counsel for The Caveator

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**
क्रमांकःनपाश्रीमा/2022-23/3408-09 दिनांक-24/08/2022

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका श्रीमाधोपुर में निम्न तालिका अनुसार पट्टा नामान्तरण की पत्रावली पर आपत्ति आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | नाम पत्रावली | क्षेत्रफल | पत्रावली का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री घासीराम जाट पुत्र श्री गोदाराम जाट वार्ड नं. 27 श्रीमाधोपर | 40.00 वर्गगज | आवासीय पट्टा नामान्तरण |

जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो 07 दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज स्वयं की आईडी जिस पर स्वयं के मोबाइल नंबर अंकित हो व्यक्तिगत उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका श्रीमाधोपुर

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**
क्रमांकःनपाश्रीमा/2022-23/3405-06 दिनांक-24/08/2022

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका श्रीमाधोपुर में निम्न तालिका अनुसार पट्टा नामान्तरण की पत्रावली पर आपत्ति आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | नाम पत्रावली | क्षेत्रफल | पत्रावली का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री जगदीश प्रसाद वार्ड 27 श्रीमाधोपर | 40.00 वर्गगज | आवासीय पट्टा नामान्तरण |

जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो 07 दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज स्वयं की आईडी जिस पर स्वयं के मोबाइल नंबर अंकित हो व्यक्तिगत उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका श्रीमाधोपुर

# लम्पी वायरस की चपेट में आए चार दर्जन पशु, दो की मौत

## प्रशासन ने अभी तक ना तो कंट्रोल रूम बनाया ना ही आइसोलेशन वार्ड

**नारायणपुर, (निसं)।** अब धीरे-धीरे लम्पी वायरस क्षेत्र में पांव पसारने लगा है, उपखंड क्षेत्र में करीब 4 दर्जन पशु संक्रमित मिलने एवं 2 गोवंश की मौत के बाद पशुपालकों में हडकंप मच गया है। पशुपालन विभाग की ओर से इस वायरस को लेकर एतिहात बरतने की गाइड लाइन जारी की गई है लेकिन धरातल पर ये सब बेअसर साबित हो रहे है।

प्रशासन द्वारा अभी तक ना तो कंट्रोल रूम स्थापित किया गया और न संक्रमित गोवंश को रखने के लिए आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था की गई। व्यवस्था के अभाव में रविवार को कस्बे में संक्रमित आवारा सांड दिनभर भूखा प्यासा एक पेड के बंधा रहा। जबकि पशुपालन विभाग पूर्व में ही उच्चाधिकारियों को आइसोलेशन वार्ड के लिए पत्र लिख चुका है।

**■ पशुपालन विभाग ने एतिहात बरतने की गाइडलाइन जारी की**



पेड़ के बंधा लम्पी वायरस से संक्रमित आवारा सांड।

बीमारी के बढ़ते संक्रमण के साथ जनसहयोग का भी अभाव बना हुआ है। इधर वरिष्ठ पशु चिकित्सक रमेश चन्द वर्मा ने बताया कि उपखंड क्षेत्र की 19 ग्राम पंचायतो में 47 सस्पेक्टेड केस हैं। 2 पशु चिकित्सकों की देखरेख में, 8 टीम बनाकर संक्रमित पशुओं की मॉनिटरिंग की जा रही है जबकि अब तक 4609 गोवंशो को टीकाकरण हो चंका है। अगले 2 दिनों में सभी गोवंशों को टीकाकरण कर दिया जायेगा।

### लम्पी रोग से ग्रस्त गौवंश को दवा दी

**सादुलपुर, (निसं)।** मोक्ष भूमि गौशाला में श्री कृष्ण आराधना के साथ शुरू किये गये अभियान अन्तर्गत रविवार को लम्पी रोग से ग्रस्त समस्त गौवंश को दवा दी गई। स्वर्गीय नंदकिशोर लोहारी वाला परिवार के पंचकूला स्थित यूनिवेन्टिस फाउंडेशन ओर से उक्त दवाओं की व्यवस्था की गई। तथा आइवरमेक्टिन तथा डॉक्सीसाइक्लिन टेबलेट आटे और गुड के लड्डू में डालकर खिलाई गई। मोक्ष भूमि गौशाला के मंत्री विजय सिंह गहलोत की देख-रेख में यह सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर लोहारी वाला परिवार के सदस्य नटवर, वासुदेव, शिव कुमार, गौरव लोहारी वाला के अलावा गौसेवक दुष्यंत शर्मा, राजू मित्तल, गौशाला पशु चिकित्सक ऋषि शर्मा, कौशल, सत्यनारायण, महिला मंडल की ज्योति सरावगी आदि भी उपस्थित थे।

# सेकंड ग्रेड के पांच हजार से ज्यादा टीचर्स का तबादला

## अधिकांश मनपसंद स्कूल पहुंचे

**बीकानेर, (कासं)।** शिक्षा विभाग में अकेले ग्रेड सेकंड के पांच हजार से ज्यादा टीचर्स को इधर से उधर कर दिया गया है। वहीं प्रिंसिपल और मंत्रालयिक कर्मचारियों के ट्रांसफर की लंबी चौड़ी लिस्ट भी एक-दो दिन में जारी होने वाली है।

पिछले पंद्रह दिन से जयपुर में शिक्षा निदेशालय, संयुक्त निदेशक कार्यालय और शिक्षा मंत्री कार्यालय की टीम जुटी हुई थी। ट्रांसफर के लिए संयुक्त निदेशक व जिला शिक्षा अधिकारियों से मिले प्रस्तावों को शिक्षा मंत्री कार्यालय में देखा गया। ट्रांसफर्स में अधिकांश को मनपसंद स्कूलों में भेजने का प्रयास हुआ है। वहीं बड़ी संख्या में टीचर्स को शहरी स्कूल से गांव के स्कूल में भी भेजा गया है। ट्रांसफर लिस्ट में डार्क जोन के ट्रांसफर भी है लेकिन वहां से अन्य जिलों में ट्रांसफर कम हुए हैं।

**■ ट्रांसफर लिस्ट में डार्क जोन में तो शिक्षक लगाए गए लेकिन वहां से तबादले कम हुए हैं**

**■ करीब डेढ़ हजार प्रिंसिपल का ट्रांसफर हो चुका है, लेक्चरर के ट्रांसफर भी हो सकते हैं**

प्रदेशभर के कांग्रेस विधायकों की डिजायर को प्राथमिकता दी गई है। प्रत्येक विधायक को एक संख्या दी गई, उसी संख्या में उसके तबादले मनपसन्द स्थानों पर किए गए। इसी कारण कुछ टीचर्स को शहर से जगह छोड़ गांवों में जाना पड़ा है जिन जिलों में कांग्रेस विधायक नहीं है, वहां कांग्रेस के अन्य नेताओं की डिजायर पर तबादले किए गए हैं।

प्रिंसिपल की एक लिस्ट पहले आ चुकी है लेकिन एक और लिस्ट जारी होने वाली है। उम्मीद की जा रही है कि दूसरी लिस्ट में पांच सौ से ज्यादा टीचर्स को इधर-उधर किया जा रहा है। पहले भी करीब डेढ़ हजार प्रिंसिपल का ट्रांसफर हो चुका है। इसके साथ ही लेक्चरर के ट्रांसफर भी हो सकते हैं।

# घर-घर जाकर किया गोवंश का इलाज

## अब तक हजारों पशुओं का इलाज परिषद करवा चुकी है

**रतनगढ़, (निसं)।** रतनगढ़ नागरिक परिषद के सौजन्य से चल रहे गोवंश के इलाज हेतु आज नोडल अधिकारी हूणताराम मीणा के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने तहसील के ग्राम लुछ, सांगासर व रतनगढ़ के बाहरी वार्ड में निराश्रित आवारा अति गंभीर बीमार गोवंश का इलाज किया।

चिकित्सक टीम के साथ रतनगढ़ नागरिक परिषद के मुख्य प्रतिनिधि मुरारीलाल शर्मा, एडवोकेट रजनीकांत सोनी व ओम सारस्वत साथ रहे। परिषद के शर्मा ने बताया कि अब तक हजारों पशुओं का इलाज परिषद करवा चुकी है। 2 अगस्त को क्षेत्र में बीमारी के प्रवेश के साथ ही परिषद ने 4 अगस्त से चिकित्सा की टीम गौ धन इलाज के लिए तैयार कर दी थी। जिसे अनेकों पशुपालकों व आवारा पशुओं को समय पर इलाज होने से लाभ हुआ।

**■ नागरिक परिषद ने चिकित्सकों की टीम तैयार की जिससे पशुओं को समय पर उपाचर मिला**



संक्रमित पशुओं का उपचार करती डॉक्टर टीम।

# उत्तर पश्चिम रेलवे ने सोलर पैनल लगा 5.64 करोड़ की बचत की

**फुलेरा, (निसं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण की जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे महाप्रबंधक विजय शर्मा के दिशा-निर्देशों पर उत्तर पश्चिम रेलवे प्रशासन प्रदूषण रहित तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति दायित्व के प्रयासों को गति प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को बढाने के साथ-साथ राजस्व की भी बचत कर रहा है। रेलवे पर अब तक कुल 7.128 एमडब्लूपी क्षमता के सोलर पैनल स्थापित किये गये है। इन सौलर पैनल के स्थापित होने से रेलवे पर प्रतिवर्ष 94 लाख से अधिक यूनिट की ऊर्जा की बचत करते हुए करीब 5.64 करोड रूपये के राजस्व की बचत होगी।



हरित ऊर्जा की पहल के अन्तर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे के 115 स्टेशनों, 238 समपार फाटकों और 20 कार्यालय भवनों पर 7.128 एमडब्लूपी क्षमता के सौर ऊर्जा पैनल उपलब्ध करवाये जा चुके हैं। इसके साथ ही इस वित्त वर्ष में 20 स्टेशनों पर लगभग 1.67 करोड रूपये की लागत से 200 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल स्थापित किये जाने का प्रावधान है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक स्टेशन पर 10 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगाये जायेंगे। ताकि बिजली आपूर्ति न होने पर भी स्टेशनों पर लाइट की सुविधा हमेशा उपलब्ध हो सके। एलईडी फिटिंग्स उत्सर्जित प्रकाश की प्रति यूनिट (लुमेन) कम बिजली की खपत करते हैं। यह बिजली संयत्रों से ग्रीन हाउस उत्सर्जन को कम करता है तथा एलईडी के लिये कार्बन डाई-ऑक्सीजन उत्सर्जन भी कम है। उत्तर पश्चिम रेलवे के 572 स्टेशनों तथा 963 सर्विस बिल्डिग्स में 100 एलईडी फिटिंग लगाई गई है।

उत्तर पश्चिम रेलवे पर लगभग 236452 एलईडी लाइट फिटिंग लगाई गई है। जिसके परिणाम स्वरूप 103 लाख यूनिट बिजली तथा 9 करोड़ रूपये के राजस्व की बचत प्रतिवर्ष होती है। इसके अतिरिक्त उत्तर पश्चिम रेलवे के 28 स्टेशनों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिये एयरपोर्ट के मानक स्तर पर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई है।

# ड्रग्स, हथियार व नकली नोट के साथ युवक गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर की प्रतापनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए शनिवार रात तस्कर को गिरफ्तार कर महंगी बिकने वाली एमडीएमए ड्रग्स 330 ग्राम, दो रिवाल्वर, 70 जिंदा कारतूस व 20,000 रूपए के जाली नोट बरामद कर युवक को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित टीम शनिवार शाम को गश्त करते हुए ठोकर चौराहे के पास पहुंचे तो जयराम कॉलोनी में पुलिस वाहन व जाब्ते को देख एक लडका जिसके हाथ में कपडे की थैली लेकर आता हुआ दिखा और पुलिस को देख थैली को शरीर की आड में छिपाते हुए पीछे मुड़कर भागने लगा। पुलिस जाब्ते द्वारा उसका पीछा किया गया तो वह कुछ ही दूरी पर खडी एक सफेद कलर की स्कॉर्पियो गाडी की फाटक खोल बैठने लगा।

पुलिस जाब्ते द्वारा पूछताछ में उसने अपना नाम दिपेश कुमार पिता नाथुलाल पाटीदार निवासी गांव कुलमीपुरा थाना धमोतर जिला प्रतापगढ हॉल निवासी जयराम कॉलोनी ठोकर होना बताया। युवक की संदिग्ध हरकतों के कारण उसकी तथा उसकी स्कॉर्पियो कार की तलाशी ली तो थैली में 330 ग्राम अवैध एमडीएमए व स्कॉर्पियो गाडी की तलाशी लेने पर गाडी में दो पिस्टल, दो रिवॉल्वर, 70 कारतुस व 20000 रुपये के जाली नोट मिले जिन्हे जब्त कर पुलिस ने अभियुक्त दिपेश कुमार को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ कर उसके साथ अवैध कार्य में संलिप्त अपराधियों की पहचान कर रही है।

**■ दो रिवॉल्वर, 70 जिंदा कारतूस व बीस हजार रू.के जाली नोट भी मिले**

**■ उदयपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

# सुराणा घटना ने जिले में जातिवाद का बीज बोने के साथ आपसी सौहार्द कम किया?

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले में सुराणा प्रकरण में अबोध बालक इंद्र कुमार की मृत्यु हुयी। जिसकी जांच विचाराधीन है और लगभग सत्य सबके सामने आ चुका है। तथा आरोपी छैलसिंह को सजा देना न्यायपालिका तय करेगी लेकिन इस घटना ने एक अकेले इंद्र मेघवाल की मौत नहीं हुयी, इंद्र के साथ - साथ आरोपी छैल सिंह का परिवार की भी स्थिति दयनीय हो गई। वही जिले में इस घटना ने जातिगत बीज बो दिया। जिससे समाप्त करने में समय लगेगा।

सुराणा घटना मारपीट करने को लेकर दो पहलू सामने आने पर यह पुलिस जांच के विषय है। तथा एसआईटी की टीम उक्त प्रकरण का पूर्ण अनुसंधान कर आरोप पत्र किन तथ्यों के आधार पेश करेगी। उसके बाद ही उक्त घटना का वास्तविक खुलासा होगा।

इंद्र की मौत पर लोग, परिवार, नेता, विधायक, एक्टिविस्ट, जातिगत सेना, संगठन रोटियां सेक रहे हैं तथा जिले का सौहार्द बिगाड रहे है और



आरोपी छैल सिंह का आवासीय घर।

आरोपी छैल सिंह जिसकी पारिवारिक आर्थिक स्थिति कोई इंद्र के परिवार से बढ़िया नहीं है।

सुराणा घटना में इंद्र के पिता ने अपने बच्चे को खोया तो इस घटना ने छैलसिंह के परिवार की रोजी रोटी छिन ली। छैलसिंह के जेल जाने के बाद उसके वृद्व मां बाप ने अपना पुत्र व दो नन्हें बच्चों ने अपने बाप का प्यार खोया। मात्र वोट बैंक खिसक जाने और पार्टी में मिले पद चले जाने के डर सच के साथ खड़े होने में लोग कतराते है, बोलने से डरते है। किसी ने सच ही कहा है कि सच जब तक अपने जूते पहनता है। तब तक झूठ पूरी दुनियां का चक्कर लगा के आ जाता है। छैलसिंह के वृद्व पिता बीमार रहने के साथ उसकी पति तो सहमी नजर आ रही है। इन्द्र के पिता पर भी जातिगत संगठन का दबाव होने से वे भी खुलकर सामने नही आ रहे हैं। सुराणा की घटना ने जिले में जातिय बीज बोने के साथ आपसी सौहार्द को भी कम करने का काम किया है।

# ओडिशा के राज्यपाल ने किए बालाजी के दर्शन



राज्यपाल का समिति अध्यक्ष यशोदानन्दन पुजारी ने स्वागत किया।

**सुजानगढ़, (नि.स.)** ओडिशा के राज्यपाल गणेशीलाल ने सालासर बालाजी के धोक लगाई। राज्यपाल ने बालाजी के दर्शन कर देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की। राज्यपाल के सालासर आगमन पर हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी, कमल पुजारी, राजाराम पुजारी, प्रकाश पुजारी सहित पुजारी परिवार के सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# ऑनलाइन एग्जाम के कम्प्यूटर हैक, रिमोट से करते ऑपरेट, 7 गिरफ्तार

**बीकानेर, (कासं)।** राजस्थान में हो रहे कॉम्पिटिशन एग्जाम में नकल के मामले बढ़ ते जा रहे हैं। पटवारी, रीट और कॉन्स्टेबल के बाद अब डिस्कॉम के टेक्निकल असिस्टेंट में नकल का खुलासा हुआ है। यह एग्जाम ऑनलाइन था। इसके बाद भी माफिया ने सेंधमारी कर दी। पूरे सिस्टम को हैक कर लिया और नकल करवाई गई। एटीएस ने इस मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम का अभी तक खुलासा नहीं किया है।

प्रदेश के अलग-अलग जिलों में टेक्निकल असिस्टेंट के 1512 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई थी। इससे पहलें ऊए अपने स्पेशल ऑपरेशन के लिए काम कर रही थी। एटीएस के आईजी विकास कुमार ने बताया कि साइबर वर्ल्ड में होने वाली गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहती है। इस दौरान एटीएस की टीम को यह भनक लगी कि ऑनलाइन एग्जाम वाले सिस्टम को हैक किया गया है और उन्हें रिमोट पर लिया गया है। पता चला कि जो कम्प्यूटर हैक किए जा रहे हैं, वहां बिजली विभाग की टेक्निकल असिस्टेंट की परीक्षा होने वाली है।

सूचना मिली कि बीकानेर में एक सेंटर पर सिस्टम को हैक किया गया है। एटीएस और एसओजी ने मिलकर डिस्कॉम के अधिकारियों को इसके बारे में बताया। टीम बनाकर बीकानेर समेत अलवर, कोटा आदि शहरों के सेंटरों पर कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में संदिग्ध कैंडिडेट और एग्जाम कॉर्डिनेटर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। टीम ने दो लैपटॉप भी बरामद किए हैं।

आईजी विकास कुमार ने बताया कि हाईटेक तरीके से नकल कराने का मामला सामने आने के बाद कार्रवाई की गई है। सामने आया कि इस गिरोह में एग्जाम सेंटर पर ड्यूटी लगाने वाले कुछ कर्मचारियों की भी मिलीभगत है। जब कैंडिडेट एग्जाम देने बैठता तो वह यह बहाना बना देता कि सिस्टम काम नहीं कर रहा है। इसके बाद शुरू होता है पूरा खेल। गिरोह के लोग पहले से मिलीभगत कर एग्जाम में काम आने वाले सिस्टम में रिमोट सॉफ्टवेयर डाउनलोड कर देते थे।

एसओजी के एडीजी अशोक राठौड़ ने बताया कि जयपुर, बीकानेर, अजमेर, अलवर व कोटा सहित कई शहरों में नकल गिरोह सक्रिय था। एक टीम बनाकर कई लोगों को हिरासत में लिया गया है, जो आगे की पड़ताल कर रहे हैं। इसमें जिन सेंटर पर एग्जाम हो रहे थे, वहां के कर्मचारियों और अधिकारी भी संदिग्ध हैं। इन्हें भी हिरासत में लिया गया है। टीम अभी पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने नकल करने वालों को हिरासत में लेते हुए कुछ कैश भी बरामद किया है। अलवर से करीब तीन लाख रुपए बरामद करने की सूचना है, जबकि बीकानेर से तीन लोगों से पूछताछ हुई है। किसी की गिरफ्तारी के बारे में अब तक नहीं बताया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि राजस्थान के कई जिलों में इस परीक्षा से जुड़ी धांधली सामने आ सकती है। प्रत्येक कैंडिडेट से छह लाख रुपए लिए गए थे। फिलहाल ये पता किया जा रहा है कि नकल कब से हो रही है और किस किस परीक्षा में किन कैंडिडेट को नकल करवाई गई है।

### जल जीवन मिशन की हकीकत जानी

**चूरू, (कासं)।** चूरू जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों की ग्राम स्तर पर क्रियान्वित की प्रगति की जांच हेतु केंद्र सरकार की ओर से एक्सपर्ट टीम ने ग्राम स्तर पर गांव बरडादास रायपुरिया व धीरासर चारणान में भ्रमण कर सरपंच ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति और ग्रामीणों से रूबरू होकर ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कार्य की वास्तविकता के बारे में जानकारी प्राप्त की अधीक्षण अभियंता रामदेव पारीक ने बताया कि टीम के एक्सपर्ट देवेंद्र सिंह बाजवा व एसपी सेठी ने टीम के द्वारा ग्राम कार्य योजना ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की नियमित बैठक बैंक खाता अंशदान जल गुणवत्ता की जांच तथा पेयजल सप्लाई के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया इस दौरान अधीक्षण अभियंता रामदेव पारीक अधिशासी अभियंता कैलाश चंद्र पूनिया अधिशासी अभियंता तारानगर रामनिवास रेगर अधिशासी अभियंता बनवारी लाल लखेसर सहायक अभियंता मेजर अली खान सहायक अभियंता दिक्षा कटारिया विकास कुमार एचआरडी कंसलटेंट राजू राम शर्मा प्रोजेक्ट मैनेजर दुर्गेश विनोद कुमारी वाणी संस्था के दुलीचंद जांगिड़ विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हैड कांस्टेबल और दलाल ट्रेप

## सवाईमाधोपुर व करौली एसीबी पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** पीलोदा थाने में हैड कानि जगदीश राजावत व उसके दलाल राजू लाल शर्मा को पुलिस ने 10॰ हजार रूपए की रिश्वत की राशि के साथ मौके से गिरफ्तार किया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक अमर सिंह ने बताया कि एसीबी की सवाईमाधोपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत की गई कि उसके विरूद्ध दर्ज मुकदमे में मदद करने की एवज में अनुसंधान अधिकारी जगदीश हैड कानि पुलिस थाना पिलोदा जिला सवाईमाधोपुर व उसके दलाल राजू लाल शर्मा के माध्यम से 20॰ हजार रूपए रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी सवाईमाधोपुर के एएसपी सुरेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया।

एएसपी के अवकाश पर होने की वजह से उच्चाधिकारियों के निर्देश पर करौली एसीबी इकाई के पुलिस उपाधीक्षक अमर सिंह एव उनकी टीम ने ट्रेप की कार्रवाही को अंजाम देते हुए जगदीश सिंह पुत्र समन्दर सिंह निवासी जाहिरा थाना बामनवास हालवासी हैड कानि थाना पिलोदा व उसके दलाल राजू लाल शर्मा पुत्र रामगोपाल निवासी सैवाला थाना पीलोदा के माध्यम से परिवादी से 10॰ हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

परिवादी मोहन लाल ने 26 अगस्त को एक लिखित रिपोर्ट पेश की कि मेरे व मेरे परिजन के खिलाफ पुलिस थाना पीलोदा पर मुकदमा दर्ज हुआ जिसमें जगदीश सिंह हड कानि॰मदन करने की एवज में 20॰ हजार रूपए की मांग कर रहे है तथा मेरे पिताजी पर दबाब बना रहे हैं। एसीबी सवाईमधोपुर द्वारा रिश्वत मांगने का सत्यापन करवाया गया तो आरोपी जगदीश सिंह ने आरोपी दलाल के घर पहुंच परिवादी के माता पिता से 20॰ हजार रूपये की मांग की एवं परिवादी के पिता के निवेदन पर दो तीन हजार रूपए कम कर दिए। परिवादी के पिता की तबीयत खराब होने के कारण परिवादी को गांव में ही छोडा।

**■ परिवादी से मुकदमे में राहत देने के नाम पर मांग रहा था 20 हजार की रिश्वत**

परिवादीगण से आरोपी दलाल राजू लाल शर्मा प्राईवेट व्यक्ति ने रिश्वत मांग सत्यापन के पश्चात शाम को घर जाकर 5 हजार रूपये ले लिए तथा 10॰ हजार रूपये 27 अगस्त शनिवार को शाम तक देने के लिए कहा, मामला रिश्वत राशि पाया जाने के कारण शनिवार को रात हो जाने पर रविवार को स्वतंत्र गवाहन की उपस्थिति में ट्रेप कार्यवाही की गई जिसमें आरोपी दलाल राजू लाल शर्मा ने परिवादीगण को अपने घर गांव सेवाला में बुलाकर आरोपी जगदीश सिंह हैड कानि॰ के लिए 10॰ हजार रूपए की रिश्वत राशि ली।

राशि लेते हुए रंगो हाथो पकडे जाने पर दलाल ने उक्त राशि जगदीश हैड साहव के लिए लेना बताया। एसीबी टीम ने दलाल के द्वारा आरोपी हैड कानि॰ के मोबाइल पर कॉल करवाया तो हैड कानि॰ ने आरोपी दलाल को गंगापुर सिटी बुलाया जिस पर मय ट्रेप पार्टी व परिवादी मय दलाल एवं स्वतंत्र गवाहन द्वारा आरोपी दलाल से रिश्वत राशि 10॰ हजार रूपए प्राप्त कर आरोपी हैड कानि॰ को मोटर साईकिल से जाते हुए को रोककर पकडा एवं सरकारी वाहन में बिठाकर थाना पीलौदा ला कर हाथ धुलाई की व रिश्वत राशि बरामद की।

# आरएसईबी की तकनीकी सहायक भर्ती परीक्षा में नकल करवाने वाला गिरोह पकड़ा

## एसओजी ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया


रावलमीणा


अजीत कुमार


जसाराम


भाग्यशाली

- आरोपियों ने ऑनलाइन सिस्टम को हैक कर नकल करवाने का प्रयास किया था, लेकिन एक्सेस नहीं हो पाने से सफलता नही मिल पाई।
- आरोपियों से परीक्षा को हैक करने के लिए काम में लिए गए 8 लैपटॉप, 10 मोबाइल सहित 3 चौपहिया वाहन जब्त किए।


विनोद मीणा


गिर्राज शर्मा


महेश मीणा

**जयपुर।** एसओजी ने ने शनिवार को आरएसईबी की ओर से आयोजित की गई तकनीकी सहायक भर्ती परीक्षा में ऑनलाइन सिस्टम को हैक कर नकल करवाने का प्रयास करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से परीक्षा को हैक करने के लिए काम में लिए गए 8 लैपटॉप, 10 मोबाइल सहित 3 चौपहिया वाहन जब्त किए गए हैं। अभ्यर्थियों से नकल कराने की एवज में छह-छह लाख रुपए लिए जाने का दावा किया जा रहा है।

एसओजी व एटीएस के एडीजी अशोक राठौड़ ने बताया कि आरोपित रावल मीणा उर्फ राहुल मीणा (27) निवासी झुंथाहेड़ा कलां महवा दौसा हाल सुमेल आवास योजना जामडोली, अजीत सिंह (34) निवासी राजवाड़ा जिला अलवर, जस्सा राम जाट (41) निवासी पुराना बास नसीराबाद, भाग्यशाली मीणा (32) निवासी ठिकड़ी राजगढ़ अलवर, विनोद कुमार मीणा (34) निवासी महेश नगर जयपुर, गिर्राज शर्मा (34) निवासी बालकिशनपुरा जयसिंहपुरा खोर और महेश मीणा (29) निवासी रामगढ़ पचवारा दौसा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने परीक्षा केंद्रों पर मौजूद स्टाफ से सांठगांठ कर ली। इनकी मदद से सेंटर में मौजूद सर्वर व सर्वर से जुड़े हुए कंप्यूटर सिस्टम जो एलएएन द्वारा जुड़े हुए थे उन्हें हैक करने का प्रयास किया। हालांकि एक्सेस नहीं हो पाने के कारण आरोपियों को नकल करवाने में सफलता नही मिल पाई। प्रकरण का अग्रिम अनुसंधान एंटी चीटिंग सैल एसओजी को सौंपा गया है। आरोपियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से इस परीक्षा में भारी राशि लेकर नकल कराने का प्रयास करना पाया गया है।

सूत्रों की मानें तो एसओजी को जयपुर, बीकानेर, अजमेर, अलवर व कोटा सहित कई शहरों में नकल गिरोह सक्रिय होने की सूचना थी। ऐसे में बीकानेर सहित अन्य जिलों से भी कई लोगों को हिरासत में लेने की जानकारी है। अलवर में पुलिस ने छह संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार कर 3 लाख रुपए बरामद किए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों में तकनीकी सहायक (तृतीय) के 1512 पद पर भर्ती परीक्षा शनिवार को नौ जिलों के 64 परीक्षा केन्द्रों पर हुई। इसमें से 5 परीक्षा केन्द्रों पर तकनीकी खामी के कारण परीक्षा में अवरोध हुआ। कहीं तकनीकी खामी सामने आई तो कहीं समन्वय की कमी ने अभ्यर्थियों को परेशान किया।

## मुख्य आरोपी रावल मीणा पालडी मीणा में कोचिंग चलाता था

**जयपुर,(कासं)।** मुख्य आरोपी रावल मीणा उर्फ राहुल मीणा जयपुर में आगरा रोड पर पालडी मीणा स्थित तिलक अस्पताल के पास आर जे स्टडी कोचिंग संस्थान चलाता है। इसी संस्थान में ऑनलाइन परीक्षा का पेपर हैक करने के लिए सिस्टम सेटअप किए गए थे।

वहीं आरोपी अजीत, भाग्यशाली चंद व जस्साराम ने रावल की कोचिंग पर इलेक्ट्रोनिक गजेटस के माध्यम से वीपीएन व रिमोट कंट्रोल एप्लीकेशन से परीक्षार्थियों के कम्प्यूटर सिस्टम को हैक कर प्रश्न पत्र प्राप्त करने का प्रयास किया था। जस्साराम ने अजमेर स्थित भगवान महावीर ऑनलाइन परीक्षा केन्द्र के परीक्षार्थियों की मदद करने के लिए अजमेर से आया था। आरोपी ने कॉलेज के सीसीटीवी कैमरा एक्सेस कर वहां की गतिविधियों को देखा था। वहां चिन्हित अभ्यर्थियों की अपने सहयोगियों से मदद करवा रहा था। वहीं आरोपी विनोद कुमार मीणा को बनीपार्क सरकारी आईआईटी में कार्यरत स्टॉफ को रावल की कोचिंग पर बुलाकर प्रश्न पत्र साल्व करने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसी तरह गिर्राज शर्मा को भी रावल की कोचिंग पर प्रश्नपत्र साल्व कराने का काम दिया गा था। आरोपी महेश मीणा एजेंट के तौर पर रावल मीणा व उसके सहयोगियों के साथ मिलकर अभ्यर्थियों की व्यवस्था करता था।

## नाटक अंत 'हाजिर हो' में दिखाया महिलाओं का उत्पीड़न

**जयपुर।** रवीन्द्र मंच के मुख्य सभागार में रविवार को यूनिवर्सल थियेटर एकेडमी की ओर से नाटक अंत हाज़िर हो खेला गया। डॉ. मीराकांत लिखित एवं केशव गुप्ता निर्देशित इस नाटक प्रदर्शन केवल प्रेस शो के रूप में किया गया। नाटक में महिलाओं और बच्चे-बच्चियों पर हो रहे अत्याचार एवं यौन शोषण को बडे ही मार्मिक ढ्ंग से दिखाया गया। नाटक में कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय, खूबसूरत दृश्यबंध एवं प्रकाश डिजाइन ने महिलाओं और बच्चे-बच्चियों के प्रति समाज में बढती विकृत मानसिकता को संजीदा रूप में प्रस्तुत किया। नाटक के पार्श्व संगीत ने किरदारों और कहानी के मूड को बनाए रखा। नाटक घर और समाज में हो रहे अनजाने शोषण और महिलाओं की स्थिति की बात करता है। घरों में बाप, मामा, फूफा, चाचा, ताऊ, भाई की ओर से बच्चियों और महिलाओं से हो रहे शारीरिक शोषण की बढती मानसिकता पर गहरे सवाल उठाता है। इस घरेलू हिंसा का महिलाएं सकुचाहट के कारण विरोध नही कर पाती हैं जिसका अंत होता है मौत। नाटक की कहानी कुछ ऐसे ही अनछुए पहलुओं को लेकर आगे बढती है। समाज मे दबी छिपी इन कुरूप सच्चाइयों और विकृत मानसिकता को उधेडने का काम करती है। नाट्यय पार्श्व में वॉइस ओवर अर्जुन देव, प्रकाश व्यवस्था एवं रूपसज्जा केशव गुप्ता, वस्त्र सज्जा-रिया एवं ऋचा, पार्श्व संगीत-माधव शर्मा, मंच सज्जा धर्मेन्द्र भारती का रहा।

# सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर शहर ने किया वृक्षारोपण


**सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर शहर द्वारा आज खातीपुरा स्थित महाराणा प्रताप नगर में पीपल, बरगद, नीम, बिलपत्र सहित 211 पेड पौधे लगाये है।**

**जयपुर।** सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर शहर द्वारा आज खातीपुरा स्थित महाराणा प्रताप नगर में पीपल, बरगद, नीम, बिलपत्र सहित 211 पेड पौधे लगाये है।

जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्वान पंडितों द्वारा विधि विधान से सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं.सुरेश मिश्रा, प्रमुख ज्योतिषाचार्य पं. मुकेश भारद्वाज, विप्र कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सविता शर्मा, जयपुर युवा संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों ने पेड-पौधे लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की है।

सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर टीम प्रत्येक वर्ष लगातार पेड़-पौधे का कार्यक्रम करती आ रही है साथ ही पेड-पौधे का मानव जीवन में बडा ही महत्व है।

ये हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि तमाम प्रकार के फल, फूल, जडी, बूटियाँ, और लडकियां आदि भी देते है। घर के आसपास पौधरोपण करने से गर्मी, भू क्षरण, धूल आदि की समस्या से बचाते है। मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों से पौधारोपण करने का आव्हान किया है साथ ही कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति पौधारोपण करें। जब भी हो सके अपनी सुविधानुसार एक पेड़ जरूर लगाएं, यह समाज के लिए आपकी व्यक्तिगत भागीदारी होगी की एक पौधा एक जिंदगी। इस अवसर पर पार्षद गणेश सिंह, डीटीओ भवानी सिंह, पं. गणेश महाराज, पं. ओंकार शर्मा, जयपुर शहर महामंत्री मनोज मिश्र, उपाध्यक्ष विजय भास्कर, मनमोहन कौशिक, राकेश कौशिक, राजेश शांडिल्य, सतबीर भारद्वाज, पंकज सोडाला, हरीश मिश्रा, सूर्य शर्मा, उमाशंकर शर्मा, अशोक शर्मा, शयनोजमिश्रा, मनोज शर्मा, विक्रम सिंह राठौड, पं. रामचरण शर्मा, श्याम शास्त्री, कैलाश गुरूजी, कैलाश विधानसभा, नीरज शर्मा, पवन गोद, मयंक शर्मा, राहुल पंडित, नरेश आत्रेय सहित सभी लोग उपस्थित थे।

## चित्रकार गुप्ता को "काव्य कलम सम्मान"


**माही संदेश की ओर से सरदार पटेल मार्ग स्थित मालार्पण में आयोजित कार्यक्रम में शहर के प्रसिद्ध चित्रकार चंद्र प्रकाश गुप्ता को "काव्य कलम सम्मान" दिया गया**

**जयपुर।** माही संदेश की ओर से सरदार पटेल मार्ग स्थित मालार्पण में आयोजित कार्यक्रम में शहर के प्रसिद्ध चित्रकार चंद्र प्रकाश गुप्ता को "काव्य कलम सम्मान" दिया गया। उन्हें यह पुरस्कार कर्नल जंगवीर लांबा व नगर निगम ग्रोटर के उपायुक्त डॉ. गोवर्धन लाल शर्मा ने दिया। इस अवसर पर बॉलीवुड सिंगर रहमान अली , इंदु बारैठ (लंदन), मोहन सिंह रतनू, राजीव कुमार आदि को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सुधीर माथुर व रोहित कृष्ण नंदन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कोटा ग्रामीण का कुख्यात नकबजन गिरफ्तार

- आरोपी के कब्जे से नकब व नकबजनी का माल बरामद
- आरोपी वारदात करते समय रूप बदलने में माहिर है

**जयपुर,(कासं)।** राजधानी की झोटवाड़ा थाना पुलिस ने कोटा ग्रामीण जिले के कुख्यात शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से नक़ाब और चोरी का माल बरामद किया गया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वारदात करते समय रूप बदलने में माहिर है। आरोपी ने पूछताछ में एक दर्जन से अधिक नकबजनी के मामलों में खुलासा किया गया है और साथ ही पूर्व में कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है।

डीसीपी वेस्ट वंदिता राणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित सादिक हुसैन उर्फ जाहिद (40) तलहटी मोहल्ला, कैथून जिला कोटा ग्रामीण का रहने वाला है। वह बहुत ही शातिर प्रवृति व चालाक किस्म का नकबजन है। वह राजस्थान में अलग-अलग शहरों में स्मैक का नशा कर नकबजनी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपित के खिलाफ पूर्व में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। पूछताछ में सामने आया कि उसके द्वारा दिन के समय बंद मकानों की रैकी कर व चिह्नित कर रात के समय नकब की सहायता से ताले तोड़कर मकान, दुकान व घरों के अन्दर घुसकर चोरी की वारदातों को अंजाम देता है

रात के समय पहचान होने से बचने के लिए कपड़े बदल कर हुलिया बदलता है। आरोपित पूर्व में चालान शुदा होने के कारण पहचान छुपाकर जयपुर में नकबजनी कर रहा था, जिसने एक दर्जन से अधिक वारदातें करना कबूल की है। इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल बलराम व मालीराम तथा कांस्टेबल राकेश व मुकुट का विशेष योगदान रहा है।

# हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा ने एक हजार से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया

- सत्ता में बैठे लोग कुर्सी की चिंता में जनता की चिंता भूले : राजे

**जयपुर।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में रविवार को ओटीएस चौराहे स्थित ब्राह्मण छात्रावास में सामूहिक गोठ एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरदीचंद शर्मा बंबाला ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे समेत विशिष्ट अतिथियों में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, राजस्थान महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, वर्तमान कांग्रेस सरकार में समाज कल्याण विभाग की अध्यक्ष अर्चना शर्मा, जमवारामगढ़ विधायक गोपाल मीणा, बांदीकुई विधायक गजराज खटाना रहे। महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम आलियाबाद एवं कोषाध्यक्ष शंभू कोई वाला ने बताया कि समारोह में देश भर से कक्षा 10 एवं 12वीं में 80 परसेंट से अधिक अंक लाने वाले मेधावी प्रतिभाओं के साथ ही राजकीय सेवाओं में चयनित प्रतिभाओं का महासभा की ओर से शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का माला पहनाकर राजस्थानी अंदाज में सोफा एवं शॉल के साथ शील्ड देते हुए उनका स्वागत किया गया। इसके साथ ही समारोह में समाज के आरएएस, आईएएस,पत्रकारों समेत अन्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुन्धरा राजे ने कहा कि प्रदेश अराजकता के दौर से गुज़र रहा है।

## महिला से दुष्कर्म

**जयपुर,(कासं)।** राजधानी के आदर्श नगर इलाके में घाटगेट स्थित वायरलेस पुलिस के सरकारी क्वार्टर में महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने डाक के जरिए एक पुलिसकर्मी सहित उसके दोस्त के खिलाफ शिकायत दी है। डीसीपी ईस्ट डॉ. राजीव पचार के निर्देश पर थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार मूलतया दिल्ली निवासी 25 वर्षीया महिला शादीशुदा है। साल 2016 में पति से अनबन के बाद वह चंदवाजी स्थित एक होटल में नौकरी करने लगी थी। इस दौरान उसकी जान पहचान राजेंद्र सिंह से हुई। पीड़िता का आरोप है कि राजेंद्र ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और उससे शादी करने का झांसा देकर नजदीकियां बढ़ाई।

राजेंद्र एक दिन उसे घाटगेट स्थित पुलिस वायरलेस के सरकारी क्वार्टर में ले गया, जहां ज्यूस में नशीला पदार्थ पिलाकर उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद वह अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसका देहशोषण करता रहा। राजेंद्र ने पीड़िता की मांग में सिंदूर भी भरा। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो उसने अपने दोस्त नारायण यादव से उसकी शादी करवा दी, जिसने उससे कई माह तक दुष्कर्म कर छोड़ दिया। थानाधिकारी विष्णु खत्री ने बताया कि महिला की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# दो हजार पुलिस के जवानों ने ऑपरेशन चलाकर बदमाशों के चार सौ ठिकानों पर दबिश दी

## पुलिस ने 159 बदमाशों को गिरफ्तार कर 32 संदिग्ध वाहनों को जब्त किया।

- 19 अपराधियों की नई हिस्ट्रीशीट खोलने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।
- सर्च के दौरान बदमाशों के पास से ड्रग्स और शराब सहित अन्य मादक पदार्थ व हथियार बरामद हुए।

**जयपुर ,(कासं)।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट दो हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने और अधिकारियों ने रविवार अलसुबह राजधानी बदमाशों के चार सौ ठिकानों की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान पुलिस ने मौके से 159 बदमाशों को गिरफ्तार कर 32 संदिग्ध वाहनों को जब्त किया है। साथ ही 19 अपराधियों की नई हिस्ट्रीशीट खोलने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर (प्रथम) अजयपाल लांबा ने बताया कि बढ़ती दहशतगर्दी और स्नेचिंग की वारदातों के चलते पुलिस रेड डाली गई थी। शनिवार रात को कमिश्नरेट के सभी थानाधिकारी और सर्किल इंचार्ज को प्लानिंग से अवगत करवाकर एक साथ अपने-अपने इलाके के संदिग्ध ठिकानों पर दबिश के आदेश दिए। सुबह करीब 5 बजे से 9 बजे तक चले सर्च ऑपरेशन में 246 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने पूछताछ के बाद 159 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। दबिश के दौरान मिले 32 संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है।

इस कार्रवाई में सीएसटी और डीएसटी सहित थानों का जाब्ता दो हजार का जाप्ता शामिल रहा। पुलिस कर्मियों को शनिवार रात को ही मुश्तैद रहने के निर्देश दिए गए थे। सर्च ऑपरेशन के दौरान मिले बदमाशों में से 19 सक्रिय बदमाशों की जल्दी ही हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सर्च के दौरान बदमाशों के पास से ड्रग्स और शराब सहित अन्य मादक पदार्थ व हथियार बरामद हुए हैं। पुलिस ने 5 मामले दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस कार्रवाई के दौरान लोग घर और बहुमंहिला इमारतों गहरी नींद में सो रहे थे। एक-एक कर पुलिस ने दरवाजे खटखटाने शुरू किया तो गेट खोलते ही भारी पुलिस को देख लोग डर गए। बाद में पुलिस ने संदिग्धों को दबोचने के लिए सर्च ऑपरेशन की जानकारी दी तो लोगों ने राहत की सांस ली। गौरतलब है पुलिस पहले भी कई बार कर ऐसी कार्रवाई कर चुकी है जिसमें भारी संख्या में बदमाशों को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ और चोरी के वाहन बरामद किए थे।


**अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अजयपाल लांबा ने पुलिस कमिश्नरेट में पत्रकारों को कार्यवाही के बारे में जानकारी दी।**

## गणेश चतुर्थी व्रत पर बुधवार होने से कई गुणा लाभकारी पर्व

**जयपुर, (का.सं.)।** इस बार गणेश चतुर्थी की तिथि मंगलवार 30 अगस्त को दोपहर 3.30 से आरंभ होगा। तिथि का समापन दूसरे दिन यानी बुधवार को 3.30 पर समापन होगा। रामानंद ज्योतिष के ज्योतिषाचार्य पंडित निलेश शास्त्री ने बताया कि यह तिथि 24 घंटे की रहेगी। इस दौरान कई प्रकार के शुभ योगों का आरंभ होगा, जैसे रवि योग, शुभ योग ब्रह्म योग, शुक्ल योग में गणेश चतुर्थी व्रत मनाया जाएगा। इसी क्रम में 31 अगस्त को प्रात:काल 5.58 बजे से लेकर देर रात 12.12 बजे तक रवि योग है, जबकि प्रात:काल से लेकर रात 10.48 बजे तक शुक्ल योग और शुक्ल योग के समाप्त होने के तुरंत बाद से ब्रह्म योग प्रारंभ हो जाएगा।

ज्योतिषाचार्य पंडित निलेश शास्त्री ने बताया कि इस बार गणेश चतुर्थी व्रत पर बुधवार होने से कई गुणा लाभकारी पर्व माना गया है। इस दिन बुध ग्रह का उपाए करना सर्वश्रेष्ठ होता है, जिस किसी के बुध ग्रह की महादशा अंतर्दशा चल रही है। उनको गणेश चतुर्थी पर गणेशजी को दुग्ध से अभिषेक कराना चाहिए। गणेश स्त्रोत का पाठ और मूंग के लड्डू का भोग लगाना अच्छा रहता हैं।

## सार-समाचार

### गौरी दिवाकर का कथक आज

**जयपुर।** स्पिक मैके की विरासत शृंखला के तहत सोमवार को कथक नृत्यांगना गौरी दिवाकर की दो प्रस्तुतियां होंगी। जयपुर के जगतपुरा स्थित सवाई भवानी सिंह स्कूल में सुबह 10 बजे पहला कार्यक्रम होगा। दूसरा कार्यक्रम दोपहर 3 बजे सोढाला स्वेज फार्म स्थित ज्योतिराव फुले यूनिवर्सिटी कैंपस में होगा। कलाकार गौरी दिवाकर के साथ तबले पर योगेश गंगानी, हारमोनियम पर समिउल्ला खान और सारंगी पर मोहम्मद अयूब संगत करेंगे। कथक नृत्यांगना गौरी दिवाकर सालों से कथक को जी रही हैं। उन्होंने लखनऊ घराने के गुरु जयकिशन महाराज और जयपुर घराने की विदुषी अदिति मंगलदास से नृत्य सीखा। कथक नृत्यांगना अदिति मंगलदास के ठ्रुप के साथ उन्होंने लंबा समय व्यतीत किया है। इससे उनके नृत्य में गहराई आई।

### साहित्यकारों की रैंकिंग जारी

**जयपुर।** राही सहयोग संस्थान की तरफ से वर्ष-2022 की हिंदी के सौ बडे वर्तमान साहित्यकारों की राही रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें शहर के वरिष्ठ साहित्यकार रत्नकुमार सांभरिया का 18वां स्थान रहा है। पहले स्थान पर चित्रा मुद्गल और दूसरे स्थान पर ममता कालिया रहीं। गत वर्ष सांभरिया का 24वां स्थान रहा था। इस वर्ष उनका हाशिए के समाज पर केन्द्रित सांप उपन्यास आने के बाद उनकी साहित्य जगत में ख्याति बढ़ गई। राजस्थान में उनका प्रथम स्थान रहा। सांभरिया देश के उन गिने-चुने साहित्यकारों में से एक हैं, जिनके साहित्य पर लगभग चालीस शोधार्थी पीएचडी कर रहे हैं। गौरतलब है कि देश भर के लगभग 24 विश्वविद्यालयों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में उनकी कहानियां लघुकथाएं एवं नाटक पढ़ाए जाते हैं। उनकी इस उपलब्धि पर राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ के महासचिव प्रेमचंद गांधी, फारुक आफरीदी,नंद भारद्वाज, हरिराम मीणा, रमेश खत्री, डॉ.सत्यनारायण, दुर्गाप्रसाद अग्रवाल आदि साहित्यकारों ने सांभरिया को शुभकामनाएं दी हैं।

### लोक देवता पाबूजी का किया गुणगान

**जयपुर।** लोक वाद्य रावणहत्था की धुन और लोकगीत के सुरों से रविवार को जवाहर कला केंद्र का कृष्णायन सभागार लोक संस्कृति के माधुर्य से सराबोर हो गया। जाजम फाउंडेशन की ओर से संजोए लोक संगीत की जाजम के तहत हरिजस कार्यक्रम में भोपा घेवराराम भील व जीयाराम भील ने लोक देवता पाबूजी की महिमा का गुणगान किया। लोक कलाकार मगाराम व छंगाराम ने स्त्रीवेश में खड़ताल बजाते हुए थाली नृत्य कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम के दौरान आगंतुकों को पाबूजी के जन्म, गोगाजी-पाबूजी-रामदेवजी और जोगमाया के पुष्कर स्नान करने तथा शादी के परवाडों का रोचक गायन सुनने को मिला। लोक नायक पाबूजी का जन्म मारवाड के कोलू ठिकाने में धांधल जी राठौड के यहाँ 1239 ई. में हुआ। पाबूजी राजस्थान में पूजे जाने वाले पांच पीरों में से एक हैं, वे लक्ष्मण के अवतार माने जाते हैं। नारी सम्मान, गो-रक्षा, शरणागत और वचनों की रक्षा के लिए वह वीरगति को प्राप्त हुए।

### नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर।** हरमाडा थाना इलाके में नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने शादी करने का झांसा दिया और आए दिन उसके साथ देह शोषण करता रहा है। पुलिस ने पीडिता के बयानो के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार थाना इलाके की रहने वाली युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि उसके परिचित अजय सांसी ने बातों में फंसा कर प्रेम में जाल में फंसा लिया और एक दिन मिलने बुला कर नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने शादी करने झांसा दिया। इसके बाद से आरोपी शादी के नाम पर आए दिन उसकी अस्मत से खेलता रहा। जब पीड़िता ने शादी करने का दबाव बनाया तो कुछ दिनों तक तो टाल-मटौल करता रहा है और अब शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### मोबाइल लूटने वाले दो बदमाश दबोचे

**जयपुर।** आमेर थाना पुलिस ने दो मोबाइल लुटेरों को पकड़ा है। इनमें एक बालअपचारी शामिल है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित फारुख (21) निवासी बोंली जिला सवाई माधोपुर का रहने वाला है। वहीं इसके साथी बालअपचारी को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने दोनों के पास से छीना गया मोबाइल सहित वारदात में इस्तेमाल चोरी की बाइक जब्त की गई है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### प्रदेश व्यापी आंदोलन का ऐलान

**जयपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत की बैठक जयपुर स्थित यूथ हॉस्टल के सभागार में प्रदेश अध्यक्ष केसर सिंह चंपावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में घटक संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश महामंत्री जिला अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री ने भाग लिया बैठक में सर्वसम्मति एकीकृत महासंघ द्वारा संविदा निविदा प्लेसमेंट कर्मियों के नियमितीकरण के लिए ठेका प्रथा से मुक्ति के लिए ठेका स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन का आगाज प्रत्येक जिले में करने का निर्णय लिया गया।

### स्मैक सहित तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** जयसिंहपुराखोर थाना पुलिस ने 5.81 ग्राम स्मैक बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। डीसीपी नॉर्थ परिस देशमुख ने बताया गिरफ्तार आरोपित अतीक (38 फकीरों की डूंगरी ब्रह्मपुरी का रहने वाला है, जिससे नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है।



## Individual Rights Day

In honour of John Locke, whose philosophical writings argued for the rights of each single human being, Individual Rights Day is celebrated on August 29th, the date of Locke's birth. According to Locke, "Anything that a man has as a matter of human rights or civil rights is to remain inviolably his." He held that basic individual rights include life, liberty, property, freedom of speech, freedom of religion and freedom to petition government.

#ANTIVIRAL

# Can Hepatitis C Drugs Fight PTSD

A new study among US veterans finds that certain direct-acting antivirals used to treat Hepatitis C virus infection may also improve symptoms of PTSD.



More than 6% of Americans will develop post-traumatic stress disorder (PTSD) in their lifetime. This potentially chronic condition disrupts lives and can lead to or exacerbate existing health issues such as depression, anxiety, eating disorders and suicidal thoughts.

Despite the high prevalence of PTSD, the US Food and Drug Administration has only approved two medications to treat this condition - sertraline and paroxetine - and both have shown only limited effectiveness in reducing PTSD symptoms.

PTSD is also common among military veterans; more than 10% of US Department of Veterans Affairs (VA) patients experience these symptoms. Two years ago, researchers at the Boston University School of Public Health and the White River Junction Veterans Affairs Medical Centre in Vermont began to investigate whether existing medications may improve PTSD symptoms, with funding from the National Institute of Mental Health.

During an initial exploratory analysis among a national cohort of VA patients, the researchers unexpectedly found that several new direct acting antiviral (DAA) medications used to treat Hepatitis C virus infection were associated with PTSD symptom improvement. The findings appear in the journal Biological Psychiatry.

Now, in a new follow-up study in the American Journal of Epidemiology, the researchers have conducted a more rigorous analysis to examine and compare the effectiveness of the previously identified DAA's in PTSD symptom improvement.

Their new analysis suggests the most promising DAA for prospective study as a potential medication for PTSD in patients without Hepatitis C virus infection.

The researchers found that the medication combination glecaprevir and pibrentasvir had the strongest association with PTSD symptom improvement among the DAA's most prescribed in the VA.

"Many people have PTSD, but there few effective pharmacologic treatments and limited drug development for PTSD," says co-principal investigator and senior author Jaimie Gradus, associate professor of epidemiology at the Boston University School of Public Health.

"Existing effective treatments are mostly psychotherapy and while they work well there are also issues with them including a lot of treatment drop-out and they're time-intensive so adding to the suite of treatment options for people is a high priority."

The researchers examined the same national cohort of VA patients as the prior study, but narrowed the study group to include only patients diagnosed with Hepatitis C.

"There really has been a lot of interest in finding new medications for PTSD in the field," says co-principal investigator Brian Shiner, a psychiatrist and acting associate chief of staff for research at the White River Junction VA Medical Center, as well as associate professor of psychiatry at Dartmouth University's Geisel School of Medicine.

"The idea to look at VA data in this way grew out of a conversation in the scientific literature between the VA PTSD Psychopharmacology Working Group and the National Institutes of Mental Health."

Using patient care data from VA medical records, Gradus, Shiner and colleagues studied 254 VA patients who were diagnosed with PTSD and hepatitis C between October 1999 and September 2019. The participants received one combination of FDA-approved hepatitis C medications, including glecaprevir and pibrentasvir (GLE/PIB); ledipasvir and sofosbuvir (LDV/SOF); or sofosbuvir and velpatasvir (SOF/VEL). The researchers monitored the patients' symptoms for both PTSD and HCV between two clinical visits over 8 to 12 weeks.

After adjusting for variables that could potentially influence results such as opioid prescription use, liver disease diagnoses, emergency department care for psychiatric crises, the team found that the GLE/PIB medications were more strongly associated with PTSD symptom improvement that the LDV/SOF and SOF/VEL treatments, consistent with their previous results.

"The level of improvement we see for GLE/PIB is impressive and over twice what we have seen for paroxetine and sertraline," Gradus says. "I think we have done the best we can with medical records data, an important next step in this line of work will be a prospective placebo-controlled study in patients without Hepatitis C virus infection."

Shiner and Gradus will be involved with the project and Vince Watts of the White River Junction VA Medical Centre will serve as principal investigator. "It will be several years until we see the results, but this is a very exciting case where we used VA patient data to identify a potential treatment for PTSD, which is a very important problem for veterans' health. In this way, veterans have informed PTSD treatment development."




When my elder daughter was a toddler she was considered by her grandfather to be his khargosh or silky rabbit. She was chubby, fair and so gorgeous that everyone wanted to lift her and cradle her in their arms. When someone once lifted her rather carelessly by one arm, she as delicate as she was, she dislocated her elbow. She was in great pain. I took her to an orthopaedician who corrected the dislocation and placed her arm in a plaster cast. She cried through the entire procedure and continued to sob even after we returned home. Finally, out of sheer exhaustion, she fell asleep in my lap. By then, I too had dozed off. When I woke up my shirt was wet. It was because of my little girl drooling in her sleep. Her tear-stained innocent face; moist and curved eye lashes; saliva trickling from her rosy lips and my wet shirt remained etched in my mind.



# Baby Teeth and Silver Hair



**Dr. Shri Gopal Kabra**
*Veteran Doctor & Voracious writer on medical affairs*

Baby-teeth memories are everlasting. I once spotted a toddler approach the deity in a temple while holding his mother's hand. The young mother had brought him for a morning stroll in the community park. Their sojourn included a visit to a small temple in the vicinity. The mother stood before the deity with folded hands, praying silently. She then bade the child to salute the deity with a "Jai, Jai Bhagwanji!" The child put his little hands together and bowed. When the mother went on her knees to perform maatha tekne (touching her head to the floor in obeisance), the child did the same. I was fascinated by the way he imitated his mother.

As they turned to leave, the child spotted me. Possibly attracted by my silvery hair and smile he smiled too. It was spontaneous and revealed a few small, pearly-white, perfect baby teeth. Following the child's gaze, the mother saw me, saluted, and asked her child to say "Jai! Jai!" to dadu (grandfather). The child folded his hands and saluted me with a "Jai! Jai!" I raised my hand and blessed him with the customary "Itte bade ho jao!" (Be blessed and be so big!). The proud mother fondly asked him, "Dadu ne kitta badaa kiya?" (how big did dadu bless you?). Raising his hand he responded, "Itta badaa!" (This big!). A few onlookers smiled as the mother and the child walked out.

My day was made! What could be a better carry-home for an old man than an enchanting baby smile and a "Jai! Jai!" To me it was like a morning darshan (vision) of Ramlala (Lord Ram as a child incarnate). The smile would keep me company for many days to come and light up the spells of loneliness that 80-year-olds have to endure. I couldn't help thinking that the baby teeth revealed to me in that cherubic smile were whiter than my hair.





Sun bird feeder.

> When one grows old the small things in life become sources of great pleasure and contentment. The first thing I do in the morning is to clean and charge my sunbird feeder with sugar water. Chirping purple males, ash-coloured females and boisterously flapping chicks, dip their long beaks into the feeder base to sip the sweetness within.

#BABA

The incident reminded me of my mother's tiny silver Ramlala. She did not simply worship Ramalala, but as she used to repeatedly stress did his seva which means she cared for him. Indeed, her seva ritual for the infant Ram was as affectionate as the care she gave me when I was a child. She would awaken Ramlala gently with a harjas (holy chant), bathe him with gulab jal (rose water), collect the run-off as charnamrat (holy water), lovingly dress him in a tiny poshak (dress) that she herself had made, enthrone him and offer him cashew nuts and raisins that later became prashad for us to be blessed with.

### Bestowing Abundance

I sometimes think that she got greater satisfaction performing this ritual than she got dressing me up! Every morning, we would bow before her and the deity, and accept charmrat and prashad. When she affectionately placed her hand on our head to bless us she would virtually bestow Ramlala on us. Even at the ripe age of 85, I feel so small remembering my mother and I often yearn for the soft touch of her hand and crave to be cared for like a baby. To imagine oneself as a child is to lose oneself in blissful memories.

When one grows old the small things in life become sources of great pleasure and contentment. The first thing I do in the morning is to clean and charge my sunbird feeder with sugar water. Tiny sunbirds waiting in the bushes appear and flock on the feeder. Chirping purple males, ash-coloured females and boisterously flapping chicks, dip their long beaks into the feeder base to sip the sweetness within. While I sip my morning tea, the little birds frolic and chase each other while intermittently returning to perch on the feeder platform for a quick sip. Even during the pandemic they never failed to arrive and company me. For many months of the lockdown that we had to endure these faithful flying jewels were my only visitors.

I had obtained this bird feeder from my younger daughter in Seattle. Ever since I set it up, I feel her presence. Image of her sitting in her nursery teacher's lap and resting one chubby cheek against her, flash before my eyes. Being the youngest in her class, she was the teacher's pet. Nostalgia is indeed sweet.

When my elder daughter was a toddler she was considered by her grandfather to be his khargosh or silky rabbit. She was chubby, fair and so gorgeous that everyone wanted to lift her and cradle her in their arms. When someone once lifted her rather carelessly by one arm, she as delicate as she was, dislocated her elbow. She was in great pain. I took her to an orthopaedician who corrected the dislocation and placed her arm in a plaster cast. She cried through the entire procedure and continued to sob even after we returned home. Finally, out of sheer exhaustion she fell asleep in my lap. By then, I too had dozed off. When I woke up my shirt was wet. It was because of my little girl drooling in her sleep. Her tear-stained innocent face; moist and curved eye lashes; saliva trickling from her rosy lips and my wet shirt remained etched in my mind.



Nowadays, when I nod off while reading a book, I wake up thinking I am wet and the book on my lap is her face. So powerful is this image that I often hesitate to move the book thinking I might awaken my daughter.

### Rekindling Affection

My son is over fifty years old now. He has an adult daughter and a son who are independent, confident and assertive. My love and affection for my son is deep but does not carry the same degree of tenderness that I feel for my daughters. Yet, when he recently fractured his ankle and it had to be put in a cast, I was reminded of the time when he, as a child, had fractured his thigh and had to be similarly placed in a plaster cast. At that time I would carry him to the toilet, give him his bath, feed him and read to him. The concern and affection that I felt for him when he was a child with a major injury was now rekindled. To me, he is still my small child even though I cannot - and am unable to, anyway - carry him.

Thinking over the baby in the temple, I am certain that there is an innate relation between silvery hair and a baby-tooth smile. Once, when I was travelling by train, my silvery hair was again the object of juvenile attention. Sitting across me was a smart young lady with her blue-eyed, very attractive child. Bending forward he gazed unwaveringly at my white hair. When I smiled he left his seat and came to me. Pointing to my hair he enquired, "Aapke bal chandi ke hai?" (Is your hair made of silver?) "Yes," I replied. His mother called to him to return to his seat. He ignored her and with a twinkle in his eye asked me, "Aap dada ho ke bade dada?" (Are you a grandfather or a great-grandfather?) Before I could reply, his mother pulled him back. Unperturbed, the child kept looking at me.

When his mother became engrossed in conversation with a lady co-passenger, he again rushed to me. Touching the pearl-sized mole near my nose, he asked what it was. Visibly annoyed, his mother yanked him back and scolded him for being bad-mannered. I noticed that she was wearing a large diamond nose pin which is why perhaps the child was so fascinated by the mole on my face. His blue eyes continued to be fixed on me. Taking another chance, he came to me again, nearly pulling his mother, who had maintained a firm grip on him, off her seat. I told him, "Beta tumhe mammy ki baat man ni chahiye. Gaadi me har koyi ke pass nahi jate." (You should listen to your mother. You should not go to any stranger in the train). As his mother dragged him back, he asked, in a not-too-soft voice, "Aap kya har koi ho?" (Are you an 'any-stranger?) I am reminded of a couplet of Nida Fazli:

*Ghar se masjid hai bahut door, chalo youn kar len,*
*Kisi rote huye bache ko hansaya jaye*
*(The mosque is very far from home;*
*Let us instead seek out a weeping child and make him smile!)*

writetoarbit@rashtradoot.com



#J'ADORE

# Offbeat Ethnic Looks

Oxidised jewellery creates a beautiful look with anything you team it up with. They look equally stunning in sarees as they do with jeans.



### Bangles / Kadas

Probably a trend especially amongst the college-going girls, oxidised bangles and bracelets are a hit amongst fashionable girls. These bangles glam up the regular look easy, making it look like a style upgrade.

From ethnic wear to semi-Western to Western wear, oxidised jewellery picks always remain on top when it comes to making style statements. Also they are inexpensive, trendy and help you add a stylish spin to your look whenever you want.

Oxidised silver is a piece of jewellery that has been introduced to sulphides in an attempt to change the colour of its surface over a long period of time. This process has become popular due to the antique, royal look it gives to items, giving one the chance to experiment with their jewellery by mixing and matching designs.

Oxidised jewellery creates a beautiful look with anything you team it up with. They look equally stunning in sarees as they do with jeans. Here are the options that should be in your oxidized jewellery look book.

### Necklaces

From a bold choker to long rani haar, from a dainty chain to mid-length necklace, oxidised necklace are meant for all moods. Adding ribbons, laces, feathers, stones into the design of such necklaces is creatively done to give a huge variety to the buyers.





### Earrings

Whether it is the Jhumkas, Chandbalis, earrings with tassels and pearls, long drop earrings with pompoms or a simple ear stud with a diamond in the centre, oxidised earrings in all forms look beautiful and versatile. These can be paired with Kurtis, Indo-western outfits, sarees, lehengas, long skirts, Indian suits, and so on.

### Chokers

The newest addition to the oxidised jewellery trend is Oxidised Chokers. These designs are inspired by the west, yet the roots are kept Indian. It is a combination of western and Indian designs which works wonders for young and modern Indian girls and women.



### Finger Rings and Nose Rings

A ring, whether for the finger or for the nose when oxidised is bound to add so much prettiness to a woman's hand and face. Big oxidised finger rings look like statement piece of jewellery and oxidised nose rings give an edge to a woman's look.






### Poms-Poms

If you are planning to add a dash of youthful magic to your jewellery collection pom-poms are your go-to accessory. The pom-poms on jewellery trend is catching up fast with trendy fashionistas. Apart from these oxidised payals, baaju bandhs, maang tikas, kaan ki chains, and kamar bandhs are also very popular amongst women who choose to wear this kind of jewellery for various events. The more contemporary designs of necklaces, earrings, nose rings and bangles in oxidised jewellery are also a trend amongst the working women as they feel comfortable pairing their oxidised jewellery with their formal office wears too.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




# युवक की हत्या से आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम

## कुडगांव थाना अन्तर्गत खूबपुरा गांव के जंगल में मिला था युवक का शव

**करौली, (नि.स.)।** कुडगांव थाना क्षेत्र के खूबपुरा गांव के जंगल में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की वही कुडगांव बस स्टैण्ड जाम लगाकर प्रदर्शन किया।

मृतक का शव करौली हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया जहां मेडिकल बोर्ड से उसका पोस्टमार्डम किया गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीण अस्पताल मे एकत्रित हो गये वही भाजपा नेता पूर्व विधायक सुरेश मीणा,भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया शहर अध्यक्ष योगेश शर्मा,महामंत्री धीरेन्द्र बैंसला, मुकेश सालौत्री के अलावा भारी सख्या में पहुंचे भाजपाईयों ने घटना की निंदा करते हुए शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार करने,पीडित परिवार को मुआवजा देने की मांग की, वही मृतक के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक एफआईआर दर्ज कराने और शव उठाने से इंकार कर दिया।


भाजपा जिलाध्यक्ष डिकोलिया से एएसपी ने समझाइश कर जाम खुलवाया।

जिसको देखते हुए अस्पताल परिसर मे जिले के कई थानो का पुलिस जाप्ता तैनात कर दिया। वही ग्रामीणो ने करौली गंगापुर सड़क मार्ग स्थित कुडगांव कस्बे की सड़क पर जाम लगा दिया। इस दौरान पूर्व विधायक सुरेश मीणा भी मौके पर पहुंच गये। वही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण चन्द्र, करौली पुलिस उपाधीक्षक मनराज मीणा भारी पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे जहा लोगों से समझाईस कर जाम खुलवाया। मामले की जानकारी मिलते ही एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पहुंची और मौके से साक्ष्य उठाए है।

कुडगांव थानाधिकारी जगदीश प्रसाद ने बताया कि देर शाम कुडगांव थाना क्षेत्र के खूबपुरा गांव के जंगल में मारपीट कर एक युवक को घायल अवस्था में बदमाश छोड़ गए थे। सूचना पर परिवार जन ने घायल का गंगापुर के एक निजी हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मृतक मोनू उर्फ हरिनारायण पुत्र रामेश्वर 27 निवासी लेदिया 2 दिन पूर्व अपनी बहन के पास गया था। शनिवार शाम को सनेट गांव से लौटते समय क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश पीएल भड़क्या और उसके साथियों ने युवक से मारपीट की तथा घायल अवस्था में उसे खूबपुरा के जंगलों में छोड़ गये। युवक के घायल होने की सूचना परिजनों को फोन पर मिली।

# महिला की फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी

## ब्लैक मेल कर आठ लाख रुपए हड़पने का मामला पीड़िता ने कराया दर्ज

**अजमेर, (कासं)।** महिला की फोटो को अश्लील एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैक मेल कर आठ लाख रुपए हड़पने का मामला रविवार को सामने आया है। पीडित् महिला ने दो आरोपियों के खिलाफ क्रिश्चियनगंज थाने में नामजद मुकामद दर्ज कराया है।

- ब्लैकमेल और धमकी देने से परेशान पीड़िता उनकी मांग पूरी करने लगी

वैशाली नगर के गौरीनगर निवासी एक महिला ने क्रिश्चियनगंज थाने में उपस्थित होकर नामजद लिखित रिपोर्ट देते हुए बताया कि अमित और हरेंद्र ने 6 जुलाई से लेकर 25 अगस्त के बीच उसे ब्लैकमेल करते आ रहे हैं। उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर अज्ञात आईडी से उसकी अश्लील और फोटोशॉप से एडिट फोटो भेज कर धमकी दी, उसने जब अपनी पहली इंस्टाग्राम आईडी बंद कर दी तो दूसरी आईडी पर फिर से वही अश्लील फोटो भेज कर धमकी दी, उसकी धमकी का जवाब न देने पर अश्लील फोटो उसकी बड़ी बेटी की इंस्टाग्राम आईडी पर भेज कर फिर से ब्लैकमेल किया। उसने बदनाम करने की धमकी देते हुए सात लाख रुपए की डिमांड रख दी, उसने उसकी और दोनों बेटियों की भी अश्लील फोटो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी।

दोनों ही आरोपियों द्वारा लगातार ब्लैकमेल करने और धमकी देने से इस कदर परेशान हो गई कि उनकी मांग पूरी करने लगी। अपने साथ हो रही घटना से बचने के लिए उसने अपनी आईडी पर एक महीना पहले जुड़े हाई प्रोफाइल स्टेटस व अपनी ऊंची पहचान बताने वाले अमित से बीच बचाव के लिए मदद मांगी। उसने उसकी और परेशान कर रहे युवक की इंस्टाग्राम आईडी मांगी। विश्वास में दिलाया कि वह इनसे निपट लेगा। इसके बाद अमित ने भी उसे डराया और बताया कि वह बहुत खतरनाक इंसान है और उसके व बेटियों का कुछ भी कर सकता है। डरा कर अमित ने उससे तीन लाख 75 हजार रुपए नगद, चार लाख कीमत के जेवरात ले लिए।

नगद व गोल्ड लेने के लिए अमित ने हरेन्द्र चौधरी उर्फ हैरी को भेजा था। अमित अभी और पैसे की मांग कर रहा है। क्रिश्चियनगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। हाईप्रोफाइल मामला होने के कारण जांच एसएचओ डॉ. रवीश सामरिया खुद कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शराब पार्टी में झगड़े के बाद एक मजदूर ने ली दूसरे की जान


पुलिस ने घटना के बाद मौका मुआयना किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के रायला थाना क्षेत्र में एक फार्म हाउस पर पौधे लगाने का कार्य कर रहे दो युवक लल्लू ओर बल्लू रात को शराब पार्टी करने के बाद आपस में झगड़ पड़े, मारपीट में एक ने दूसरे युवक के सिर पर वारकर हत्या कर दी और शव को रस्सी से बांध कर पास ही खेत पर बने फार्म पोंड में डालकर फरार हो गया।

रायला थानाप्रभारी सुनील चौधरी ने बताया कि बल्लु उर्फ भोलू (20) पुत्र लियाकत खां निवासी आगरा अभी बैरां के भैंरू लाल ढ ोली के लांबिया स्टेशन के पास खेत पर फार्म हाउस में रहकर पेड़ पौधे लगाने की मजदूरी कर रहा था। उसके साथ रहने वाला बल्लू भी फतेहपुर सीकरी का निवासी था। दोनों खेत में पौधे लगाने का काम करते थे। पुलिस ने मौक पर छानबीन के बाद बताया कि बीती रात बल्लू व लल्लू ने फार्महाउस पर शराब पार्टी की। इस दौरान ही दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। लल्लू ने बल्लू के सिर में किसी भारी चीज से हमला किया। इसके चलते उसे खून की उल्टी होने लगी। इससे लल्लू घबरा गया। उसने पानी में डूबने से बल्लू की मौत होने का रूप देने के लिए उसे फार्म पोंड में डाल दिया। इसके बाद सुबह लल्लू ने ठेकेदार को फोन कर कहाकि बल्लू पोंड में गिरकर डूब गया। उसे खून की उल्टी हो रही है। लल्लू ने यह भी कहा कि वह बस में बैठकर जा रहा है। सूचना ठेकेदार ने पुलिस को दी। थाना प्रभारी मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। जहां बल्लू की लाश फार्म पोंड में मिली। पुलिस ने इसके बाद शव को पोंड से निकलवाया। इस बीच, पुलिस ने मृतक के आसींद क्षेत्र में रह रहे भाई साहिल को भी बुलवा लिया। बाद में शव को रायला अस्पताल भिजवा दिया गया, जहां शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम किया गया।

# राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल पीईईओ के लिए बने सिरदर्द

**बीकानेर, (कासं.)।** सरपंच और ग्रामसेवक हुए ओलंपिक खेलों के आयोजन से दूर, शिक्षक भामाशाहों के सामने फैला रहे हाथ, पंचायतीराज विभाग के दूर होने से शिक्षा विभाग के पाले में आई गेंद।

शिक्षक कैसे खरीदें खेल सामग्री के लिए महज 3150 का बजट इतना सस्ता सामना कहां से लाएं, खेल मैदानों का टोटा भी बढ़ ा रहा परेशानी 29 से प्रदेशभर में होने है ग्रामीण ओलम्पिक विद्याथिर्यों की पढ़ ाई प्रभावित होगी। राज्य में 29 अगस्त से शुरू हों रहे ग्रामीण ओलंपिको को लेकर राज्य सरकार की ओर से भले ही खेल प्रतिभाओं को तराशने के नाम पर तारीफ लूटी जा रही हो, लेकिन जमीनी स्तर पर दावों से काफी भिन्न है। सरकार ने खेल सामग्री खरीदने के लिए जो राशि दी है उनसे एक खेल की भी सामगी नहीं खरीदी जा सकती।

दरअसल, सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर 3150 रुपए में खेल सामग्री खरीदने के आदेश दिए है। राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त से प्रदेशभर में ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का आगाज होना है। ग्रामीण ओलंपिक के आयोजनों का जिम्मा पंचायतीराज के साथ शिक्षा विभाग को दिया गया था, लेकिन सरपंच व ग्राम विकास अधिकारियों के आंदोलन की वजह से गेंद पूरी तरह शिक्षा विभाग के पाले में आ गई है। कम बजट के कारण शिक्षकों को भामाशाहों के आगे हाथ फैलाने पड़ रहे है। सबसे बड़ी चुनौती कम बजट में खेल सामग्री खरीदने है।

शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने बताया की राज्य में 29 अगस्त से शुरू हों रहे राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल में 650 रुपए की राशि से 2 क्रिकेट बेट, 150 रुपए में 3 टेनिस बॉल, 550 रुपए में एक शूटिंग वॉलीबॉल, 400 रुपए में एक शूटिंग वॉलीबॉल नेट, हॉकी खेलने के लिए 150 रुपए में 2 बॉल, 550 रुपए में वॉलीबॉल, 400 रुपए में एक नेट व 150 में 2 हॉकी बॉल खरीदने के लिए 3150 रुपए का बजट घोषित किया है। सरकार की इस दर के हिसाब से बाजार में कोई सामग्री नहीं मिल रही है। ऐसे में खरीदी जान वाली खेल सामग्री की गुणवत्ता सवालों के घेरे में भी रहेगी।

खेल सामग्री खरीद की दरों को लेकर खुद शिक्षक भी काफी अचम्भित है। ग्रामीण ओलंपिक में टेनिस बॉल से क्रिकेट प्रतियोगिता होनी है लेकिन खेल सामग्री खरीदने वाले शारीरिक शिक्षक व संस्था प्रधान 325 रुपए में बेट लेने के लिए बीकानेर से लेकर जयपुर तक दुकान की तलाश में जुटे है। बाजार में सामान्य रूप से खेलने के लिए 600-700 की राशि से बेट की शुरुआत होती है। वहीं टेनिस बॉल के दाम भी बढ़ गए हैं जिसमें एक टेनिस बॉल जिससे अमूमन युवा खेलते है। उसके दाम 60 रुपए है तो 150 रुपए की राशि से 3 बॉल कैसे आएगी?

ग्रामीण ओलम्पिक खेल में टीमों के गठन के मामले में उदयपुर प्रदेश में सबसे अव्वल रहा है। वहीं बूंदी जिला सबसे पीछे रहा है। उदयपुर में कबड्डी में 2028, शूंटिग वालीबॉल 116, टेनिस बॉल क्रिकेट 1027, खो-खो 912, वालीबॉल 871 व हॉकी में 119 टीमें गठित करते हुए सबसे अधिक 5073 टीमों का गठन किया। बूंदी में कबड्डी की 1, शूटिंग वालीबॉल 0, टेनिस बॉल क्रिकेट 0, खो - खो 0, वालीबॉल 0 टीम हैं तथा हॉकी में दो टीमें ही गठित हो सकी है।

# बार-बार दुष्कर्म और दो बार गर्भपात करवाने का आरोप

- राजगढ थाने में दर्ज करवाया मामला
- दुष्कर्म की घटना की अश्लील फोटो का डर दिखाकर आरोपी ने किया पीड़िता से दुष्कर्म

**सादुलपुर, (निसं)।** कस्बा राजगढ के वार्ड 14 निवासी एक महिला ने एक आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की घटना की अश्लील फोटो का डर दिखाकर बार-बार दुष्कर्म करने एवं दो बार गर्भपात करवाने के आरोप का मामला राजगढ थाने में दर्ज करवाया है।

पीडिता ने दर्ज प्रकरण में आरोप लगाया है कि राकेश कुमार जांगिड पुत्र लक्ष्मण राम जांगिड हमेशा से ही उस पर बुरी नजर रखता है तथा एक रोज पीडिता के घर वाले गाँव किसी कार्य से गये हुए थे, उसका फायदा उठाकर वह जबरन उनके घर में घूसा और उसे अकेली देखकर जबरन नशीली दवाई खिलाई, जिससे वह बेहोस हो गई। जैसे ही उसे होश आया तो देखा कि वह तथा आरोपी राकेश कुमार जांगिड बेड पर नग्न अवस्था में थे। जिस पर पीडिता ने शोर मचाना चाहा तो आरोपी ने उसका मुंह दबा लिया तथा कहा कि उसने अपने मोबाईल में उसकी दुष्कर्म की नग्न फोटो खींच रखी है तथा किसी को बताने पर उसे बदनाम कर देगा। जिससे वह काफी डर गई और वो आये दिन उसे बदनाम करने का डर दिखाकर उसके साथ गलत कार्य करता रहा।

आरोप है कि जिससे वह दो बार पेट से गर्भवती हो गई, जिनको आरोपी राकेश कुमार जांगिड ने जबरदस्ती से उसे गर्भपात होने की दवाई खिलाई, जिससे उसका गर्भपात हो गया। लेकिन अंतिम बार अगस्त 2022 में उसका गर्भपात हुआ तब आरोपी ने उससे शारीरिक संबन्ध बनाने के लिए कहा तथा बदनामी का डर दिखाकर उसे ब्लैकमेल करने लगा, लेकिन अन्त में पीडिता ने तंग आकर आपबीती अपने पति को बताई तथा उसके घर वालो ने आरोपी को समझाया तो सभी को जान से मारने की धमकी दे डाली और कहा कि मेरा पुलिस कुछ नहीं बिगाड सकती। राजगढ थाना पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप का प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# नकबजन से जेवरात खरीदने वाले दो गिरफ्तार

## नकबजनी के आरोप में गिरफ्तार 6 आरोपियों से हुआ खुलासा

**देवगढ़, (निसं)।** देवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम लसानी से सूने मकान में नकबजनी के आरोप में पूर्व में गिरफ्तार हुए 6 आरोपियों द्वारा देवगढ़ के बाजार में बेचे गए जेवरात खरीदने के आरोप में दो सर्राफा व्यापारियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार देवगढ़ थाना अधिकारी शैतान सिंह नाथावत ने बताया कि 15 अगस्त को प्रार्थी सुरेश प्रजापत पिता केलाश जी प्रजापत निवासी लसानी की देवगढ़ थाने में दर्ज चोरी की रिपोर्ट पर पुलिस टीम गठित की । जिसमें पूर्व में गिरफ्तार हुए 6 आरोपियों से पुलिस रिमांड में पूछताछ की गई तो चोरी किए गए जेवरात देवगढ़ के व्यापारियों को बेचना स्वीकार किया। प्रार्थी सुरेश प्रजापत पिता कैलाश प्रजापत निवासी लसानी पीड़ित ने बताया कि घर से अलमारी में रखे सोने के जेवरात नहीं मिले।

देवगढ़ थाना अधिकारी शैतान सिंह नाथावत ने बताया कि उक्त प्रकरण में चोरी का माल खरीदने के आरोप में दो आरोपियों कैलाश पोखरना और डालचंद सोनी को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि पूर्व में गिरफ्तार 6 आरोपियों से जेवरात खरीदना स्वीकार किया।

थाना अधिकारी ने बताया कि पूर्व में गिरफ्तार छह आरोपी आसू राम सालवी पिता प्यारे लाल सालवी सुभाष मेवाड़ा पिता मोहनलाल मेवाड़ा कन्हैया लाल सालवी पिता नेनाराम सालवी श्याम लाल सालवी पिता नेनाराम सालवी दिनेश सालवी पिता प्यारे लाल सालवी कालू नाथ पिता शंकर नाथ है।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला

**उदयपुर, (कासं)।** जिले के सेमारी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग ने एक युवक के खिलाफ उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार एक किशोरी ने राजकुमार पुत्र पेमा मीणा निवाीस धनकावाडा उडाल फलां सेमारी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि आरोपी ने उसे कुछ समय पूर्व अकेला देखकर उसे डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था और इसके बाद से ही आरोपी उसे आए दिन डरा-धमकाकर दुष्कर्म कर रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दाल से भरे ट्रक की लूट मामले का खुलासा

**सादुलपुर, (निसं)।** नेशनल हाईवे 52 पर स्थित डोकवा गाँव के पास लगभ डेढ साल पूर्व सिवानी से ट्रक में चना भरकर बीकानेर जा रहे ट्रक चालक से गन पॉईन्ट पर 15 लाख रूपये लूटकर ले जाने के प्रकरण में राजगढ थाना पुलिस ने प्रकरण का पर्दाफास करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण अनुसार चालक चांदीराम पुत्र रामजीलाल जाति जाट निवासी नलाई तहसील सिवानी जिला भिवानी से डोकवा गाँव के पास मालपेटे भेजे गये 15 लाख रूपये लूट लिये गये थे। जिसमें तरूण इन्टरप्राईजेज सिवानी हरियाणा के संचालक तरूण गर्ग पुत्र अंजली कुमार जाति महाजन निवासी वार्ड 2 सिवानी हरियाणा ने राजगढ थाने में अज्ञात मुलजिमानो के खिलाफ लूट का मामला दर्ज करवाया गया था। घटना के खुलासे के लिए मुखबीर तय किये तथा विशेष सुचनाएं संकलित की गई तथा प्राप्त सुचनाओं का तकनिकी विश्लेषण किया।

घटना को अंजाम देने में अहम भूमिका तरूण इन्टरप्राईजेज दाल मील सिवानी में ही दाल मील के मालिक अंजनी कुमार के पर्सनल ड्राईवर राकेश कुमार की रही, जिसमें मुलजिमान राजेन्द्र बिश्नोई, निर्मल बिश्नोई के साथ षडयत्र रचकर मुलजिमान के साथ राजेन्द्र सिंह व निर्मल कुमार की बडवा गाँव में बनी ढाणी में घटना की योजना तैयार की गई। 15 मई 2021 को ट्रक में रूपये जाने की सूचना राजेन्द्र बिश्नोई को उपलब्ध करवाई गई। मामले में आरोपी प्रवीण कुमार जाट व राकेश कुमार पंजाबी को गिरफ्तार किया गया।

# मोदी-20 एक पुस्तक नहीं, भारत के बदलाव की कहानी है: तिवाड़ी

**हिण्डौन सिटी, (का.सं.)।** जिला भाजपा द्वारा आदर्श विद्या मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लिखी गई किताब मोदी-20 पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा राज्यसभा सांसद पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार घनश्याम तिवाड़ी ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी हरेंद्रानंद ध्रुवघटा वालों ने की मुख्य वक्ता के रूप में सांसद तिवाड़ी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे की सबसे बड़ी पार्टी है, 12 वर्ष तक मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री बतौर कार्य किया और 8 वर्ष तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं। मोदी आज विश्व के सबसे प्रिय नेता के रूप में जाने जाते हैं।

तिवाडी ने कहा कि गुजरात में आज दंगा, अपराध को लोग भूल गए हैं। जिसका श्रेय मोदी के सुशासन को जाता है। घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि अशोक गहलोत अपने बनाए हुए जाल में इस कदर फंस गए हैं कि जनता की सुध लेना ही भूल गए हैं। भ्रष्टाचार, लूटपाट, बलात्कार से जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि मोदी - 20 पुस्तक देश के प्रख्यात और विख्यात 21 व्यक्तियों द्वारा लिखी गई नरेंद्र मोदी की ऐसी कहानी है जो भारत के बदलाव की धौतक है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही 170


कार्यक्रम को राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने सम्बोधित किया।

- गहलोत अपने बनाए हुए जाल में इस कदर फंस गए हैं कि जनता की सुध लेना ही भूल गए हैं

देशों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरी ऊर्जा से मनाया जाता है तो अभी हमने आजादी का अमृत महोत्सव तिरंगे को अपने घरों पर फहरा कर पूरी श्रद्धा से मनाया है । मोदी पर लिखी गई यह किताब अभी अंग्रेजी में उपलब्ध है और सितंबर तक यह हिंदी में उपलब्ध होगी । कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री धीरेन्द्र सिंह बैंसला व मोदी-20 के जिला संयोजक महेंद्र मीणा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, टोडाभीम पूर्व प्रत्याशी रामराज मीणा, किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेंद्र शेखपुरा, सह संगठन प्रभारी गोरधन सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा, शिवकुमार सैनी, जिला मंत्री महिला मोर्चा गायत्री कोली, पूर्व जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा लज्जारानी, जिला महामंत्री महिला मोर्चा गीता जाट सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी अनेक व्यापारी चिकित्सक और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# पर्यटन स्पॉट के रूप में विकसित होगी काजीपुरा की भैरव घाटी : राठौड़

## भैरव घाटी पर लगभग सवा सौ साल पुराना गंगा भैरव मंदिर हैं जहां श्रद्धालुओं की आवक रहती है

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि फाई सागर रोड स्थित काजीपुरा गांव में अरावली की खूबसूरत पहाड़ियों के बीच स्थित भैरव घाटी को नेचर टूरिज्म एवं पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जाएगा।

निगम अध्यक्ष राठौड़ ने आज प्रशासनिक अधिकारियों जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम वासियों के साथ भैरव घाटी का मौका मुआयना किया। उन्होंने बताया कि भैरव घाटी पर लगभग सवा सौ साल पुराना गंगा भैरव मंदिर हैं जहां पर दीपावली पर देश विदेश से श्रद्धालु आते हैं। भैरव घाटी पर पृथ्वीराज चौहान के शासन काल के घुड़साल, किले की दीवार दरवाजे एवं बावडिया सहित पुरातत्व एवं ऐतिहासिक महत्व की कई स्मृतियां एवं स्मारक है।

काजीपुरा से गंगा भैरव मंदिर तक पहाड़ी की चोटी तक तत्कालीन सांसद सचिन पायलट ने सीसी रोड बनवाई थी । उन्होंने बताया कि भैरव घाटी पर प्राकृतिक खूबसूरती का बेहतर नजारा देखने को मिलता है पहाड़ी पर सनसेट पॉइंट एवं सेल्फी प्वाइंट बने हुए हैं।


राजस्थान पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष राठौड़ ने प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम वासियों के साथ भैरव घाटी का मौका मुआयना किया।

निगम अध्यक्ष राठौड़ का मौका मुआयना करते समय काजीपुरा ग्राम वासियों ने बताया कि भैरव घाटी रहस्य रोमांच से भी भरपूर है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भोज बगड़ावत को अकूत संपदा खजाना इन्हीं पहाड़ियों से मिली था।

काजीपुरा ग्राम वासियों ने निगम अध्यक्ष राठौड़ से वन विभाग पुरातत्व विभाग पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन एक टीम बनाकर मौका मुआयना कर इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का आग्रह किया ! मंदिर परिसर में पुजारी भाग सिंह रावत में निगम अध्यक्ष राठौड़ एवं अतिथियों का माल्यार्पण कर साफा पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर निगम अध्यक्ष राठौड़ के साथ ब्लॉक विकास अधिकारी विजय सिंह चौहान सहायक अभियंता रविंद्र जोधावत उप पुलिस अधीक्षक सुनील सिहाग अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल विजय नागोरा अजय तेंगौर पार्षद हेमंत जोधा देवकिशन दायमा गुल मोहम्मद सम्राट उटडा सर्वेश पारीक .सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

निगम अध्यक्ष राठौड़ के अजमेर पहुंचने पर एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अब्दुल फरहान राजकीय विधि महाविद्यालय के छात्र संघ के अध्यक्ष दिनेश रियाड राजकीय गर्ल्स कॉलेज की अध्यक्ष अंजलि मीणा उपाध्यक्ष साक्षी भट्ट छात्र नेता दिव्या राठौड़ कोमल पेपड़ी पार्षद कपिल सारस्वत सैयद फेसल आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## संक्षिप्त

### गुमशुदगी का मामला दर्ज



**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय थाने में कस्बे के बुचाहेडा मौहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने अपने बुजुर्ग पिता के लापता हो जाने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार सुनिल कुमार पुत्र राधेश्याम सोनी निवासी मौहल्ला ने रिपोर्ट में बताया है कि मेरा पिता राधेश्याम (68) पुत्र गुर्जरमल सोनी पिछले 4 अगस्त को घर से बिना बताये चले गये थे। जिनकी काफी तलाश की कहीं कोई सुराग नहीं मिला। जिनका मोबाईल भी चालु है लेकिन उठा नहीं रहे। राधेश्याम सोनी ने सफेद रंग का कुर्ता व पायजामा पहन रखा है, जो बीमार रहते है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### खेल मैदानों का निरीक्षण किया

**निवाई, (निसं)।** सांसद सुखबीरसिंह जोनपुरिया ने रविवार को राजीव गाँधी ग्रामीण ओलंपिक खेल मैदानों का निरीक्षण किया। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि सांसद ने सोमवार से शुरू हो रहे राजीव गाँधी ग्रामीण ओलंपिक खेल की तैयारी कर रहे खिलाडियों से मुलाकात कर उन्हें खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर युवा शक्ति संस्थान बगरू के अध्यक्ष राजेश शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र मीना, पंचायत समिति सदस्य शंकरलाल अटल, प्रधान रामअवतार लांगडी, जिला परिषद सदस्य रामजी लाल बैरवा, पीटीआई मुकेश बोहरा, नन्दकिशोर मीना, लोकेश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

**निवाई, (निसं)।** भाजपा अरनिया मंडल अध्यक्ष देवराज गुर्जर ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मंडल का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष पद पर शिवराज लांगडी, चिंरजीलाल झापडी, रामरतन गुर्जर, हंसराज गुर्जर, राजाराम प्रजापत व श्योजीराम गुर्जर को महामंत्री, सांवरिया सोनी, बुधराम मीणा व दिनेश चोधरी, मीडिया प्रभारी बाबूलाल गुर्जर हिंगोनिया, मंत्री सम्पतसिंह राजावत, रामधणी, रामकिशन लांगडी, कालूराम बिधुडी, गंगाधर बैसला, विद्या खेमचंद वर्मा व मौसम सुनिल कुमावत को कोषाध्यक्ष राजाराम चेलरवाल तथा आईटी सेल प्रभारी देवराज कांवर को मनोनीत किया है।

### छात्रसंघ अध्यक्ष का जताया आभार

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय खैरथल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हंसराज गुर्जर ने रविवार को अपने सभी समर्थक विद्यार्थियों को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए मिठाई का डब्बा व फूल गुलदस्ता भेंट कर आभार व्यक्त किया। गांव रसगन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वह महाविद्यालय व छात्र छात्राओं के हितों की रक्षा करने के लिए वे कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे और भामाशाहों का अधिकाधिक सहयोग लेकर महाविद्यालय में ज़रुरी सुविधाएं जुटाने का भरसक प्रयास करेंगे।

### शांतिभंग के आरोप में चार गिरफ्तार

**मालपुरा (निसं)।** दो अलग-अलग स्थानो से रविवार को उत्पात मचाते चार जनों को थाना पुलिस ने गिरफतार किया। थानाधिकारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि जयपुर रोड शास्त्री नगर मे शराब पीकर उत्पात मचाते दीनदयाल पुत्र सुवालाल रेगर को गिरफतार किया गया। वही टोरडी सागर बांध के पास उत्पात मचाते ताबीज पुत्र सलीम निवासी मोहल्ला सादात,सोहेल पुत्र युसुफ निवासी लखारा मोहल्ला व नारिस पुत्र सलीम अली निवासी चार दरवाजा जयपुर को गिरफतार किया गया।

### शिवराज सिंह अध्यक्ष बने

**मालपुरा, (निसं)।** राजपूत समाज तहसील मालपुरा कार्यकारिणी की राजपूत छात्रावास में समाज अध्यक्ष धनसिंह राजावत की अध्यक्षता में हुई। बैठक मे प्रतिवर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने व छात्रावास मे रहने वाले समाज के छात्रों को गणित, अंग्रेजी व विज्ञान विषय के विशेष अध्ययन की व्यवस्थाओं पर निर्णय लिया गया। लगातार दूसरी बार समाज अध्यक्ष बने धनसिंह राजावत का समाज बंधुओ ने पगडी पहना अभिनन्दन किया। बैठक के दौरान शिवराज सिंह बापडून्दा को सर्वसम्मति से युवा अध्यक्ष चुना गया।

# महिला प्रोफेसर का बेटा बन करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

■ चार किलो सोना बेचने की तस्दीक के लिए जवाहर सर्किल पुलिस आरोपी को लेकर पहुंची मालपुरा



गिरफ्तार आरोपी मंगलराम गुर्जर के साथ जयपुर पुलिस व मालपुरा पुलिस तस्दीक की कार्यवाही में जुटी।

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर के जवाहर सर्किल थाना क्षेत्र में एक प्रोफेसर महिला का बेटा बनकर महिला के साथ रहते हुए धोखाधडी से अनुमानित दस करोड रूपये से अधिक की सम्पति व चार किलो सोना सहित बैंक खाते से 45 लाख रूपये की नगदी हडपने के आरोप में मालपुरा थाना क्षेत्र के सदरपुरा गांव निवासी मंगलराम गुर्जर पुत्र कालू गुर्जर को बीते दिन जयपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को सोना बेचने की तस्दीक के लिए मालपुरा व लाम्बाहरिसिंह लाया गया।

जवाहर सर्किल थाना पुलिस टीम कप्तान मनोहर लाल व टीम से मिली जानकारी में सामने आया कि मंगलराम गुर्जर अपनी पत्नि के साथ जयपुर निवासी एक प्रोफेसर वृद्ध महिला के यहां घरेलू काम के लिए रहते हुए प्रोफेसर महिला को विश्वास में ले कई सालों तक प्रोफेसर की देखभाल कर उसका दिल जीत लिया। प्रोफेसर महिला ने मंगलराम व उसकी पत्नी को अपने बेटा-बहू के समान दिल में जगह दे मंगलराम पर विश्वास जता लिया। मंगल ने साजिश रचते हुए प्रोफेसर महिला की करोडों रूपयो की चल-अचल सम्पति धोखे से अपने नाम करवा ली तथा प्रोफेसर के बैंक खाते से तकरीबन 45 लाख रूपये भी निकाल लिये तथा घर में रखा चार किलो सोना कब्जे में ले लिया। सम्पूर्ण घटनाक्रम व धोखाधडी की साजिश का प्रोफेसर महिला को भनक तक नहीं लगने दी। प्रोफेसर महिला की हुई रहस्यमय मौत के बाद मंगलराम ने उसी के आवास पर तीये की बैठक सहित मृत्युभोज पर पंडितों व परिचितों का भोजन कार्यक्रम भी आयोजित किया। जिसमे इसके गांव सदरपुरा से भी परिजन व महिलाए शिरकत करने पहुंची। महिलाओं को भी कीमती उपहार दिये जाने की जानकारी सामने आई है। आरोपी मंगलराम से की गई गहन पूछताछ के बाद रविवार को जवाहर सर्किल थाना पुलिस टीम कडे पुलिस जाप्ते के साथ मंगलराम गुर्जर व जयपुर निवासी एक स्वर्णकार को साथ ले तस्दीक के लिए मालपुरा पहुंचे। स्थानीय थाना पुलिस टीम के साथ शहर के नवीन मंडी स्थित एक प्रतिष्ठित ज्वैलर्स की दुकान सहित मंगलराम के गांव सदरपुरा व लाम्बाहरिसिंह में तस्दीक की कार्यवाही की गई। जयपुर पुलिस टीम की तस्दीक कार्यवाही के दौरान नवीन मंडी में भारी भीड जमा हो गई। फिलहाल पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी में आरोपी मंगलराम से गहन पूछताछ की जा रही है तथा प्रोफेसर के साथ की गई धोखाधडी मामले में कडी से कडी जोड लिप्त आरोपियों के सुराग व साक्ष्य जुटाये जा रहे है।

## बैठक में शिक्षा में संगठनात्मक ढांचे को लेकर मंथन

■ फिजूलखर्ची पर रोक लगाने एवं ब्राह्मण समाज के विकास की रूपरेखा को लेकर चर्चा

**मंडावरी, (निसं)।** नगर पालिका क्षेत्र के परशुराम सेवा सदन में गॉड सनाढ ्य ब्राह्मण समाज के एक बैठक अध्यक्ष सीताराम शर्मा ढ न्ढ वाले की अध्यक्षता मे आयोजित की गई।

इस बैठक के दौरान ब्राह्मण समाज के प्रतिष्ठित लोगों द्वारा समाज की बैठक के दौरान शिक्षा में संगठनात्मक ढ ांचे को लेकर मंथन करते हुए समाज के विकास की रूपरेखा को लेकर चर्चा की। ब्राह्मण समाज द्वारा इस विशेष बैठक के दौरान समाज में वैदिक पौराणिक संस्कृति आदि काल से चली आ रही है जिस विधा के चलते ब्राह्मण समाज को आदि काल से पूजनीय माना गया है संस्कृति को पाश्चात कालीन प्रभाव से बचाने को लेकर भी चर्चा की गई।

वही समाज में होने वाली फिजूलखर्ची को नहीं करने के लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान समाज के लोगों को बिना एक राय हुए बिना सर्वसम्मति से किसी भी कार्य को करने एवं बिना समाज की समिति के दीगर व्यक्ति को बुलाने को लेकर भी बहस हुई।

इस मुद्दे को लेकर समाज में बैठक में चर्चा के बाद तय हुआ कि समाज की एकरूपता बनाए रखने के लिए बिना समाज की राय मशविरा एवं समिति के कोई कार्य नहीं किया जाएगा। वही बैठक के दौरान समाज के युवाओं को नई दिशा देने के लिए एवं युवाओ को शिक्षा एवं रोजगार के लिए प्रेरित करने को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष हुकमचंद हिंडोनिया, बिरजू पानवाला, मिडिया प्रभारी खेमराज भेडोल्या, शिवकुमार बंधु, रमेश शर्मा इग्लिश, मदन मोहन शर्मा जेली, कजोड़ जख्मी, रामधन भेडोल्या, मनोज शर्मा, छगन शर्मा, शिवकुमार शर्मा पत्रकार, अजय जोशी, रामचरण भेडोल्या आदि कई गॉड सनाढ्य ब्राह्मण समाज के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## लियो क्लब खैरथल मंडी का पदग्रहण समारोह संपन्न



लियो क्लब कार्यकारिणी का शपथग्रहण आयोजित हुआ।

**खैरथल, (निसं)।** लियो क्लब खैरथल मंडी की नई कार्यकारिणी का शपथग्रण समारोह आयोजित किया गया।

क्लब के एडवाइजर लायन सुभाष गोयल ने बताया कि लियो क्लब का पदग्रहण समारोह मातोर रोड स्थित सुन्दरम गार्डन में हुआ। इसमें मुख्य अतिथि लियो दीपक दुआ, शपथ ग्रहण अधिकारी लायन डाक्टर रिंकू मेहता, एमजेएफ लायन अभिषेक गोयल एवं बाहर से पधारे अतिथि लायन राजीव लोचन, लियो अनीष खान, वरिष्ठ लायन बाबू लाल डाटा द्वारा ओजस्वी उद्धबोधन दिया गया।

लायन डाक्टर रिंकू मेहता ने लियो नरेंद्र गुप्ता को अध्यक्ष, लियो विनिता वलेचा को सचिव, लियो आदित्य पमनानी को कोषाध्यक्ष एवम समस्त कार्य कारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंच संचालन लियो अमन गुप्ता और लियो गुन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में सभी लियो तथा लायन मेम्बर उपस्थित रहे। अंत में समारोह संयोजक लियो मनीष गुप्ता लियो अभिषेक गोयल ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

## संगठित समाज मजबूत राष्ट्र का आधार : युधिष्ठिर



कुमावत क्षत्रिय महासभा रजिस्टर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष युधिष्ठिर कुमावत के श्रीमाधोपुर आगमन पर अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कुमावत क्षत्रिय महासभा रजिस्टर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष युधिष्ठिर कुमावत के श्रीमाधोपुर आगमन पर स्थानीय कुमावत क्षत्रिय समाज समिति के द्वारा अरूण पैलेस में अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया।

समिति के महामंत्री तनसुख कुमावत ने बताया कि समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष युधिष्ठिर कुमावत ने कहा कि संगठित समाज एक मजबूत राष्ट्र का आधार है। समाज की सेवा करते हुए समाज ने जो जिम्मेदारी की पगडी बांधी है उसे निभाने का हर संभव प्रयास नव निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के द्वारा किया जायेगा। महासभा की स्थापना के 76 वर्ष वर्ष को हिरक जयन्ती के रूप में देशभर मनाए जाने का आव्हान किया। इसके साथ ही जनजागरण हेतु राष्ट्रीय रैली निकाले जाने की बात कहीं।

उन्होंने समाज की जनगणना का प्रारूप रखते हुए महासभा को गांव गांव ढ ाणी ढ ाणी पंहुचाने का संकल्प दोहराया। इससे पूर्व महासभा के महामंत्री सूरजमल अडानिया, राष्ट्रीय जनगणना मंत्री हरिसिंह घटेलवाल, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी संदीप कुमावत सहित पधारे अन्य अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर अभिनन्दन किया गया। समारोह मे रोडवेज आगार प्रबंधक दीपक कुमावत, बिहारी लाल बरमुंडा, बजरंग कुमावत, नगर पालिका सहवृत सदस्य भगवती देवी कुमावत, पार्षद प्रतिनिधि भरत पेन्टर, व्याख्याता सुरेन्द्र चेजारा, गिरधारी लाल, बनवारी लाल, एडवोकेट अनुराग कुमावत, युवा नेता विजय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नगर पालिका श्रीमाधोपुर के पूर्व पालिकाध्यक्ष तनसुख कुमावत ने किया।

## राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों को लेकर प्रभारी अधिकारी नियुक्त

■ आज से होगा ओलंपिक खेलों का आगाज, ग्राम पंचायत स्तर पर होंगे ओलंपिक खेल

**लालसोट/रामगढ -पचवारा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में आयोजित होने वाले दो दिवसीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों को लेकर जिला कलेक्टर द्वारा इनके सफल संचालन एवं प्रभावी पर्यवेक्षण को लेकर प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

सीबीईओ गोविंद नारायण माली ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर प्रथम चरण में दो दिवसीय ब्लॉक स्तर पर चार दिवसीय आयोजन होगा। सोमवार से विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर दो दिवसीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का आयोजन शुरू होगा। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित हो रहे दो दिवसीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के सफल आयोजन के लिए जिला कलेक्टर कमल चौधरी द्वारा एक आदेश जारी कर जो प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं वह इन खेलों के दौरान मौजूद रहकर खेलों के सफल संचालन पर निगरानी रखेंगे।

रामगढ पचवारा उपखंड क्षेत्र के डोब में उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग दौसा व कल्लावास में जिला आबकारी अधिकारी, दौसा सोनड में सहायक रजिस्ट्रार, सहकारिता विभाग व डिडवाना में उप प्रबन्धक, आरएफसी दौसा व लालसोट उपखंड क्षेत्र के श्यामपुरा कला में अधिशाषी अभियंता, जेवीवीएनएल लालसोट व दौलतपुरा में जिला परिवहन अधिकारी को एवं तलावगाव में प्रबंध निदेशक आत्मा दौसा को व सहायक निदेशक आर्थिक एवं सांख्यकी विभाग दौसा को लालपुरा में सतत निगरानी एवं पर्यवेक्षण के लिए नियुक्त किया गया है।

इन ग्रामीण ओलंपिक खेलों को लेकर टीमों का गठन करने के साथ खेल मैदान को विकसित किया गया है। वही खेलों के दौरान परिणाम देने वाले प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षकों सहित इस ओलंपिक खेलों से जुडी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देकर उसे पूरी तरह ग्रामीण खिलाडियों को मैदान में उतरने के लिए तैयार किया गया है। राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस से शुरू हो रहे इन खेलों में हर आयुवर्ग के लोग हिस्सा लेंगे। इन खेलों में कबड्डी बालक बालिका वर्ग, शूटिंग बॉल बालक वर्ग खो-खो. बालिका वर्ग, वॉलीबॉल बालक बालिका वर्ग, टेनिसबॉल क्रिकेट बालक बालिका वर्ग एवं हॉकी बालक बालिका वर्ग खेल शामिल होंगे। इन खेलों से गांवों में एक उत्सव जैसा माहौल बनेगा।

## 'नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति निरोग रहता है'

■ ग्राम जयसिंहपुरा में योग शक्ति कार्यक्रम नियमित जारी



ग्राम के युवा-बुजुर्ग एवं विद्यार्थियों ने योग व प्राणायाम का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

**कोटपूतली, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से समर्थ सशक्त कोटपूतली अभियान के तहत विश्व योग दिवस से प्रारम्भ योग शक्ति कार्यक्रम का चतुर्थ योग शिविर ग्राम जयसिंहपुरा में दूसरे दिन भी जारी रहा। इसमें ग्राम के युवा-बुजुर्ग एवं विद्यार्थियों ने योग व प्राणायाम का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समर्थ सशक्त कोटपूतली अभियान के संयोजक मुकेश गोयल ने बताया कि योगशक्ति कार्यक्रम का उददेश्य कोटपूतली परिक्षेत्र के हर नागरिक को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत कर उनके जीवन को बदलना है। योग परिसंचरण और रक्त प्रवाह को भी बढ ाता है, जो हृदय के लिए अच्छा है। यह रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल के साथ ही हृदय गति को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। नियमित योग अभ्यास से समन्वय, स्मृति और यहां तक ध्कि बुद्धि कौशल को बढ ाने में भी मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि योग से जीवन में सारे सुख प्राप्त किये जा सकते है। इसलिए लोगों को योगशक्ति से जुडकर नियमित योग का लाभ प्राप्त करना चाहिए। जयसिंहपुरा में यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 7 बजें तक आयोजित किया जा रहा है। योगाचार्य राजेश लखेरा ने लोगों को योग करने के लाभों से अवगत कराया।

रविवार को इस योग शिविर के दूसरे दिन भाजपा जिला महामंत्री एडवोकेट सुरेंद्र चौधरी, ओबीसी मोर्चा जिलामंत्री दुलीचन्द मान, सरपंच देवकरण मान, रणसिंह हवलदार वीरेंद्र चौधरी, बलवान सिंह, रामनिवास पोस्टमैन, त्रिलोक चंद आर्य, हरनाथ हवलदार अशोक मान, मानसिंह हवलदार, रोहतास मान, करण सिंह, थावरमल, महेश मान, उमेश जाट, नितेश मान, आशु मान, नारायण सिंह आर्य सहित अनेक ग्रामवासियों ने योग प्राणायाम का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## सार-समाचार

### ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं

**सांभरझील, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खण्डेल में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी केसर लाल वर्मा द्वारा किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति सांभर एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्कूली छात्र छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति सांभर लेक ब्लाक की प्रतियोगिताओं का उद्धघाटन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खंडेल में अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी केसर लाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। वर्मा ने खेलों का महत्व बताते हुए कहां कि बच्चों में नेतृत्व क्षमता एवं अनुशासन आदि क्षमताएं विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने ब्लाक स्तर पर आयोजित हो रही प्रतियोगिताओं के लिए उद्घाटन की घोषणा कर ध्वजारोहण किया। खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की 15 टीमों ने भाग लिया जिसमें कबड्डी, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड, 400 मीटर दौड, लम्बी कूद, ऊंची कूद आदि प्रतियोगिताए आयोजित की गई। इस अवसर सरपंच प्रतिनिधि धैर्यवर्धन, प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खण्डेल साम्बेश्वर शर्मा, शारीरिक शिक्षक चेतना भट्ट, जोधाराम रेगर आदि उपस्थित रहे।

### राकेश टिकैत का कोटपूतली में स्वागत

**कोटपूतली, (निसं)।** भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत का कोटपूतली पहुंचने पर युवा जाट महासभा के जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी की अगुवाई में जाट छात्रावास अध्यक्ष रोहिताश कपूरिया, तहसील अध्यक्ष जसवंत माठ, चौंमू जिला अध्यक्ष पवन चौपडा, उपाध्यक्ष रोहिताश जाट, अनिल जाट आदि ने साफा एवं माला पहनाकर टिकैत का स्वागत किया। राकेश टिकैत ने मेडता सिटी नागौर में किसान महासम्मेलन में भाग लेने जाते समय कोटपूतली में युवाओं एवं किसान से मुलाकात की। इस मौके पर राकेश टिकैत ने कहा कि देश का किसान आज खतरा महसूस कर रहा है उसे संगठित रहकर अपने हक की लड़ाई खुद लडनी होगी, देश में धर्म की अफीम बांटी जा रही है। टिकैत ने कहा कि चुनाव से पूर्व सरकार ने किसानों से किये वादों को पूरा नहीं किया है। इस मौके पर जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह भी मौजूद रहें। इस दौरान जाट महासभा के अनिल जाट, मनोज खोजा, विनोद कसाना, विजय चौधरी, विश्वेंद्र सिंह, संदीप चौधरी, प्रकाश चौधरी, संदीप मान व पीसी जाट सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### अटल पारीक अध्यक्ष बने

**मालपुरा, (निसं)।** पारीक समाज मालपुरा की वार्षिक बैठक रविवार को नसियां बालाजी मंदिर घाटी रोड पर सम्पन्न हुआ। बैठक में समाज अध्यक्ष अटल पारीक ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए डॉ. हरिशंकर पारीक को उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश पारीक कचोलिया वाले को कोषाध्यक्ष व चन्द्रशेखर पारीक को सहकोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक मे पिनणी रोड स्थित समाज की धर्मशाला विकास सहित समाजोत्थान को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। वही पारीक समाज महिला मंडल के चुनाव मे शरद लता पारीक को अध्यक्ष, ममता पारीक उपाध्यक्ष, विनिता व्यास कोषाध्यक्ष, प्रियंका पारीक व निलिमा पारीक सांस्कृतिक मंत्री, बरखा पारीक सचिव, शन्नु पारीक सहसचिव मनोनीत की गई। पारीक समाज व महिला मंडल के चुने गये नवीन पदाधिकारियो को समाज बंधुओं ने माला पहना स्वागत करते हुए समाजहित मे कार्य करने व पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया।

### मारपीट कर नकदी छीनने का आरोप

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय थाने में कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास निवासी एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट कर 50 हजार रूपये छीन ले जाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार गोकुल पुत्र चन्द्रराम निवासी वार्ड नं. 26 मौहल्ला बडाबास ने रिपोर्ट में बताया है कि वह रविवार प्रातः बाईक से ग्राम टापरी जा रहा था। जनाना अस्पताल के पास महावीर पुत्र रामनिवास गुर्जर व हेमराज पुत्र रतिराम पायला दोनों निवासी जीवनराम की ढ ाणी बाईक से आये और उसे रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि जैसे ही उसने बाईक रोकी तो हेमराज ने उसके ऊपर किसी नुकिली चीज से हमला कर दिया। दोनों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की व उसकी जेब में रखे 50 हजार रूपये निकाल लिये। यह भी आरोप है कि आरोपी उसको अधमरा करते हुए जाते समय उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### चोरी का मोबाइल जब्त, एक गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** जयपुर जिले मे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल द्वारा कोटपुतली अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक विद्याप्रकाश के निर्देशन व पुलिस उपाधीक्षक कोटपुतली संध्या यादव के सुपरविजन प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमे प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह ने बताया कि निर्देश के क्रम में थाना स्थानीय पर शनिवार को बावडी स्थित नीतू गार्डन होटल से एक अज्ञात व्यक्ति मोबाइल मय पर्स चोरी कर ले गया था। जिस पर पंजीकृत मुकदमा के अभियुक्त हवा सिंह पुत्र धर्मेंद्र गोस्वामी उम्र 22 साल निवासी कांकरा बर्डोद थाना बहरोड जिला अलवर को मुखबिर खास के निशानदेही पर प्रागपुरा हाईवे से गिरतार किया गया। जिसमे हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह व कांस्टेबल महेंद्र थाना प्रागपुरा का सराहनीय योगदान रहा।

### दक्ष सेवा संस्थान की मासिक बैठक

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय दक्ष सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक का आयोजन नरेश कुमावत हरिपुरा की अध्यक्षता हुआ। जिसमें समाज के युवाओं को प्रेरित एवं मार्गदर्शित करने हेतु एक मोटिवेशन सेमिनार सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस दौरान संरक्षक झाबरमल प्रजापति, उपाध्यक्ष अमरसिंह प्रजापति, महेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष रमेश प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष रामकरण प्रजापत, पूर्व सचिव दयाशंकर प्रजापति, मिडिया प्रभारी व समाजसेवी दयाराम कुमावत, ताराचंद प्रजापति, सुरेश प्रजापत सहित कार्यकारिणी सदस्य व समाज के लोग मौजूद रहे। वहीं कस्बे के राजकीय पाना देवी कन्या महाविद्यालय से प्रिया प्रजापति के महासचिव निर्वाचित होने पर हर्ष व्यक्त किया गया।

### शिविर में 123 यूनिट रक्तदान

**निवाई, (निसं)।** श्याम मंदिर परिसर में रविवार को पंछी फाउंडेशन संस्था निवाई के तत्वावधान में छठा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी रामपाल चंवरिया ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंवरियां ने कहा कि रक्तदान महादान होता हैं। सभी युवाओं को रक्तदान कर दूसरों का जीवन बचाना चाहिए। फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीषकुमार जैन बडागांव ने बताया कि रक्तदान शिविर में युवाओं ने उत्साह पूर्वक बढ चढ कर भाग लिया। इस दौरान युवाओं ने 123 यूनिट रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि शिविर में खुशबू-पुनीत संघी ने जोडे से 6 वीं बार रक्तदान किया। इस अवसर पर अक्षय जैन, शैलेंद्र जैन, पवन सोनी, संजय यादव, नरेंद्र शर्मा, सुकेश टेलर, आसू जैन, विकास जैन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### साप्ताहिक मिलन केन्द्र शुरू

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के डाबला रोड स्थित ढ ाणी सुरदासवाली के प्राचीन बालाजी मंदिर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल का साप्ताहिक मिलन केंद्र शुरू किया गया। जिसमें प्रखण्ड संयोजक महेंद्र सिंह बारेठ ने विश्व हिंदू परिषद् की स्थापना एवं उद्देश्यों से अवगत करवाया। जिसमें ढ ाणी सूरदासवाली की बजरंग दल की नवीन टोली ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान जिला सह संयोजक नेमीचंद हिन्दू, नगर सह मंत्री नरेंद्र हिन्दू, नगर सेवा प्रमुख तूफान सोनी, नगर सह संयोजक रिंकू लखेरा, हीरालाल, मोहित गोयल, संदीप सराधना, विनोद सराधना, शशिकांत सोनी, योगेश सांखला व सुंदर सराधना सहित अन्य लोग मौजूद थे।


### कार्तिक विजय ने जीता गोल्ड मेडल

**मालपुरा, (निसं)।** उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सबजूनियर बैडमिन्टन चैम्पीयनशिप में रविवार को हुए फाईनल मुकाबले में मालपुरा निवासी छात्र कार्तिक विजयवर्गीय पुत्र विजयशंकर विजय ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीत राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयनित हो क्षेत्र का नाम रोशन किया। खिलाडी छात्र कार्तिक को मिले गोल्ड मेडल व राष्ट्रीय स्तर पर हुए चयन पर समाज बंधुओं, ईष्ट मित्रों व खेलप्रेमियों ने कार्तिक को बधाई दे उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त

### प्रो. ख्वाजा इकराम कल टोंक आएंगे

**टोंक, (निसं)।** देश दुनिया के जाने-माने विद्वान प्रोफेसर ख्वाजा मोहम्मद



इकरामुद्दीन मंगलवार को टोंक तशरीफ ला रहे हैं। देश की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय जवाहर लाल नेहरू नई दिल्ली के ऑल लैंग्वेजएज विभाग के प्रोफेसर ख्वाजा वर्ल्ड उर्दू एसोसिएशन के चेयरमैन हैं। भारत सेवा संस्थान के प्रभारी मुजीब आजाद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 30 अगस्त 2022 को महान दार्शनिक दारा शिकोह की पुण्यतिथि के अवसर पर भारत सेवा संस्थान एवं राजस्थान संस्कृत अकैडमी कला एवं संस्कृति विभाग एवं अरबी फारसी शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सांप्रदायिक सद्भाव को समर्पित विशिष्ट व्याख्यान का कार्यक्रम टोंक एपीआरआई में प्रातः 11 बजे पूर्व महाधिवक्ता गिरधारी सिंह बाफना की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है।

### राजकुमार शर्मा अध्यक्ष बने

**बौंली- बामनवास, (निसं)।** ब्रह्म समाज समिति बौंली की बैठक ब्रह्म समाज के राम मंदिर में आयोजित की गई। जिसमें ब्रह्म समाज के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराने की निर्वाचन प्रक्रिया शुरू की गई। ब्रह्म समाज के वरिष्ठ प्रबुद्ध जन एवं समाजसेवी ओम प्रकाश जोशी ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही नाम सामने आया जिससे सभी समाज के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से पूर्ण विचार विमर्श करने के बाद राजकुमार शर्मा उर्फ गुड्डा को अध्यक्ष चुन लिया गया। राजकुमार शर्मा के अध्यक्ष पद पर आसीन हो जाने के बाद ब्रह्म समाज के पूर्व अध्यक्ष अशोक पचौरी, शिव कुमार पाठक, व ओम प्रकाश जोशी छोटा आदि समाज के प्रबुद्धजनों ने साफा व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

### 2.5 करोड़ में होंगे विकास कार्य

**पावटा, (निसं)।** पावटा में नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल के प्रयास रंग लाते हुए नजर आ रहे हैं। नगरपालिका शहर में विकास कार्य करवाएगी। इन विकास कार्यों के लिए 2.5 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। जिसके तहत नगरपालिका के वार्डों में सडकें, नालिया, जल भराव की समस्या से निजात दिलाई जाएंगी। इसके लिए पावटा प्रागपुरा नगर पालिका ने निविदा भी जारी कर दी है। शहर के लोगों को भी विकास की उम्मीद जगी है की शायद बुधवार से शहर में जगह जगह निर्माण कार्य शुरू होगा। वही नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी हरी नारायण और चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल ने बताया कि इसके अलावा पावटा तहसील तिराया, पावटा बडा अंडरपास, प्रागपुरा बडा अंडरपास पर जल्दी ही हाई मास्क लाईट लगवाई जायेगी।

### कुएं में डूबने से बालक की मौत

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत जौला के गांव खेड्या उर्फ शपीपुरा में रविवार की दोपहर कुएं में डूबने से एक बालक की मृत्यु हो गई। बरोनी थानाधिकारी हरिराम ने बताया कि रविवार की दोपहर गांव शपीपुरा में राजेश गुर्जर पुत्र रूपनारायण गुर्जर उम्र 17 वर्ष अपने खेत पर गया था। जहां वह खेत पर स्थित कुएं में नहाने के लिए सीढियों में उतर गया। नहाते समय वह कुंए में डूब गया। राजेश के घर पर नहीं पहुचने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। जिस पर उन्होंने कुएं में डूबने की आशंका पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस और ग्रामीणों ने बालक को निकालने का प्रयास किए लेकिन उसका शव नहीं मिला। इस पर एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलवाया। टीम ने लगातार मशक्त करके करीब डेढ घंटे बाद बालक का शव बाहर निकाल लिया। पुलिस ने शव को सीएचसी निवाई की मोर्चरी में रखवा दिया।

### सत्यनारायण जांगिड़ अध्यक्ष

**चाकसू, (निसं)।** जांगिड ब्राह्मण महासभा तहसील कोटखावदा सभा जयपुर द्वारा जांगिड समाज कोटखावदा में सर्व सहमति से निर्णय लेकर सत्यनारायण जांगिड बालमुकुंदपुरा कोटखावदा वाले को निर्विरोध तहसील अध्यक्ष चुनकर चुनाव अधिकारी द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किया गया। लल्लू लाल जांगिड चुनाव अधिकारी एवं पूर्व तहसील अध्यक्ष नाथू लाल जांगिड पूर्व तहसील अध्यक्ष नाथूलाल रूपवास दीपक जांगिड कोटखावदा हनुमान सहाय देहलाला एवं समस्त जांगिड समाज के समक्ष अध्यक्ष पद पर सत्यनारायण जांगिड को शपथ दिलवाई।

# फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले : बीडी कल्ला

**अलवर, (निसं)।** जिला प्रभारी एवं शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना सहित राज्य सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को जोडकर उन्हें लाभांवित करावे।

प्रभारी मंत्री डॉ.कल्ला रविवार को जिला परिषद के सभागार में फ्लैगशिप योजनाओं सहित अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि चिरंजीवी योजना से सभी परिवारों को जुडवाए। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी सरकारी चिकित्सालयों के प्रभारी की जिम्मेदारी तय कर निर्देशित करे कि इस योजना के तहत आईपीडी के शत-प्रतिशत क्लेम बुक कर उनका पुनर्भरण बीमा कम्पनी से कराना सुनिश्चित कराए। इससे अस्पताल की आय में इजाफा होगा जिसका उपयोग मरीजों के लिए सुविधाओं के विस्तार में करे। इसमें लापरवाही बरतने वाले प्रभारियों के विरूद्ध कार्रवाई करे। उन्होंने निर्देश दिये कि इस योजना से और प्राइवेट हॉस्पिटल्स को जोडे साथ ही जिन प्राइवेट हॉस्पिटलों में यह योजना संचालित है उन पर प्रभावी निगरानी रखे। मेवात विकास बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान ने मेवात क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम के नए स्कूल खोलने के प्रस्ताव बनाने, राशन डीलरों को नियमानुसार देय कमीशन निर्धारित समय-सीमा में ही दिया जाए, नए विद्युत कनेक्शन हेतु डिमांड नोटिस जारी होने पर शीघ्र कनेक्शन किया जाए। जिला प्रमुख बलबील सिंह छिल्लर ने चिरंजीवी योजना में सरकारी अस्पतालों में बीमा क्लेम बुकिंग को बढाने, मुण्डावर के ग्राम भाणौत में खोले गए अंग्रेजी माध्यम स्कूल को फिलहाल 5वीं तक ही अंग्रेजी माध्यम में संचालित कराने तथा बुद्ध विहार में पेयजल के निराकरण हेतु कराई गई बोरिंग के फेल होने पर दूसरी जगह नई बोरिंग कराने, किशनगढबास विधायक दीपचन्द खैरिया ने प्राइवेट हॉस्पिटलों में चिरंजीवी योजना के संचालन में बरती जा रही अनियमितताओं की जांच कराने, किशनगढबास क्षेत्रा में राशन डीलरों के प्रकरणों की पुनः जांच कराने, कृषि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने, बीसूका के उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने जल जीवन मिशन के कार्यों में गति लाने व राज्य सरकार की योजनाओं का धरातल पर प्रभावी एवं समयबद्ध रूप से क्रियान्वयन कराने के संबंध में अपने विचार रखे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा दिये जाने वाले सुझावों को अमल में लावे।

प्रभारी मंत्री ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं चिकित्सकों के साथ सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिये कि लम्पी स्किन डिजीज के संक्रमण की रोकथाम के लिए जारी गाइडलाइन की पालना करावे। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि जनता जल योजना की गति को बढाए। शेष रहे कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण कराए। जो ठेकेदार कार्यों में लापरवाही बरत रहे हैं उनके विरूद्ध कार्रवाई करें। जिनके विरूद्ध गंभीर शिकायतें हैं उनको ब्लैक लिस्ट करे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि नई स्वीकृत सडकों का निर्माण कार्य वर्षा ऋतु के तुरन्त बाद शुरू किया जाए। क्षतिग्रस्त सडकों के गढ्डों को भरवाए।

उन्होंने खाद्य सुरक्षा योजना के तहत बीपीएल एवं स्टेट बीपीएल परिवारों को राशन वितरण व्यवस्था, पालनहार योजना, विभिन्न प्रकार पेंशन योजना, किसान मित्रा योजना सहित अन्य विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने प्रभारी मंत्री को जिले में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं एवं अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों की प्रभावी मॉनिटरिंग कर विभागों से योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से कराया जाएगा। बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना समयबद्ध रूप में कराई जाएगी।



जिला प्रभारी एवं शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने फ्लैगशिप योजनाओं सहित अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को संबोधित किया।

- 'जनप्रतिनिधियों के द्वारा दिये जाने वाले सुझावों को अमल में लावे'

## जिला प्रमुख ने लंपी डिजीज के बारे में जानकारी ली

**टोंक (निसं)।** जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल ने रविवार को जिला प्रमुख आवास टोंक पर संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग टोंक डॉ. अशोक पाण्डे के साथ बैठक की। जिला प्रमुख टोंक ने वर्तमान समय में लम्पी स्किन डिजीज (गांठदार त्वचा रोग) के बारे में टोंक जिले की ब्लॉकवार विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग टोंक को निर्देशित किया कि लम्पी स्किन डिजीज अधिक नहीं फैले, इसके लिए पशुपालकों को उचित जानकारी दी जाये और रोगी पशु का तुरन्त ईलाज किया जावें। विभाग द्वारा पशुओं पर किये जा रहे सर्वे पर विस्तार से चर्चा की। संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग टोंक ने कहा कि लम्पी स्किन डिजीज गायों, भैंसो में एक विषाणु जनित संक्रामक रोग है, जिसमें पशु के पूरे शरीर पर गांठे हो जाती है। इस विषाणु का संबंध भेड एवं बकरी माता रोग के विषाणु से है तथा रक्त चूसने वाले परजीवी जैसे चीचड, जूं, मच्छर तथा मक्खियों के माध्यम से एक पशु से दूसरे पशु में फैलता है। साथ ही यह पशुओं पर अगर घाव है तो इसके माध्यम से भी फैल सकता है हालांकि इस रोग में मृत्यु दर कम (10 प्रतिशत) होती है लेकिन दुग्ध उत्पादन बहुत कम हो जाता है। उन्होंने महामारी के बारे में विस्तार से जिला प्रमुख टोंक को जानकारी दी। इसके उपरान्त नियमित जनसुवाई कार्यक्रम के तहत जिला प्रमुख आवास टोंक पर देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के श्री गणेश सेवा समिति (रामपुरा) ग्रा.पं. अलीगढ से आए ग्रामवासियों द्वारा 31 अगस्त के गणेश महोत्सव 2022 एवं ग्राम चतरपुरा ग्राम पलाई के हीरामन के धार्मिक कार्यक्रम के निमंत्रण को स्वीकार किया।

# पार्कों में ओपन जिम एवं विकास कार्यो का लोकार्पण

**अलवर, (निसं)।** वार्ड नं 7 स्थित आर्य नगर स्कीम 1 में रविवार को शहर विधायक संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं नगर परिषद सभापति घनश्याम गुर्जर वार्ड पार्षद शालिनी शर्मा मंडल अध्यक्ष रवि यादव की उपस्थिति में विधायक निधि कोष से स्वीकृत कबूतर वाले पार्क, हनुमान वाटिका वं कृष्ण वाटिका ;हरिबाबा पार्क में लगे ओपन जिमो का एवं केशव वाटिका बाल भारती स्कूल के पास वाले पार्क में किये गये जिर्णोद्धार का लोकार्पण कर वार्ड की जनता को समर्पित किया।

इस दौरान वार्ड नं 7 के आमजनों द्वारा शहर विधायक संजय शर्मा सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। वार्ड पार्षद शालिनी शर्मा ने बताया कि इन कार्यक्रमों के दौरान विधायक संजय शर्मा एवं नगर परिषद सभापति घनश्याम गुर्जर ने वार्ड की जनता की समस्याओं को भी सुना जिसमें महत्वपूर्ण रुप से पानी की समस्या के निराकरण करते हुए शहर विधायक ने वार्ड में दो बोरिंग स्वीकृत करने की घोषणा की जिन्हे जल्द ही लगा दिया जायेगा।



शहर विधायक संजय शर्मा ने पार्क जनता को समर्पित किया।



अलवर जिले के बहरोड विधानसभा क्षेत्र के पंचायत समिति प्रधान सरोज बस्तीराम यादव एवं भारतीय किसान यूनियन प्रदेश उपाध्यक्ष बस्तीराम यादव ने गांव गादोज में रविवार को प्रधान कोटे से 500000 लाख रुपए की लागत से निर्मित पेयजल हेतु नलकूप बोरिंग का उद्घाटन करने पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बस्तीराम यादव सदस्य कि किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष व सदस्य राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कहा कि पंचायत समिति कोटे से गांव में लगभग 1200000 रुपए के विकास कार्य के साथ ही आगे भी हर साल 1000000 रुपए के विकास कार्य करवाने की घोषणा की गई है। इस दौरान पूर्व प्रधान विक्रम सिंह यादव गंडाला, डेलीगेट अमर सिंह हमींदपुर, सरपंच वेद कृष्ण, नांगल खोडिया, सरपंच जोगिंदर सिंह यादव, पंचायत समिति सदस्य रमेश यादव, सरपंच कंवर सिंह खोहरी, कुलदीप कुमार गादोज, पूर्व सरपंच श्योताज यादव, धर्मेंद्र यादव बिचपुरी, किसान नेता जयपाल सोरवा, आर डी दौचानिया वकील, हरिसिंह मास्टर, सीताराम मास्टर सुरेंद्र यादव डेलीगेट, रोहिताश्व गुर्जर, मुकेश हमजापुर, विक्रम सिंह यादव सिकंदर यादव आदि जन प्रतिनिधिगण व सैकडों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक साथ छह घरों में चोरी, लाखों का सामान पार

- चोर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार
- ग्रामवासियों ने थाने पहुंचकर चोरी का मामला दर्ज कराया

**अलवर, (निसं)।** खेरली, कस्बा थाना क्षेत्र के गांव कुट्टीन साबदास में शनिवार की रात चोर एक साथ छह घरों में चोरी कर लाखों का सामान पार कर ले गए जिसका मामला गांव वासियों ने मिलकर दर्ज कराया है।

थानाधिकारी राजवीर सिंह शेखावत ने बताया कि बीती रात लगभग तीन बजे गांव कुट्टीन में चोरी की वारदात की सूचना मिली जिसपर तुरन्त जाप्ता सहित पहुंचकर कार्यवाही की। गांव वालों के साथ चोरों को ढूंढने का प्रयास किया परन्तु वे अंधेरे और बाजरे की खडी फसल का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गए। इधर चोरी के सम्बन्ध में ग्रामवासियों ने सुबह एकत्रित होकर थाने पहुंचकर छह घरों में चोरी का मामला दर्ज कराया है जिसमें सतीश मीणा के घर में कमरे में घुस अलमारी का लॉक, लॉकर तोड कर अलमारी में रखे सोने चाँदी के जेवरात सोने का हार, सोने की चैन 2 मर्दानी, जनानी दो अगुठी, सोने का पैण्डल चाँदी की करधनी, पाँजेब, चाँदी के सिक्के करीब 20-22 व नगद चालीस हजार रुपए व कुछ घरेलु कागजात तथा जीतराम पुत्र हरिचरण जाति मीणा के घर से आलमारी तोड एक जोडी पॉजेब, सोने के तीन मंगलसूत्र, छगनलाल पुत्र बोदनराम मीणा के घर से ताले को काटकर दो चाँदी की करधनी, दो जोडी पॉजेब, नगद 1500 रुपये व कुछ घरेलू कागजात, मोनू पुत्र प्रभुदयाल के घर से अलमारी में रखे दो सोने के मंगलसूत्र, चार जोडी चाँदी की साट, तीन सोने के ओम, चाँदी के लच्छा चूडी, राकेश पुत्र कृपाल मीना के घर से बक्से मे रखे चाँदी की करधनी एक जोडी पॉजेब, एक जोडी तोडिया सोट, दस हजार रूपए और कपडे, सन्तराम पुत्र काडुराम मीना के घर से एक मोटर साईकिल ले जाने का प्रयास किया लेकिन जाग होने के कारण मोटर साइकिल ले जाने में सफल नहीं हुए।

# देवस्थान मंत्री रावत ने श्याम दर्शन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** राजस्थान सरकार की देवस्थान मंत्री शकुन्तला रावत रविवार को खाटूश्यामजी पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन कर पूजा अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

इस दौरान देवस्थान मंत्री ने खाटूश्यामजी में एकादशी पर हुई भगदड की घटनास्थल की जानकारी ली। मंत्री रावत को एडिशनल एसपी रतन लाल भार्गव ने मौका मुआयना करवाया तथा घटना की जानकारी दी। वहीं रविवार को श्याम भक्तों की भीड का अवलोकन भी किया। इसके पश्चात देवस्थान मंत्री ने मिडिया से वार्ता करते हुए बताया कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और राजस्थान सरकार द्वारा गठित जांच कमेटी के संभागीय आयुक्त जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी है उन्हें सजा मिलेगी। देवस्थान मंत्री ने कहा कि रींगस से आने वाले श्याम भक्तों को सुविधाएं मिलें।राह के अन्दर पानी की व्यवस्था हो तथा जगह जगह ऐसी स्क्रीन लगे जिससे श्याम भक्त बिना किसी थकावट महसूस करें दर्शन के लिए आगे बढे इसके साथ ही सरकार रींगस से खाटूश्यामजी फोरलेन बनाने पर विचार विमर्श चल रहा है। देवस्थान मंत्री ने कहा कि प्रदेश को श्याम सरकार ही चला रहे हैं, मुख्यमंत्री और हम तो निमित्त मात्र है।देश के कोने कोने से आने वाले लाखों श्याम भक्तों की आस्था का केन्द्र है और धार्मिक आस्था के साथ ही यहां की व्यवस्था की जायेगी।इस दौरान एडीएम अनिल महिला, एसडीएम राजपाल यादव, ईओ विशाल यादव सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



देवस्थान मंत्री शकुन्तला रावत ने खाटूश्यामजी पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन कर पूजा अर्चना की और खुशहाली की कामना की।

- खाटूश्यामजी में एकादशी पर हुई भगदड की घटनास्थल की जानकारी ली

## चौरू के गौवंशों में फैला लम्पी बीमारी

**उनियारा, (निसं)।** उपखण्ड क्षेत्र की चौरु पंचायत में गौवंशों में लम्पी फैलने का गंभीर मामला सामने आया है। जो दिनों दिन बढता ही जा रहा है। जिसके कारण पशुपालकों में हडकंप मचा हुआ है। वहीं सूचना मिलने पर पशु-कम्पाउण्डर ने इलाज आरम्भ कर दिया है। जिनकी गायें है उनका घर पर ही इलाज किया जा रहा है। वहीं लावारिस गायों को पुराने पंचायत भवन में आइसोलेट करके गायों का इलाज किया जा रहा है लेकिन दिनों दिन केस कम होने की जगह बढते ही जा रहे हैं। इतना सभी कुछ होने के बावजूद भी पंचायत प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा है। अभी तक हाइपोक्लोराइट का छिडकाव नहीं किया गया है तथा पंचायत प्रशासन की लापरवाही/अनदेखी के चलते गायें पुराने पंचायत भवन में राम भरोसे आइसोलेट है।जिनकी हालत को देखते हुए ग्रामीण चंदा इकट्ठा कर उनकी सेवा करने में तल्लीन है लेकिन इतना सभी कुछ होने के बावजूद भी पंचायत के जूं तक नहीं रेंक रही है।

## सार-समाचार

### वकीलों के शिष्टमंडल ने अरदास लगाई



**सांभरझील, (निसं)।** सांभरझील को जिला बनाने की मांग को लेकर वर्ष 2012 में बार एसोसिएशन की तरफ से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सौपे गए प्रतिवेदन के आधार पर सांभर को जिला घोषित किए जाने की कामना को लेकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह खंगारोत व सचिव सुरेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में वकीलों के शिष्टमंडल ने मथुरा वृंदावन में अरदास लगाई। अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह ने बताया कि इसके लिए बार एसोसिएशन की तरफ से एक शिक्षामंडल नव जिला गठित कमेटी के अध्यक्ष रामलुभाया को विस्तृत विवरण के साथ अभ्यावेदन और सौंपा जाएगा। सचिव सुरेश शर्मा ने बताया कि सांभर प्रदेश का सबसे पुराना उपखंड है इसलिए जयपुर जिले में सांभर इसके लिए डिजर्व करता है। इस मौके पर पूर्व सचिव लक्ष्मण सिंह खंगारोत, वीरेंद्र सिंह शेखावत, एडवोकेट लोकेश शर्मा, नितिन सिकरवाल, अखिलेश दायमा, पूर्व संयुक्त सचिव दिव्यराज वीर गुर्जर, आशीष कुमावत सहित अनेक वकीलों की मौजूदगी रही।

### चबूतरे हटाने तथा नालियों की सफाई कराने की मांग

**किशनगढबास, (निसं)।** सरकार की योजना के तहत विधायक की अनुशंसा पर शहर के बाजार में 37 लाख की लागत से बनी सीसी सडक को लेकर दुकानदारों की बाजार में जल भराव की समस्या को देखते हुए मांग की थी कि चबूतरे हटाकर सडक निर्माण से पहले नालियों की सफाई कराई जाए लेकिन कार्यकारी एजेंसी पीडब्ल्यूडी होने के कारण नगर पालिका ने ना तो दुकानों के आगे नालियों पर बने चबूतरे हटाए और ना ही नालियों की सफाई कराई। अगर नगर पालिका अधिकारी चेयरमैन पार्षद चाहते तो सडक निर्माण होने से पहले नालियों की सफाई करा नाली निर्माण करा सकते थे। ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी अभियंता का कहना है विधायक की अनुशंसा पर सडक निर्माण के लिए की गई राशि स्वीकृत में सडक के साथ नाली निर्माण नहीं है। संत कंवर राम हरी मंदिर गुरुद्वारा रोड सडक का कार्य पूरा कर दिया गया है। घंटाघर रोड का कार्य प्रारंभ है इस रोड पर भी अधिकांश दुकानों के आगे से दुकानदारों ने जलभराव की समस्या को देखते हुए स्वेच्छा से चबूतरे हटा लिए हैं। दुकानदारों का कहना है कि दुकानों के आगे बनी नालियों के ऊपर लगे अधिकांश चबूतरे हटें हुए हैं। सडक के दोनों और बनी नालियों की आसानी से सफाई कराकर नालियों का निर्माण कराया जा सकता है। चबूतरे लगने के बाद ना तो सफाई हो सकेगी और ना ही नाली का निर्माण हो सकेगा।

### स्कूल क्रमोन्नति पर शिक्षामंत्री का आभार

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुसंशा पर राज्य सरकार शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार बीडी कल्ला द्वारा बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय राजनौता को उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया गया। जिस पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने विराटनगर की समस्त जनता की ओर से राज्य सरकार एवं शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला का आभार जताया। वही विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस सरकार की ओर से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सैंकडों विद्यालयों को क्रमोन्नत किया गया है, ताकि छोटे बच्चों को गांवों में ही उच्च शिक्षा मिल सके। ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे बच्चों को गांव में ही अच्छी व उच्च शिक्षा मिले, इसके लिए सरकार पूरी तरह से प्रयासरत है। इसके अलावा बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए भी सरकार पूरी तरह से प्रयास कर रही है। वही दीपक कुमार सरपंच प्रतिनिधि राजनौता, श्रवण सिंह सरपंच कारोली, नरपत सिंह उपसरपंच राजनौता, वार्डपंच व गाँव के प्रबुद्ध नागरिकों सहित जनप्रतिनिधियों व समस्त जनता ने राज्य सरकार शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार बीडी कल्ला व विधायक इंद्राज गुर्जर का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### विजयी प्रत्याशियों को दिलाई शपथ

**बहरोड/नीमराना, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय बहरोड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव पद के लिए शनिवार को मतगणना शांतिपूर्ण संपन्न हुई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ मनमोहन सिंह ने बताया कि कुल 950 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया जिसमें अध्यक्ष नितिन कुमार यादव 141 मतों से, उपाध्यक्ष पद पर अंकित 115 मतों से, महासचिव पद पर चेतन यादव 189 मतों से एवं संयुक्त सचिव पद पर कमल जांगिड 336 मतों के बडे अंतर से विजयी रहे। मतगणना के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बडी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात रहा। मतगणना के दौरान समस्त निर्वाचक मंडल डॉ विनय सिंह यादव, प्रेमपाल यादव प्रियंका यादव, इंद्रजीत यादव सहित मतगणना से जुडे संसदीय कार्य एवं कर्मचारी मौजूद रहे। चुनाव परिणाम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार शर्मा ने घोषित किया और विजयी प्रत्याशियों को शपथ दिला आचार संहिता का पालन करते हुए भविष्य में छात्र हित में कार्य करने के लिए निर्देशित किया। प्राचार्य डॉ राजेश कुमार शर्मा और मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ मनमोहन सैन ने चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने पर सभी प्रशासनिक अधिकारियों महाविद्यालय स्टाफ एवं मीडिया कर्मियों का सहयोग करने हेतु आभार व्यक्त किया।

### बाइक चोरी की वारदात का पर्दाफाश

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय थाना पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए बाईक चुराने वाले शातिर चोर व खरीदने वाले आरोपीयों को गिरफ्तार कर चोरी की गई बाईकों को बरामद किया है। थाना प्रभारी सवाई सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 4 जुलाई को दीपक सिंह पुत्र रतन सिंह राजपूत निवासी ग्राम भोजावास, सरूण्ड ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया था कि विगत 2 जुलाई को वह कस्बे में अपनी बाईक को सुबह 9 बजे एक गोदाम के पास खडी कर काम करने गया था। शाम को आकर देखा तो उसकी बाईक वहां नहीं थी। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया। घटनाक्रम में पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए मोटरसाईकिल चोरी करने वाले शातिर चोर इन्द्राज पुत्र रामेश्वर स्वामी निवासी स्वामियों की ढ्राणी, बुटेरी (बानसूर) व खरीदने वाले आरोपी शशि कुमार पुत्र इन्द्राज गुर्जर निवासी मण्डिजा, बसई थाना बानसूर को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से चोरी की गई बाईक को बरामद किया है।

### भागवत सप्ताह का समापन

**गोविंदगढ/अलवर, (निसं)।** गोविन्दगढ कस्बे में दुर्गा मंदिर में संगीत मय श्रीमद्भागवत सप्ताह एवं ज्ञान यज्ञ का समापन हुआ। कथा वाचक आचार्य सच्चिदानंद महाराज आदि व्रन्दावन धाम काम्यवन कनवाडा वालो ने कथा श्रवण करवाई। इस संगीत मय कथा का श्रद्धालुओं ने आनन्द उठाया। महिलाओं ने सुन्दर भजनों पर नृत्य कर कार्यक्रम को भक्ति मय बनाया। सात दिवसीय कथा के अंतिम दिन कृष्ण सुदामा के चरित्र का वर्णन किया तथा कृष्ण सुदामा की दोस्ती और उसका फर्ज निभाने का वर्णन सुनाया। कार्यक्रम में कृष्ण सुदामा की झांकी दिखाई गई। कथा 22 अगस्त से शुरू हुई थी जिसका समापन 28 अगस्त को हुआ। 29 अगस्त को हवन पूजन तथा विशाल भण्डारे का आयोजन भी होगा। जिसमें सभी भक्त जनों से भण्डारे के में प्रसाद लेने की विनती की गई है।

### कर्नल बैंसला की अस्थि विसर्जन यात्रा का स्वागत

**देवली (निसं)।** जनसेवा समिति संयोजक डॉ विक्रम सिंह गुर्जर ने कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की अस्थिविसर्जन यात्रा का उनियारा की सीमा नयागांव में सैंकडों लोगों के साथ स्वागत किया। इस दौरान यात्रा का स्वागत डॉ विक्रम गुर्जर के निवास ढिकोलिया, खेलनिया में भी हुआ। इस मौके पर कर्नल बैसला के पुत्र विजय बैंसला ने सैंकडों लोगों को सम्बोधित कर 12 सितम्बर को पुष्कर चलने का आव्हान किया। इसके बाद विसर्जन यात्रा सवाई भोज छात्रावास उनियारा पहुँची जहाँ डॉ विक्रम सिंह गुर्जर ने गुर्जर छात्रावास के निर्माण के लिये दो लाख रुपये नक़द देने की घोषणा की। इस अवसर पर हज़ारों लोगों को विजय बैंसला ने सम्बोधित कर शहीद परिवारों को सम्मानित किया और सभी को पुष्कर पहुँचने का निमंत्रण दिया।



एक खिलाड़ी के तौर पर इतने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाना बड़ा दिन है परंतु फिर चोट के कारण बाहर होना बहुत निराशाजनक है।
-विवेक सागर

भारतीय हॉकी खिलाड़ी, चोट के कारण राष्ट्रमंडल फाइनल नहीं खेलने पर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶

## विराट कोहली



**भारतीय** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पाकिस्तान के खिलाफ होने वालेएशिया कप मुकाबले के दौरानटी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 100 मैच पूरे कर लेंगे। विराट तीनों फॉर्मेट में 100 या उससे ज्यादा मैच खेलने वाले भारत के पहले और दुनिया के दूसरे क्रिकेटर बनने वाले हैं। कोहली ने भारत के लिए अब तक102 टेस्ट और 262 वनडेमैच खेले हैं। इस बीच विराट के करीब दोस्त एबी डिविलियर्स नेउनके 100वें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले बधाई दी है। डिविलियर्स लंबे समय तक आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए विराट के साथ खेल चुके हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** सचिन तेंदुलकर को पहला वनडे शतक बनाने के लिए 69 मैचों का और टेस्ट में दोहरा शतक बनाने के लिए लगभग 10 वर्ष का इंतजार करना पड़ा।

# भारत ने पाक को 5 विकेट से मात दी



**स्कोर बोर्ड**

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मोहम्मद रिजवान का आवेश बो हार्दिक | 43 | 42 | 4 | 1 |
| बाबर आजम का अर्शदीप बो भुवनेश्वर | 10 | 9 | 2 | 0 |
| फखर जमां का कार्तिक बो आवेश | 10 | 6 | 2 | 0 |
| इनतीखार अहमद का कार्तिक बो हार्दिक | 28 | 22 | 2 | 1 |
| खुशदिल शाह का जडेजा बो हार्दिक | 2 | 7 | 0 | 0 |
| शादाब खान पगबाधा बो भुवनेश्वर | 10 | 9 | 1 | 0 |
| आसिफ अली का सूर्यकुमार बो भुवनेश्वर | 9 | 7 | 0 | 0 |
| मोहम्मद नवाज का कार्तिक बो अर्शदीप | 1 | 3 | 0 | 0 |
| हारिस राउफ नाबाद | 13 | 7 | 2 | 0 |
| नसीम शाह पगबाधा बो भुवनेश्वर | 0 | 1 | 0 | 0 |
| शाहनवाज दहानी बो अर्शदीप | 16 | 6 | 0 | 2 |
| **अतिरिक्त :** | 5 | | | |

**कुल :** 19.5 ओवर में 147 रन पर आउट
**विकेट पतन :** 1-15, 2-42, 3-87, 4-96, 5-97, 6-112, 7-114, 8-128, 9-128, 10-147
**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर कुमार 4-0-26-4, अर्शदीप सिंह 3.5-0-33-2, हार्दिक पांड्या 4-0-25-3, आवेश खान 2-0-19-1, युजवेंद्र चहल 4-0-32-0, रविंद्र जडेजा 2-0-11-0

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का इफ्तेखार बो नवाज | 12 | 18 | 0 | 1 |
| केएल राहुल बो नसीम | 0 | 1 | 0 | 0 |
| विराट कोहली का इफ्तेखार बो नवाज | 35 | 34 | 3 | 1 |
| रविंद्र जडेजा बो नवाज | 35 | 29 | 2 | 2 |
| सूर्यकुमार यादव बो नसीम | 18 | 18 | 1 | 0 |
| हार्दिक पांडया नाबाद | 33 | 7 | 4 | 1 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 14 | | | |

**कुल :** 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 148 रन
**विकेट पतन :** 1-1, 2-50, 3-53, 4-89, 5-141
**गेंदबाजी :** नसीम शाह 4-0-27-2, शाहनवाज दहानी 4-0-29-0, हारिस राउफ 4-0-35-0, शादाब खान 4-0-19-0, मोहम्मद नवाज 3.4-0-33-3

दुबई, 28 अगस्त। भारत ने हार्दिक पांड्या (तीन विकेट, 33 रन) के हरफनमौला खेल की बदौलत पाकिस्तान को एशिया कप 2022 में रविवार को पांच विकेट से मात दी। पाकिस्तान ने भारत को 20 ओवर में 148 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे रोहित शर्मा की टीम ने दो गेंदें रहते ही हासिल कर लिया। पाकिस्तान ने 308 दिन पहले टी20 विश्व कप में भारत को इसी मैदान पर हराया था मगर भारत ने अतीत को पीछे छोड़ते हुए पाकिस्तान को इस बार पछाड़ा।

हार्दिक ने विजयी छक्का जड़ा। मैच के हीरो रहे हार्दिक पंड्या ने 3 विकेट लेने के अलावा 17 गेंदों में तूफानी अंदाज में 34 रन ठोके, जबकि रविंद्र जडेजा 29 गेंदों में 35 रन बनाकर आउट हुए। दूसरी ओर, भुवनेश्वर कुमार ने 4 विकेट झटके।

पाकिस्तान से मिले 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत कीशुरुआत खराब रही और उसने एक रन के स्कोर पर ओपनर केएल राहुल (0) का विकेट गंवा दिया। हालांकि इसके बाद कप्तानरोहित शर्मा (12) और अपना 100 20 मैच खेलने उतरे विराट कोहली(35) ने दूसरे विकेट के लिए 46 गेंदों पर 49 रनों की साझेदारी की। लेकिन दोनों बल्लेबाजों के अर्धशतकीय साझेदारी पूरी नहीं हो पाई क्योंकि मोहम्मद नवाज ने पहले कप्तान रोहित को और फिर विराट को पवेलियन भेजकर पाकिस्तान को जल्दी-जल्दी दो विकेट निकाल कर दे दिए। विराट नेशून्य पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 34 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाए। 10वें ओवर में 53 रन तक तीन विकेट गंवाने के बाद सूर्यकुमार यादव (18) और बल्लेबाजी में उपरी क्रम में भेजे गए रवींद्र जडेजा (35) ने चौथे विकेट के लिए 36 रनों की साझेदारी की। लंबीहो रही साझेदारी को एक बार फिर नसीम ने ही तोड़ा जब उन्होंने सूर्यकुमार को बोल्ड कर दिया।

भारत को अब मैच जीतने के लिए अंतिम 5 ओवरों में 51 रनों की दरकार थी और जडेजा के साथ हार्दिक पांड्या क्रीज पर मौजूद थे। यहां सेजडेजा औरपांड्या ने पांचवें विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी करके भारत को जीत की तरफ पहुंचादिया। अंतिम ओवर में भारत को 7 रनों की दरकार थी और गेंद मोहम्मद नवाज के हाथों में थी। लेकिन हार्दिक ने छक्का मारकर जीत दिला दी।

जडेजा ने 29 गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाए। हार्दिक ने 17 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 33 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। भारत ने भुवनेश्वर कुमार (चार विकेट) और हार्दिक पांड्या (तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान को 147 रन पर ऑल आउट किया। पाकिस्तान के लिये मोहम्मद रिज़वान ने सर्वाधिक 43 रन बनाये।

तीसरे नंबर पर आये फख़र ज़मान ने दो चौकों के साथ पारी का आगाज किया, लेकिन आवेश खान ने उन्हें मात्र 10 रन पर विकेटकीपर दिनेश कार्तिक के हाथों कैच कराकर पवेलियन लौटाया। तीसरे विकेट के लिये 45 रन की साझेदारी करने वाले मोहम्मद रिज़वान और इफ़्तिख़ार अहमद हार्दिक पांड्या की छोटी गेंदों का शिकार हुए। रिज़वान ने 42 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की बदौलत 43 रन की पारी खेली।

## इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

मैनचेस्टर, 28 अगस्त। इंग्लैंड ने कप्तान बेन स्टोक्स (103 रन, चार विकेट) के हरफनमौला खेल की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टेस्ट मैच में शनिवार को पारी और 85 रन से मात दी। इसी के साथ शृंखला 1-1 से बराबर हो गयी है। इंग्लैंड ने पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका के 151 रन के जवाब में 415 रन बनाकर 264 रन की बढ़त हासिल की थी। दूसरी पारी में कीगन पीटरसन (42) और रैसी वान डेर डुसेन (41) के प्रयासों के बावजूद प्रोटियाज़ 179 रन पर ऑलआउट होकर इंग्लैंड के स्कोर से 85 रन पीछे रह गयी। ओली रॉबिन्सन ने इंग्लिश गेंदबाजी की अगुवाई करते हुए चार विकेट निकाले, जबकि जेम्स एंडरसन ने तीन विकेट लिये जिसमें कप्तान डीन एल्गर का महत्वपूर्ण विकेट भी शामिल था। कप्तान स्टोक्स के ऑलराउंड प्रदर्शन का दक्षिण अफ्रीका के पास कोई जवाब नहीं था। मैन ऑफ द मैच स्टोक्स ने पहली पारी में दो विकेट लिये, और जब इंग्लैंड 147 रन पर पांच विकेट गंवा कर संकट में थी तब स्टोक्स ने शतक जड़ते हुए बेन फोक्स के साथ 173 रन की साझेदारी की। स्टोक्स ने 163 गेंदों की अपनी पारी में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 103 रन बनाये। साथ ही स्टोक्स ने दूसरी पारी में इंग्लैंड के गले का कांटा बने हुए पीटरसन और वान डेर डुसेन का विकेट भी निकाला।

## ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को पांच विकेट से हराया

टाउन्सविल, 28 अगस्त। ऑस्ट्रेलिया ने कैमरून ग्रीन (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद डेविड वॉर्नर (57) के अर्द्धशतक की बदौलत ज़िम्बाब्वे को पहले एकदिवसीय मैच में रविवार को पांच विकेट से मात दी। ज़िम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 201 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे उन्होंने 33.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर ज़िम्बाब्वे को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया और 47.3 ओवर में 200 रन पर ऑलआउट कर दिया। ज़िम्बाब्वे के ऊपरी क्रम ने टीम को मज़बूत शुरुआत दिलायी, लेकिन मध्य क्रम की असफलता के कारण वह बड़ा स्कोर नहीं बना सकी। वेस्ले माधेवेरे ने ज़िम्बाब्वे के लिये सर्वाधिक 72(91) रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके जड़े। इसके अलावा तदिवनाशे मारूमानी ने 45(61) और कप्तान रेजिस चकब्वा ने 31(33) रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कैमरून ग्रीन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए नौ ओवर में 33 रन देकर पांच विकेट लिये, जिसमें सिकंदर रज़ा (05) और चकब्वा का विकेट भी शामिल था। इसके अलावा एडम ज़ैम्पा ने तीन विकेट लिये जबकि मिचेल स्टार्क और मिचेल मार्श को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

## राहुल शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

पंजाब, 28 अगस्त। भारतीय क्रिकेटर राहुल शर्मा ने रविवार को खेल के सभी प्रारूपों से सन्यास लेने की घोषणा की। पंजाब के रहने वाले राहुल ने 2011 में वेस्ट इंडीज़ के खिलाफ अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, और वह भारत के लिये चार एकदिवसीय और दो टी20 मुकाबले खेल चुके हैं। राहुल अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से सन्यास लेने के बाद अब रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज़ में नज़र आयेंगे। राहुल ने सन्यास की घोषणा करते हुए कहा, ''यह मेरा सौभाग्य रहा है कि मैंने सबसे ऊंचे स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। मुझे इस परिवार में जगह देने के लिये बीसीसीआई का धन्यवाद। देश के लिये खेलना किसी भी खिलाड़ी का मूल लक्ष्य होता है। मैं खुश हूं कि मैं यह उपलब्धि हासिल कर सका।'' उन्होंने कहा, ''भारतीय टीम की नीली जर्सी पहनना मेरे लिये सबसे यादगार क्षण था। मैं हमेशा इस याद को संजोकर रखूंगा। गौतम गंभीर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, वीरेंद्र सहवाग, महेंद्र सिंह धोनी, युवराज सिंह, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, रोहित शर्मा, विराट कोहली और सभी खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना मेरा सौभाग्य था।''

## सैफ महिला चैंपियनशिप के लिये पुणे में तैयारी करेगी टीम

नयी दिल्ली, 28 अगस्त। भारतीय महिला फुटबॉल टीम दक्षिण एशिया फुटबॉल महासंघ (सैफ) महिला चैंपियनशिप 2022 के लिये पुणे में आयोजित तैयारी शिविर में सोमवार से शामिल होगी। यह चैंपियनशिप नेपाल में 06-19 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। भारतीय महिलाएं तीन सितंबर को नेपाल के लिये रवाना होंगी। पिछली बार की चैंपियन भारत को ग्रुप-ए में मालदीव, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। टीम अपने अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ सात सितंबर को शुरू करेगी। भारतीय टीम के कोच सुरेन छेत्री ने तैयारी शिविर के लिये 26 खिलाड़ियों की संभावित सूची तैयार की है, जिसमें अदिति चौहान, मैबम लिनथोइंगंबी देवी, श्रेया हुड्डा, सौम्या नारायणसामी को बतौर गोलकीपर, जबकि स्वीटी देवी, रितु रानी, आशालता देवी, रंजना चानू, मनीसा पन्ना, आरिफा सैयद, मिशेल कास्टान्हा, जूली किशन और संतोष को बतौर डिफेंडर शामिल किया गया है। इसके अलावा अंजू तमांग, कार्तिका अंगमुथु, प्रियंगका देवी, मार्टिना थोकचोम, संध्या रंगनाथन, काविया पक्कीरिसामी, काश्मीना, रतनबाला देवी बतौर मिडफील्डर और दुलार मरांडी, अपर्णा नारजारी, सौम्या गुगुलोथ, रेणु, किरण पिस्दा बतौर फॉर्वर्ड शिविर में शामिल हो सकती हैं।

## भारतीय टीम ने विश्व स्केट खेलों से पहले तैयारी शुरू की

जम्मू, 28 अगस्त। भारतीय पुरुष स्केटिंग टीम ने अक्टूबर में होने वाले विश्व स्केट खेलों से पहले मौलाना आज़ाद स्टेडियम के स्केटिंग रिंक में आयोजित प्रशिक्षण कैंप में तैयारी शुरू कर दी है। यह भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ द्वारा आयोजित दूसरा प्रशिक्षण कैंप है, जबकि पहला कैंप पटियाला में 15-30 जून तक आयोजित किया जा चुका है।

# हमें पूछना होगा कि क्या हम तैयार थे : हार के बाद शनाका



दुबई, 28 अगस्त। श्रीलंका क्रिकेट टीम के कप्तान दसुन शनाका ने एशिया कप 2022 में अफगानिस्तान के हाथों आठ विकेट की हार के बाद बल्लेबाजों की तैयारी पर प्रश्न खड़ा किया है। श्रीलंका ने शनिवार के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान के सामने 20 ओवर में मात्र 106 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे उन्होंने 59 गेंदें रहते हासिल कर लिया। अफगानिस्तान की ओर से फ़ज़लहक़ फ़ारुक़ी और नवीन-उल-हक़ ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए कुसल मेंडिस, पथुम निसंका और चरित असलंका के रूप में शीर्ष तीन बल्लेबाजों को मात्र पांच रन के स्कोर पर पवेलियन लौटा दिया। श्रीलंकाई टीम इससे उभर नहीं सकी और 105 रन पर ऑलआउट हो गयी। कप्तान शनाका ने मैच के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, ''हमें अपने बल्लेबाजों से पूछना होगा कि क्या वे तैयार थे। हम जानते हैं कि फारूकी गेंद को दोनों तरह से स्विंग करते हैं। नवीन-उल-हक भी ज्यादातर समय इसे स्विंग करते हैं। यह वैसा नहीं है जैसा हमारी (घरेलू) परिस्थितियों में होता है। हमें यह सवाल पूछना है कि क्या हम इसके लिए तैयार थे।''

उन्होंने कहा, ''यह वास्तव में अच्छी पिच थी। पहले दो ओवरों ने पूरी स्थिति को बदल दिया। यह पिछले दो वर्षों में चिंता का विषय रहा है कि हमने शुरुआती साझेदारियां नहीं की हैं। यही वह जगह है जहां हमें चिंतित होना चाहिए।'' शनाका ने कहा कि शुरुआती विकेट गंवाने के बाद खेल में वापस आना हमेशा मुश्किल होता है, और वह खराब प्रदर्शन के लिए कोई बहाना नहीं देंगे।

शनाका ने कहा, ''जब आप पहले ओवर में दो विकेट खो देते हैं, और पावरप्ले के अंदर (7.2 ओवर में) चार विकेट खो देते हैं, तो खेल में वापस आना वास्तव में कठिन होता है। हारना एक सामान्य बात है, लेकिन हम इतने बड़े अंतर से हारने वाली टीम नहीं हैं। उन्होंने नयी गेंद से वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन हमारे पास कोई बहाना नहीं है। आपको किसी भी स्थिति में बल्लेबाजी करने में सक्षम होना चाहिए।''

## ईरान में ट्रेनिंग लेगा 13 सदस्यीय भारतीय पुरूष मुक्केबाजी दल

नयी दिल्ली, 28 अगस्त। एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक कुमार भोरिया (51 किग्रा) और कविंदर सिंह बिष्ट (57 किग्रा) की अगुआई में 13 सदस्यीय भारतीय पुरूष मुक्केबाजी दल 28 अगस्त से ईरान में 10 दिन के ट्रेनिंग शिविर और टूर्नामेंट में भाग लेगा। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने वाले आठ एलीट पुरूष मुक्केबाज रविवार (28 अगस्त) से शुरू होने वाले इस शिविर का हिस्सा नहीं हैं। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने देश के एलीट पुरूष मुक्केबाजों के लिये इस शिविर का आयोजन किया है। इसमें 13 मुक्केबाजों के अलावा चार सहयोगी स्टाफ भी हैं। बीएफआई की विज्ञप्ति के अनुसार इसमें थाईलैंड ओपन के स्वर्ण पदक विजेता गोविंद कुमार साहनी (48 किग्रा), अनंत चोपाडे (54 किग्रा), मोहम्मद इताशा खान (60 किग्रा), सचिन (67 किग्रा), सचिन (67 किग्रा), अमित कुमार (71 किग्रा), नवीन बूरा (75 किग्रा), अर्शदीप (80 किग्रा), लक्ष्य चाहर (86 किग्रा), नवीन कुमार (92 किग्रा) और तोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने सतीश कुमार (92 किग्रा से अधिक वजन वर्ग) शामिल हैं।

## हिन्दुस्तान और रॉयल रेंजर्स जीते

नयी दिल्ली, 28 अगस्त। हिंदुस्तान क्लब ने इमरान खान और कप्तान माइक फोकु के शानदार गोलों की मदद से आधी अधूरी भारतीय वायु सेना को 2-0 से परास्त कर दिल्ली प्रीमियर लीग के दूसरे चरण में पूरे अंक अर्जित किए। अंबेडकर स्टेडियम पर दिन के दूसरे मैच में रॉयल रेंजर्स ने तरुण संघा को 3-0 से हराया। रॉयल रेंजर्स के स्टार स्ट्राइकर कांगो के डेली मकानिनो ने पहले हाफ में पेनल्टी पर गोल जमाने के बाद प्रतिद्वंद्वी गोली की चूक का फायदा उठाते हुए तेज रफ्तार दौड़ से स्कोर 2-0 कर दिखाया। दूसरे हाफ में रविराज ने लंबी दूरी का शाट जमाकर स्कोर आगे बढ़ाया।

## दुबई में भारतीय टीम से जुड़े राहुल द्रविड़



दुबई, 28 अगस्त। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ कोरोनावायरस से उभरने के बाद रविवार को टीम के साथ दुबई में शामिल हुए। द्रविड़ की अनुपस्थिति में वीवीएस लक्ष्मण भारत के अभियान की तैयारी के चरण की देखरेख कर रहे थे।

जब भारतीय टीम रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप का पहला मैच खेलेगी तब द्रविड़ डगआउट में मौजूद होंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के निदेशक लक्ष्मण के बेंगलुरु जाने की उम्मीद है, जहां वह भारत-ए टीम के साथ जुड़ेंगे जो न्यूज़ीलैंड-ए के खिलाफ एक सितंबर से शुरू होने वाली लाल गेंद शृंखला के लिये तैयारी कर रही है।

लक्ष्मण दुबई के लिये हरारे से रवाना हुई थे, जहां वह केएल राहुल के नेतृत्व वाली भारतीय टीम के कोच थे। भारत ने तब जिम्बाब्वे को 3-0 से हराया था। वह इससे पहले आयरलैंड टी20 दौरे और इंग्लैंड में पहले टी20 के लिए भी कोचिंग सेट-अप का हिस्सा थे। लक्ष्मण जिम्बाब्वे दौरे के बाद भारत लौटने वाले थे, लेकिन पिछले सप्ताह द्रविड़ को हल्के कोविड लक्षणों का अनुभव होने के बाद उन्हें कार्यभार संभालने के लिए कहा गया था।

## अवनि विश्व एमेच्योर टीम प्रतियोगिता में 44वें स्थान से शीर्ष भारतीय

पेरिस, 28 अगस्त। अवनि प्रशांत (71) 29वीं महिला विश्व एमेच्योर टीम चैम्पियनशिप में संयुक्त 44वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गोल्फर रहीं। भारतीय टीम में निश्ना पटेल (82) और स्मृति भार्गव (81) भी शामिल थीं जो संयुक्त 34वें स्थान पर रहीं। अवनि ने 75-76-73-71 के कार्ड खेलकर कुल 295 का स्कोर बनाया। वहीं निश्ना (77-77-77-82) कुल 313 के स्कोर से 113वें स्थान पर हीं और स्मृति (73-79-83-81) कुल 316 के स्कोर से 122वें स्थान पर रहीं। स्वीडन ने अमेरिका से टाईब्रेकर में जीत हासिल कर एसप्रिटो सांतो ट्राफी तीसरी बार अपने नाम की।

## भूटिया ने सिक्किम एफए का समर्थन नहीं करने के पीछे राजनीतिक दबाव का आरोप लगाया



गंगटोक, 28 अगस्त। भारत के पूर्व कप्तान और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बाइचुंग भूटिया ने रविवार को आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव के कारण उनका गृह राज्य इकाई सिक्किम एफए आगामी आम चुनाव में उनका समर्थन नहीं कर रहा है।

भारतीय फुटबॉल के सबसे बड़े दिग्गजों में से एक 45 साल के भूटिया दो सितंबर को होने वाले चुनावों में एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिए कल्याण चौबे की चुनौती का सामना कर रहे है। चौबे मोहन बागान और ईस्ट बंगाल जैसे बड़े क्लबों के पूर्व गोलकीपर है। वह बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता है और उन्हें गुजरात और अरुणाचल प्रदेश जैसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य संघों से समर्थन प्राप्त है।

भूटिया के नामांकन को आंध्र प्रदेश और राजस्थान राज्य संघों द्वारा क्रमशः प्रस्तावित और अनुमोदित किया गया था। उन्हें इसमें अपने राज्य संघ से समर्थन नहीं मिला। भूटिया को खिलाड़ी के तौर पर गोल करने की अपनी क्षमता के कारण 'सिक्किमीस स्निपर' के तौर पर जाना जाता था। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) पार्टी के नेताओं ने मेनला एथेनपा (सिक्कम एफए के अध्यक्ष) पर उनके खिलाफ वोट करने के लिए दबाव डाल रहे है। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, " मेरा मानना है कि एसकेएम पार्टी के कुछ नेता चुनाव में दखल देने की कोशिश कर रहे हैं।" भारत के पूर्व कप्तान भूटिया ने कहा, "मैं वास्तव में उनका (एथेनपा का) वोट नहीं चाहता, लेकिन राजनीति से जुड़े लोगों के दखल देने से राज्य और पूरे देश में फुटबॉल के विकास में बाधा उत्पन्न होगी।"

उन्होंने कहा, "चुनाव में अध्यक्ष (मेनला एथेनपा) अपने आप का नहीं बल्कि एसएफए का प्रतिनिधित्व करेंगे। अगर वह ईमानदारी से चाहते हैं कि फुटबॉल का विकास हो तो उन्हें सही का चयन करना चाहिये।" भूटिया ने यह भी कहा कि अगर एथेनपा सिक्किम में फुटबॉल के विकास को देखना चाहते हैं तो उन्हें अपने पद से हटने का समय आ गया है। वह इस पद पर पिछले 16 वर्षों से है।

## एआईएफएफ चुनाव : समीक्षा में सभी बीस नामांकन पत्र वैध पाए गए



नयी दिल्ली, 28 अगस्त। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के दो सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी ने रविवार को सभी 20 नामांकन पत्रों को जांच के बाद वैध पाया। ये 20 नामांकन पत्र अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए दो-दो उम्मीदवारों और कार्यकारी समिति के सदस्यों के लिए 14 उम्मीदवारों से संबंधित हैं। निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने कहा, "अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और कार्यकारी समिति के सदस्यों के नामांकन पत्रों की जांच के बाद सभी 20 नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं।"

एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष और 14 कार्यकारिणी सदस्यों के पदों के लिए चुनाव होना है। छह पूर्व खिलाड़ियों (चार पुरुष और दो महिलाओं) को बाद में मतदान अधिकार के साथ कार्यकारी समिति के सदस्यों के रूप में शामिल किया जाएगा।

उम्मीदवार मंगलवार दोपहर एक बजे से पहले अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के शीर्ष तीन पदों पर दो उम्मीदवारों के बीच सीधी लड़ाई देखने को मिल सकती। अध्यक्ष पद की दौड़ में पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे के खिलाफ पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया की उम्मीदवारी है।

निर्वाचन अधिकारी पहले ही राज्य संघों के 34 प्रतिनिधियों का निर्वाचक मंडल तैयार कर चुके हैं। राजस्थान संघ के अध्यक्ष और कांग्रेस के नेता मानवेंद्र सिंह ने एकमात्र उपाध्यक्ष पद के लिए एनए हैरिस के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए शनिवार नामांकन भरा। हैरिस कर्नाटक फुटबॉल संघ के अध्यक्ष और राज्य के मौजूदा कांग्रेस विधायक हैं। मानवेंद्र के राज्य संघ ने भूटिया की उम्मीदवारी का समर्थन किया था।

अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के तौर पर भूटिया का नाम प्रस्तावित करने वाले आंध्र प्रदेश राज्य संघ के अध्यक्ष गोपालकृष्ण कोसाराजू ने शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश के किपा अजय के खिलाफ कोषाध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के लिए एक पत्र लिखा था। सूत्रों ने हालांकि कहा कि उन्होंने नाम वापस लेने के लिए कोई फॉर्म नहीं भरा था और इसलिए उनकी उम्मीदवारी अभी भी बनी हुई है। यह ज्ञात नहीं है कि वह मंगलवार की समय सीमा से पहले नामांकन वापस लेंगे या नहीं। उन्होंने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसी दिन भूटिया और चौबे ने भी अपनी उम्मीदवारी पेश की थी।

कार्यकारी समिति के सदस्यों की समान संख्या के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने से सभी 14 उम्मीदवारों के निर्विरोध चुने जाने की संभावना है। इसमें जी पी पालगुना, अविजित पॉल, पी अनिल कुमार, वलंका नताशा अलेमाओ, मालोजी राजे छत्रपति, मेनला एथेनपा, मोहन लाल, आरिफ अली, के नेइबोउ सेखोज, लालनघिंग्लोवा हमार, दीपक शर्मा, विजय बाली और सैयद इम्तियाज हुसैन शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति के एआईएफएफ का कामकाज संभालने के दौरान होने वाले चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश करने वाले फुटबॉल दिल्ली के अध्यक्ष शाजी प्रभाकरन ने इस बार चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया। सूत्रों के मुताबिक चौबे के नेतृत्व वाले समूह के चुनाव जीतने पर प्रभाकरन एआईएफएफ के महासचिव बन सकते हैं।

उच्चतम न्यायालय ने भारत में महिला अंडर -17 विश्व कप की मेजबानी को बचाने के लिए 22 अगस्त को एक फैसले में सीओए को हटा दिया था और 36 पूर्व खिलाड़ियों को निर्वाचक मंडल में शामिल करने की अनुमति नहीं दी तथा चुनाव को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया था। खेल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा के एआईएफएफ को निलंबित करने से महिला अंडर-17 विश्व कप की मेजबानी खतरे में पड़ गई थी।

# चांद की रोशनी में हॉकी खेलकर ध्यान सिंह बने थे ध्यानचंद

झांसी, 28 अगस्त। दुनियाभर में हॉकी के जादूगर के नाम से मशहूर मेजर ध्यानचंद का मूल नाम ध्यान सिंह था, लेकिन हॉकी के प्रति उनके जुनून का नतीजा था कि वह रात के समय चांद की रोशनी में हॉकी का अभ्यास करते थे और उनकी इसी आदत के कारण उन्हें 'ध्यानचंद' नाम मिला।

'भारत रत्न' मेजर ध्यानचंद के पुत्र और अर्जुन पुरस्कार विजेता ओलंपियन अशोक ध्यानचंद ने रविवार को 'यूनीवार्ता' को बताया कि हॉकी के लिये उनके पिता की दीवानगी इस कदर थी कि दिन में समय न मिलने पर वह रात में भी ग्राउंड में चांद की रोशनी में ही हॉकी खेलने लग जाते थे। उनकी इस आदत के बाद आसपास के लोगों में यह बात मुहावरे के तौर पर कही जाने लगी कि 'चांद की रोशनी में देखो ध्यान की हॉकी।' कालांतर में चांद और ध्यान का मिश्रण कुछ इस तरह हुआ कि उनका नाम ही ध्यान सिंह से ध्यानचंद हो गया और इसके बाद देश और दुनिया में वह इसी नाम से विख्यात हो गये।

उन्होंने बताया कि मेजर ध्यानचंद की प्रारंभिक शिक्षा झांसी में ही हुई। उस समय वह झांसी में एबर्ट गंज में रहते थे। वह झांसी स्थित हीरोज ग्राउंड की पथरीली जमीन पर ही हॉकी की प्रैक्टिस करते थे। पहले इसे चांदमारी का मैदान कहा जाता था। उन्होंने इस मैदान की कठोर जमीन पर नंगे पैर ही हॉकी खेलकर खुद को एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में तैयार किया।

यही वह मैदान था जिस पर उन्होंने हॉकी से जुड़ी तकनीकी बारीकियां सीखीं। अशोक ध्यानचंद ने बताया कि उनके दादा ने खेल के प्रति बेटे की दीवानगी को देख कर उन्हें 16 साल की उम्र में ही सेना में भर्ती करा दिया। सेना में भर्ती होने के बाद ही उन्हें 'मेजर' का तमगा मिला। उन्होंने बताया कि कम लोगों को ही यह मालूम है कि ध्यान सिंह हॉकी खेलने के साथ कुश्ती भी बहुत अच्छी लड़ते थे। उन्हें हॉकी खेलने और कुश्ती लड़ने का जबरदस्त शौक था। सेना में शामिल होने के बाद उन्हें दिन में हॉकी खेलने का मौका कम ही मिल पाता था। ऐसे में वह हॉकी पर रात को चांद की रोशनी में हाथ आजमाते थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 1926 में उनका न्यूजीलैंड दौरा, पहला मौका था जब विदेश की धरती पर किसी भारतीय ने किसी विदेशी टीम के खिलाफ गोल दागा था। इस समय ध्यानचंद की मौजूदगी में भारतीय टीम ने ऐसा जबरदस्त प्रदर्शन किया कि 1920 में ओलंपिक से बाहर कर दिये गये हॉकी के खेल को 1928 के ओलंपिक में फिर से शामिल किया गया।

इसके बाद 1928 की ओलंपिक की टीम में उन्हें शामिल गया। उस समय की हॉकी 'हिट एंड रन' पद्धित पर खेली जाती थी, लेकिन भारतीय हॉकी 1926 तक पूरी तरह से स्किलफुल हो चुकी थी और ध्यानचंद इस हॉकी के शानदार खिलाड़ी थे। ओलंपिक में ध्यानचंद के विदेशी धरती पर जानदार और शानदार खेल के लोग मुरीद हो गये। इस ओलंपिक में उनके जादुई प्रदर्शन के बलबूते ही उन्हें 'हॉकी का जादूगर' कहा जाने लगा।

उन्होंने बताया कि उस समय देश गुलाम था। इसके बावजूद देश की हॉकी टीम जब किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेती थी तो 'भारतीय टीम' के रूप में ही जाना जाता था। उसे 'ब्रिटिश औपनिवेशिक भारत की टीम' या ऐसा ही कोई और नाम नहीं दिया गया था।

मेजर ध्यानचंद की जयंती 29 अगस्त को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के रूप में मनाये जाने की भारत सरकार की घोषणा का अशोक ध्यानचंद ने स्वागत करते हुए इसके लिये आभार भी प्रकट किया। उन्होंने कहा कि अच्छा यही है कि खेल दिवस का नाम किसी खिलाड़ी के नाम पर ही रखा जाना चाहिए। सरकार ने इस ओर ध्यान देकर देश भर के खिलाड़ियों को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकारें खेलों को काफी प्रोत्साहन दे रही हैं। ऐसे में बच्चों के सामने अब खेल भी एक करियर के रूप में उभर कर आ रहा है।

## सेविना फिर हारा, पहली जीत का इंतजार

मैड्रिड, 28 अगस्त। सेविला को अल्मेरिया के खिलाफ 1-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीग के मौजूदा सत्र में टीम को अब भी पहली जीत का इंतजार है। सेविला की टीम मौजूदा सत्र में तीन मैच खेल चुकी है। टीम ने ओसासुना में हार के साथ शुरुआत की और फिर वेलाडोलिड के साथ अपने मैदान पर ड्रॉ खेला।

पिछले सत्र में अधिकांश समय शीर्ष पर रहे और अंत में सत्र का अंत चौथे स्थान से करने बाद सेविला से इस सत्र में काफी उम्मीदें थीं। ओलिवर टोरेस ने 30वें मिनट में हेडर से सेविला को बढ़त दिलाई लेकिन मेजबान टीम ने 42वें मिनट में लार्गी रमजानी के गोल से बराबरी हासिल कर ली।



*जरा सोचिए नए माहौल में सोना पड़े तो क्या होगा, अजनबी आवाजों और अलग माहौल की वजह से आप रात भर करवटें बदलते रहेंगे। कुत्ते भी ऐसे ही होते हैं, अगर उन्हें किसी अनजान जगह ले जाएं तो वो सो नहीं पाते। हंगरी के वैज्ञानिकों ने हाल ही में एक शोध किया, यह पता लगाने के लिए कि क्या यह बात भेड़ियों पर भी लागू होती है? शोधकर्ताओं को कुछ आश्चर्यजनक भिन्नताएं पता चलीं। शोध के लेखक, हंगरी की इओटवोस लोरैंड युनिवर्सिटी की विविअन राइकर ने कहा कि, ''कुत्ते इंसान के साथ उद्विकास का इतिहास और सामाजिक पर्यावरण साझा करते हैं, उनके सोने के लक्षणों की भेड़ियों से, जो कुत्ते के निकटतम सम्बंधी हैं, तुलना करने से, पालतू बनाने और इंसान के साथ रहने के, कुत्तों की नींद पर हुए प्रभाव को बेहतर तरीके से समझा जा सकेगा।'' विवियन राइकर कहती हैं कि, विभिन्न प्रजातियों के जानवरों की नींद का अध्ययन करने से हमें नींद के फायदों और उन्हें प्रभावित करने वाले कारकों को समझने में मदद मिलेगी। शोधकर्ताओं ने परिवारों में पले 20 कुत्तों और इंसान द्वारा पाले गए 7 भेड़ियों पर यह शोध किया। शोधकर्ताओं ने कुत्तों और भेड़ियों की नींद में रोचक अंतर देखे। उन्होंने पाया कि कुत्ते और भेड़िए समान अवधि तक ऊनींदे रहे। लेकिन प्रमुख अंतर यह था कि, भेड़ियों ने रैपिड आई मूवमैंट (आर.ई.एम.) स्लीप में कुत्तों से ज्यादा समय खर्च किया। आर.ई.एम. के दौरान सबसे ज्यादा सपने आते हैं, यह वो चरण है जब नींद गहरी होती है और यह चरण सीखने और याद रखने की क्षमता में अहम् भूमिका निभाता है। राइकर ने कहा कि, वो कुत्ते, जिन्हें अक्सर घर के अलावा अन्यत्र सोने की आदत है, जब पहली बार स्लीप लैब में सोए तब उन्होंने नॉन आर.ई.एम. व आर.ई.एम. स्लीप स्टेज में जल्दी प्रवेश किया, उन कुत्तों की तुलना में जो घर के अलावा कहीं भी सोने के आदी नहीं थे। अर्थात् मालिकों के साथ अक्सर नई जगहों पर जाने के आदी कुत्तों की, सोने की नई जगह के प्रति प्रतिक्रिया कम थी, उन कुत्तों के मुकाबले जो सिर्फ घर में रहे थे। भेड़ियों का अध्ययन आसान था, क्योंकि सातों को मनुष्य ने पाला था और वो अपने आस-पास मनुष्यों की उपस्थिति के आदी थे। राइकर ने कहा कि, जो भेड़िए इंसान के सामीत्य के आदी नहीं होते वो आमतौर पर मनुष्य के आने पर बहुत चिंतित और उत्तेजित हो जाते हैं। राइकर ने कहा, ''युवा कुत्तों और भेड़ियों के स्लीप स्टेज का विस्तार काफी एक सा था, तथापि आर.ई.एम. स्लीप में बिताया गया समय, भेड़ियों के मुकाबले कुत्तों में कम था और बड़ी उम्र के जानवरों में यह अंतर और भी अधिक होता है।*

# राजनाथ सिंह के जापान दौरे पर चीन की निगाहें टिकीं

## चीन की मीडिया ने कहा है कि, इन बैठकों के जरिए चीन को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए

- **राजनाथ सिंह 7 सितम्बर को टोक्यो पहुंचेगे, जहां उनकी जापान के प्रधानमंत्री कीशीदा फूमीयो से भी मुलाकात हो सकती है।**

नई दिल्ली, 28 अगस्त। सीमा पर तनाव के बीच दूसरे देशों से बन रहे भारत के रिश्तों पर चीन करीबी नजर रख रहा है। इसी कड़ी में मंगोलिया और जापान दौरे पर जा रहे भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पग-पग पर उसकी नजर रहेगी। चीन से आ रहे बयानों से स्पष्ट है कि वह भारत-जापान के बीच बढ़ती दोस्ती का बिल्कुल भी हिमायती नहीं है। बता दें कि भारत और जापान के बीच 8 सितंबर को टू प्लस टू की दूसरे राउंड की वार्ता होने वाली है। इसमें भारत और जापान के विदेश व रक्षा मंत्री शामिल होंगे। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगोलिया के दो दिवसीय दौरे पर जाने वाले हैं। 6 सितंबर को होने वाले इस मीटिंग में राजनाथ सिंह की वहां के राष्ट्रपति से मुलाकात होगी। इसके अलावा मंगोलियन राष्ट्रपति ने राजनाथ सिंह के सम्मान में भोज का भी आयोजन किया है।

भारतीय रक्षामंत्री के जापान दौरे से पहले चीन की सरकारी मीडिया ने भी बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि उच्च स्तरीय बैठक की आड़ में इन दोनों देशों को किसी तीसरे देश को निशाना नहीं बनाना चाहिए। एक चीनी ऑब्जर्वर ने सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स से कहा कि बीते कुछ साल में भारत और जापान के बीच नजदीकी बढ़ी है। खासतौर पर पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के कार्यकाल में यह ज्यादा देखने को मिला था। इसके पीछे क्षेत्र में चीन के शांतिपूर्ण विकास को रोकने का मकसद हो सकता है। वहीं सिंघुआ यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय रणनीति संस्थान के शोध विभाग के निदेशक क्वेन फेंग ने कहा कि सीमा पर दोनों देशों के बीच तनाव के बाद भारत में कुछ संकीर्ण मानसिकता के लोग चीन को सुरक्षा के लिए चुनौती मानते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे ही भारतीय अमेरिका और जापान के साथ दोस्ती को बढ़ावा देते हैं। इसके पीछे उनका मकसद चीन पर नियंत्रण रखना होता है। चीन को इससे सतर्क रहना चाहिए।

मंगोलिया के साथ बातचीत के दौरान यहां भारत के सौजन्य से बन रही रिफाइनरी पर चर्चा होने की उम्मीद है। यह मंगोलिया की सबसे बड़ी रिफाइनरी है और इसे 1.2 बिलियन डॉलर की लागत से तैयार किया जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि यह रिफाइनरी 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगी। मंगोलिया के डोर्नोगोबी प्रांत में इसके निर्माण के बाद यहां की 75 फीसदी जरूरतें पूरी हो सकेंगी। इसके अलावा राजनाथ सिंह छह सितंबर को एक साइबर सिक्योरिटी सेंटर का भी उद्घाटन करेंगे। इस साइबर सिक्योरिटी सेंटर को बनाने में भारत ने मंगोलिया के रक्षा मंत्रालय की मदद की है।

साल 2015 में चीन के दौरे के बाद पीएम मोदी मंगोलिया पहुंचे थे तब दोनों देशों के बीच इसको लेकर एक एम.ओ.यू. पर दस्तखत हुए थे। इसके मुताबिक भारत मंगोलिया के रक्षा मंत्रालय के लिए साइबर सिक्योरिटी ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करेगा। साथ ही इसके लिए लोगों को ट्रेनिंग भी देगा। मोदी के इस दौरे में ही भारत-मंगोलिया के द्विपक्षीय संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने संबंधी बातें हुई थीं। भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मंगोलिया के रक्षा मंत्री गुरसेद सैखानबायार और पार्लियामेंट स्पीकर गोम्बोजाव जांदांश्तार से भी मिलेंगे। इसके बाद राजनाथ सिंह 7 सितंबर को टोक्यो के लिए रवाना होंगे। चीन और रूस के बाद मंगोलिया भारत को अपना तीसरा और आध्यात्मिक पड़ोसी मानता है।

### भुज में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के नारे लगाये। प्रधानमंत्री ने कार से उतरकर लोगों का अभिनंदन किया और हाथ भी मिलाए।

बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए सुबह से खड़े हो कर इंतजार करते रहे और इस यादगार मौके को अपने मोबाइल फोनों में कैद किया।

सूत्रों के अनुसार भुज चुनाव प्रचार दौरान के बच्चों, बुजुर्गों, युवाओं सभी से हाथ मिलाते नजर आए मोदी। प्रधानमंत्री से मिलने के लिए महिलाएं भी अधिक संख्या में पहुंची उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरन उन्होंने अपने सिर पर क्लश रखा हुआ था, साथ ही कुछ महिलाओं ने मोदी से हाथ भी मिलाया।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। गुजरात चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी के सभी बड़े नेता चुनाव प्रचार में लगे हैं। मोदी की भी इस राज्य में ताबड़तोड़ रैलियां चल रही हैं।

# नए करोना संक्रमितों की संख्या में कमी आई राजस्थान में

## पिछले सप्ताह में नए संक्रमितों का दैनिक आंकड़ा आठ सौ से कम होकर चार सौ के नीचे आ गया है

- **राज्य में रविवार को 338 नए संक्रमित मिले, इससे पहले शनिवार को 393 रोगी पाए गए थे**
- **राजधानी जयपुर में अभी भी रोजाना सौ से अधिक नए मरीज मिले रहे हैं।**

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में करोना संक्रमितों की संख्या में कमी आई है। राज्य में पिछले सप्ताह में नए संक्रमितों का आंकड़ा आठ सौ से कम होकर चार सौ के नीचे आ गया है। इधर प्रदेश में रविवार को भी थोड़ी और गिरावट के बाद 338 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं साढ़े चार सौ से अधिक रोगी ठीक हुए हैं।

प्रदेश में रविवार को 20 जिलों में 338 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को 393 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में अभी भी रोजाना सौ से ज्यादा नए संक्रमित मिल रहे हैं। जिले में पिछले चौबीस घंटों में 118 नए मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा भरतपुर में 36, अलवर में 33, उदयपुर में 21, जोधपुर में 20, नागौर व दौसा में 17-17, अजमेर में 15, भीलवाड़ा में 11, सिरोही में 9, डूंगरपुर में 8, पाली में 7, चित्तौड़गढ़ में 5, बूंदी, जालोर व झालावाड़ में 4-4, बीकानेर व सीकर में 3-3, कोटा में 2 तथा बारां में एक नया संक्रमित मिला है।

प्रदेश में लगातार रिकवरी में सुधार होने से एक्टिव केस कम हो रहे हैं। रविवार को भी नए संक्रमितों से अधिक 453 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 3231 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में भी आज अच्छी रिकवरी हुई है। इस दौरान जिले में 246 मरीज ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 1050 रह गए हैं। इसके अलावा भरतपुर में 338, अलवर में 275, जोधपुर में 210, दौसा में 159 और अजमेर में 120 लोगों का इलाज चल रहा है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9624 संक्रमितों की मौत हो चुकी है।

जयपुर में रविवार को 37 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 15 संक्रमित सांगानेर में मिले हैं। इसके अलावा जगतपुरा में 11, मालवीय नगर व सोड़ाला में 10, वैशाली नगर में 9, मानसरोवर में 8, बस्सी व तिलक नगर में 5-5, अजमेर रोड, बनीपार्क, दुर्गापुरा, कोटपूतली व सिरसी में 3-3, आदर्श नगर, झोटवाड़ा, खातीपुरा व मुरलीपुरा में 2-2 तथा आगरा रोड, बापू नगर, बनेड़ा, ब्रह्मपुरी, सी-स्कीम, चाकसू, चांदपोल, सिविल लाइन, दूदू, गोपालपुरा, गोविंदगढ़, इमली फाटक, जवाहर नगर, कालवाड़ रोड, कालवाड़, महेश नगर, रामगंज, सिंधी कैंप और टोंक फाटक इलाके में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 3 संक्रमितों का पता गलत मिला है।

# श्रद्धालुओं की ट्रैकटर-ट्रॉली की ट्रक से भिड़ंत

- **6 श्रद्धालुओं की दुर्घटना में मौत हो गई व 34 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।**

नैनीताल, 28 अगस्त (वार्ता)। उत्तराखंड के उधमसिंह नगर में संगत में जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्राली को एक ट्रक के टक्कर मारने से हुई भीषण दुर्घटना में एक ही गांव के छह लोगों की मौत हो गयी जबकि 34 से अधिक लोग घायल हो गये हैं। घायलों में दो की हालत गंभीर है।

उधमसिंह नगर के जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने बताया कि उधमसिंह नगर के शक्तिफार्म के बसुधर व आसपास गांवों के लोग एक ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर सुबह संगत में भाग लेने के लिये उत्तम नगर गुरूद्वारा जा रहे थे। ट्राली में 40 से अधिक लोग सवार थे। ट्रैक्टर ट्राली जैसे ही उ.प्र. व उधमसिंह नगर बार्डर पर स्थित सिरसा मोड़ पर पहुंची, एक ट्रक ने ट्राली को पीछे से टक्कर मार दी।

# बाल्टिक सागर में 1 लाख टन रासायनिक हथियार होने की संभावना

## ये रासायनिक हथियार द्वितीय विश्व युद्ध के समय से बाल्टिक सागर की तह में समाये हुए थे

- **यूरोप में पड़ी भीषण गर्मी के कारण बाल्टिक सागर का जलस्तर कम होने लगा है और अब इन रासायनिक हथियारों के ऊपर आ जाने से दिखने की आशंका है।**

वारसॉ, 9 अगस्त (वार्ता)। यूरोप में भीषण गर्मी के कारण तलाब व नदी और तालाब सूखने लगे हैं। इस बीच खबर है कि, बाल्टिक सागर सूखने के कारण द्वितीय विश्व युद्ध के बाद नाजी जर्मनी के 1,00,000 टन हथियार दिखने लगे हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद नाजी जर्मनी के 1,00,000 टन रासायनिक हथियार अपरिहार्य जंग के कारण बाल्टिक सागर के तल में पड़े होने की आशंका जतायी गयी है जिससे कभी भी पर्यावरणीय आपदा का खतरा उत्पन्न हो सकता है।

पोलिश समाचार पत्र गजेटा वायबोर्जा ने जानकारी दी। अखबार ने कहा कि बाल्टिक समुद्र तल पर ढेर की गई खनिजों, बैरल और बमों की सही मात्रा का अनुमान लगाना मुश्किल है। फिर भी रासायनिक हथियारों का वजन 40,000 से 100,000 टन के बीच हो सकता है। गजेटा वायबोर्जा के अनुसार विचाराधीन रासायनिक हथियार मुख्य रूप से सरसों गैस के बैरल और विमानन बम और रासायनिक युद्ध एजेंटों, मुख्य रूप से सरसों और आर्सेनिक युक्त खदानें हैं।

समाचार पत्र ने पोलिश एकेडमी ऑफ साइंसेज द्वारा किए गए एक अध्ययन के हवाले से कहा है कि एक सरसों गैस बम 70 मीटर (230 फीट) तक के दायरे में पानी को प्रदूषित कर सकता है, जिससे वनस्पतियों और जीवों की मौत हो सकती है।

अमेरिका, ब्रिटेन और सोवियत संघ के विशेष रूप से बनाए गए त्रिपक्षीय आयोग के निर्णय से द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहले वर्षों में नाजी रासायनिक हथियारों को बाल्टिक सागर में दफनाया गया था।

# 'भारत 2047 तक ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो जायेगा'

- **प्र.मंत्री मोदी ने कहा कि, ई.वी. और रिन्यूएबल एनर्जी को एक मिशन के तौर पर चलाया जा रहा है।**

गांधीनगर, 28 अगस्त (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि भारत का लक्ष्य आगामी 25 वर्षों में ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनना है और इसके लिए नवान्वेषण एवं वैकल्पिक साधनों को हर संभव बढ़ावा दिया जाएगा।

मोदी ने यहां महात्मा मंदिर सभागार में मारुति सुज़ुकी के इलैक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी विनिर्माण संयंत्र के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भारत में जापान के राजदूत सातोशी सुज़ुकी, जापानी कंपनी सुज़ुकी मोटर्स के अधिकारी आदि मौजूद थे।

मोदी ने यहां समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और भारत के लोगों के साथ सुज़ुकी का पारिवारिक रिश्ता अब 40 वर्ष का हो गया है। आज एक ओर गुजरात में इलेक्ट्रिक व्हीकल बैटरी के विनिर्माण के लिए एक विशाल संयंत्र का शिलान्यास हो रहा है साथ ही हरियाणा में नये कार विनिर्माण संयंत्र की शुरुआत भी हो रही है। ये विस्तार सुजुकी के लिए भविष्य की अपार संभावनाओं का आधार बनेगा।

उन्होंने कहा कि मारुति-सुजुकी की सफलता भारत-जापान की मजबूत साझीदारी का भी प्रतीक है। बीते आठ वर्षों में तो हम दोनों देशों के बीच ये रिश्ते नई ऊंचाइयों तक गए हैं। आज गुजरात-महाराष्ट्र में बुलेट ट्रेन से लेकर उत्तर प्रदेश में बनारस के रुद्राक्ष सेंटर तक, विकास की कितनी ही परियोजनाएं भारत-जापान दोस्ती का उदाहरण हैं।

प्रधानमंत्री ने भारत एवं जापान के बीच बहुआयामी एवं जीवंत मित्रता के लिए जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को याद करते हुए कहा, इस दोस्ती की जब बात होती है, तो हर एक भारतवासी को हमारे मित्र पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय शिंजो आबे जी की याद जरूर आती है।

### अमेरिका...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अत्याधुनिक तकनीकि से अपग्रेड किया जा चुका है। भारतीय वायु सेना के सामने यह पहली बार 2016 में प्रस्तुत किया गया था। सेना ने वर्ष 2021 में इसे अपने बेड़े में शामिल कर लिया है। इसके साथ ही मिग-21 को बार-बार दुर्घटनाग्रस्त होने के चलते रिटायर कर दिया है। अब भारत के पास तेजस, राफेल, मिग-29 और सुखोई नामक फाइटर जेट हैं।

तेजस फाइटर जेट की टेक्नॉलोजी चीन, दक्षिण कोरिया और रूस से भी अधिक एडवांस है।

इसको बनाने वाले हिंदुस्तान एअरोनॉटिक्स लिमिटेड (एच.ए.एल.) के प्रबंधन निदेशक आर माधवन के अनुसार तेजस फाइटर जेट ने अत्याधुनिक टेक्नॉलोजी से लैस होने की वजह से ही चीन, रूस और दक्षिण कोरिया के फाइटर जेटों की ग्लोबल मार्केट को डाउन कर दिया है। यही वजह है कि मलेशिया ने भारत से 18 तेजस फाइटर खरीदने की इच्छा जताई है।

# कर्नाटक भाजपा में नया अध्यक्ष बनाने की राजनीति तेज हुई

## येदियुरप्पा को कर्नाटक भाजपा की कमान दिये जाने की चर्चाएं जोरों पर है

- **कर्नाटक में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए नया अध्यक्ष बनाने की कवायद भाजपा के लिए प्राथमिकता होगी।**

बैंगलुरू, 28 अगस्त। कर्नाटक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नलिन कतील का कार्यकाल रविवार को खत्म हो रहा है। इसके साथ ही इस दक्षिणी राज्य में नए प्रदेश अध्यक्ष को चुनने के लिए पार्टी ने कवायद तेज कर दी है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा इन दिनों दिल्ली में ही मौजूद हैं। बीते कुछ समय में वह यहां पर पार्टी के कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और राष्ट्रीय संगठन सचिव बी.एल. संतोष शामिल हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि शुक्रवार तक भाजपा कर्नाटक के नए प्रदेश अध्यक्ष पर फैसला कर लेगी। प्रदेश में होने वाले चुनाव से पहले होने वाले इस बदलाव के साथ यह भी साबित हो जाएगा कि कर्नाटक में बी.एस. येदियुरप्पा की कितनी चलने वाली है। कर्नाटक के नए भाजपा अध्यक्ष की रेस में फिलहाल कई नाम शामिल हैं। इनमें येदियुरप्पा की पूर्व सहयोगी और केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सी.टी. रवि, राज्य ऊर्जा मंत्री सुनील कुमार करकला और पूर्व राज्य मंत्री अरविंद लिंबावली के नाम शामिल हैं।

हालांकि येदियुरप्पा ने इस बात से इंकार किया है कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मीटिंग के वक्त कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष के बारे में चर्चा हुई है। लेकिन राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर देखते हुए यह पार्टी के लिए बड़ी प्राथमिकता होगी। गौरतलब है कि हाल ही में येदियुरप्पा को फिर से भाजपा के पार्लियामेंट्री बोर्ड में शामिल किया गया है। ऐसे में उनके पास अपनी ताकत दिखाने का यह बड़ा मौका होगा। हाल-फिलहाल इस दक्षिणी राज्य में कतील के लिए माहौल अनुकूल नहीं रह गया है। भाजपा में अंदरखाने उनके खिलाफ आवाज उठने लगी हैं। हालांकि यह भी कहा जाता है कि कतील को जब कतील ने कर्नाटक भाजपा की कमान संभाली थी तो उन्हें राष्ट्रीय संगठन सचिव बी.एल. संतोष का समर्थन था।

# 'कठपुतली अध्यक्ष बना तो, कांग्रेस बर्बाद हो जायेगी'

## जी-23 गुट के नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि, सिर्फ अध्यक्ष ही नहीं अन्य पदों पर भी चुनाव होने चाहिए

- **महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री चव्हाण ने कहा कि, कांग्रेस को बचाने के लिए कई अहम कदम उठाने की जरूरत है।**
- **उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी अगर अध्यक्ष नहीं बनना चाहते तो उन पर दबाव डालने की क्या जरूरत है।**

मुंबई, 28 अगस्त। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और जी-23 गुट के नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने अध्यक्ष पद को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई कठपुतली अध्यक्ष बनाया गया तो कांग्रेस बच नहीं पाएगी। चव्हाण ने यह भी कहा कि सिर्फ अध्यक्ष पद नहीं, बल्कि सभी पदों के लिए चुनाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बचाने के लिए अहम कदम उठाए जाने की जरूरत है और पिछली सीट पर बैठने से काम नहीं होगा। बता दें कि जी-23 के नेता गुलाम नबी आजाद ने हाल ही में कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि अगर राहुल गांधी अध्यक्ष नहीं बनना चाहते हैं तो उनके ऊपर इतना दबाव क्यों डाला जा रहा है? गौरतलब है कि मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कुछ पार्टी नेता लगातार बयान दे रहे हैं कि वह राहुल गांधी पर दबाव डालेंगे कि वह अध्यक्ष पद स्वीकार करें। चव्हाण ने इन बयानों पर ही टिप्पणी की है। वहीं गुलाम नबी आजाद के इस्तीफे को उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में चुनाव होने वाले हैं। साथ ही उन्होंने जम्मू कश्मीर में तारिक हमीद कर्रा को पी.ए.सी. का हेड बनाए जाने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि गुलाम नबी आजाद को अपमानित करने की कोई जरूरत नहीं थी।

गुलाम नबी आजाद के इस्तीफे में लगाए गए आरोपों के बारे में पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि इसमें बहुत सी बातें निजी स्तर की हैं। मैं इन पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। हालांकि उन्होंने कहा कि अगस्त 2020 में उठाए गए मुद्दे सही हैं। हम आज भी उन पर कायम हैं। चव्हाण ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि अगर राहुल गांधी ने कह दिया कि न तो वह और न ही परिवार से कोई अन्य सदस्य अध्यक्ष बनने का इच्छुक है तो हम उनकी बात का भरोसा क्यों नहीं कर रहे हैं? अगर वह इस पद पर नहीं रहना चाहते तो कोई दूसरी वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है। गौरतलब है कि गुलाम नबी आजाद के इस्तीफे के बाद से ही कांग्रेस में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।

### चीन की...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

'मध्य रेखा' को पार किया था, जो ताइवान और चीन के बीच एक अनौपचारिक समुद्री सीमा है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा, पहचाने गए विमानों में से 10 ताइवान जलडमरू मध्य की मध्य रेखा के पूर्वी भाग में उड़ गए थे।

चीनी राष्ट्रवादी पार्टी (कुओमितांग) का गढ़ बनने के बाद ताइवान चीन से अलग हो गया, जिसे 1949 में एक गृहयुद्ध में कम्युनिस्ट पार्टी से हार का सामना करना पड़ा था। चीन और ताइवान ने 1980 के दशक के अंत में व्यापार और अनौपचारिक संपर्क फिर से बहाल किया।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की 2-3 अगस्त को ताइवान के दौरे के बाद ताइवान के आसपास स्थिति तनावपूर्ण हो गयी है। इस यात्रा के बाद 14 अगस्त को अमेरिकी सीनेटर एडवर्ड जे. मार्के के नेतृत्व में एक अन्य अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल और 21 अगस्त को अमेरिकी राज्य इंडियाना के गवर्नर एरिक होलकोम्ब की यात्रा के बाद चीन ताइवान के पास सैन्य युद्धाभ्यास शुरू कर दिया।

### इस्तीफा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

छठे नेता हैं जिन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है और आजाद के साथ गए हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908